हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 30.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 242 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

### असम में मुख्यमंत्री का चुनावी शंखनाद : आदिवासी एकजुटता पर दिया जोर

## आदिवासी कमजोर नहीं, सत्ता बदलने की ताकत रखते हैं : हेमन्त सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** असम में चुनावी सरगर्मी के बीच मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने प्रचार अभियान को तेज करते हुए डिब्रूगढ़ जिले के तिंगखोंग और सोनारी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी प्रत्याशी महावीर बासके और बलदेव तेली के समर्थन में जनता से वोट की अपील की और कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। अपने संबोधन में हेमन्त सोरेन ने असम के चाय बागान श्रमिकों की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लगभग 200 वर्षों से राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहे ये श्रमिक आज भी न्यूनतम सुविधाओं और अधिकारों से वंचित हैं। उन्होंने मजदूरी में भारी असमानता का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जहां असम में श्रमिकों को लगभग 250 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, वहीं अन्य राज्यों



### चाय बागान श्रमिकों के हक पर हो रहा हमला : सीएम

में यह कहीं अधिक है। सोरेन ने यह भी कहा कि चाय बागान श्रमिकों को आज तक भूमि अधिकार, बेहतर आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने इस समुदाय का केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में आदिवासी समाज के शोषण का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय को बार-बार राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन उनके अधिकारों की अनदेखी की जाती है।

उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अब समय बदलाव का है और आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने झारखण्ड के आंदोलन का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह संघर्ष के बल पर राज्य का निर्माण हुआ, उसी तरह अब असम में भी अधिकारों की लड़ाई लड़ी जाएगी।

हेमन्त सोरेन ने आदिवासी समाज की ताकत को रेखांकित करते हुए कहा कि यह समुदाय न केवल सत्ता बनाने बल्कि उसे बदलने की क्षमता भी रखता है। उन्होंने कहा कि अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रहेगा और समाज अपने हक लेकर रहेगा।

सोनारी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित सभा में उन्होंने विकास की परिभाषा पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हर घर तक खुशहाली पहुंचनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को अवसर, मजदूरों को सम्मान और स्थानीय समुदाय को अधिकार देने की बात कही। सभा के अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि वे झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर बदलाव की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस दौरान बड़ी संख्या में चाय बागान श्रमिक, आदिवासी समुदाय के लोग और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे : शाह

एजेंसी

**सोनितपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा, आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो। आपको एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए। आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए। उन्होंने कहा, एक तरफ भाजपा है, जिसने पिछले दस सालों में असम को आतंकवाद से मुक्त किया है। इसके विपरीत, कांग्रेस के शासन के दौरान असम ने बम धमाके, गोलीबारी और कई युवाओं की दुखद मौतें देखीं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने असम में शांति स्थापित की है और 10,000 युवाओं को हथियार छोड़ने और



एक बेहतर भविष्य अपनाने में मदद की है।

जनसभा में अमित शाह ने घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा, हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। हालांकि, पिछले दस सालों में हम और घुसपैठ रोकने में कामयाब रहे हैं। लेकिन सिर्फ घुसपैठ रोकना ही काफी नहीं है। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो लोग अवैध रूप से घुसे हैं, उन्हें भी असम से हटाया जाए। ये घुसपैठिए हमारे युवाओं से रोजगार के अवसर छीन रहे हैं और उन संसाधनों का उपभोग कर रहे हैं जो सही मायने में असम के लोगों के हैं।

उन्होंने कहा कि असम की जमीन पर घुसपैठियों का कोई वैध दावा नहीं है। जनता से समर्थन मांगते हुए अमित शाह ने कहा कि अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं।

इसी दौरान, अमित शाह ने कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, एसआईआर पूरे देश में लागू किया जा रहा है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी इसका विरोध कर रहे हैं। अगर गौरव गोगोई आते हैं, तो उनसे जरूर पूछा जाना चाहिए कि वे उनके खिलाफ क्यों हैं। मतदाता सूचियों से घुसपैठियों के नाम हटाना जरूरी है। हालांकि, गौरव गोगोई असमिया वोट हासिल करने के लिए इन लोगों को बचाना चाहते हैं। गौरव, क्या तुम घुसपैठियों के साथ खड़े हो, या उनके खिलाफ? केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने गोपीनाथ बोरदोलोई को भी याद किया।

### एक नजर

### तृणमूल की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने मालदा के पर्यवेक्षक को हटाया

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले निर्वाचन आयोग ने प्रशासनिक कदम उठाते हुए मालदा में तैनात एक पुलिस पर्यवेक्षक को हटा दिया है। यह कार्रवाई सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस की शिकायत के बाद की गयी है। इसके साथ ही पांच अन्य पुलिस पर्यवेक्षकों का भी तबादला कर दिया गया है। पुलिस पर्यवेक्षक जयंत कांत पर आरोप था कि उनकी पत्नी बिहार के जमुई जिले में भाजपा नेता हैं। बंगाल चुनाव में जयंत कांत कोमालदा के चार संवेदनशील मतदान केंद्र मानिकचक, मोथाबारी, सुजापुर और वैष्णवनगर में पुलिस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि जयंत कांत की पत्नी बिहार में भाजपा की नेता हैं, जिससे उनकी निष्पक्षता पर सवाल उठता है। पार्टी नेताओं ब्रात्य बसु और पार्थ भौमिक ने संवाददाता सम्मेलन इस मुद्दे को उठाया था और सबूत के तौर पर तस्वीरें भी जारी की थीं। शिकायत की जांच के बाद चुनाव आयोग ने जयंत कांत को हटा कर उनकी जगह आइपीएस अधिकारी हृदय कांत को नियुक्त किया है, जो बिहार कैडर के अधिकारी हैं।

### पंजाब के मलेरकोटला में दो आतंकी गिरफ्तार

**मलेरकोटला :** पंजाब के मुस्लिम बहुल मलेरकोटला जिले से दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पाकिस्तान से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से गिरफ्तार किया गया, जहां वे कई वर्षों से किराये पर रहते थे। पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों को शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि अभी तक पुलिस ने इस मामले में आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। पंजाब पुलिस की ओर से चलाये जा रहे नशे के विरुद्ध अभियान के दौरान पकड़े गए एक नशा तस्कर की गिरफ्तारी के बाद इन दोनों के बारे में पता चला था।

## ईरानी मिसाइल हमले में बर्बाद हुआ अमेरिकी ए-3 सेंट्री एयरक्राफ्ट



एजेंसी

**तेहरान :** सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिका की सैन्य क्षमताओं को बड़ा झटका दिया है। 27 मार्च को हुए इस हमले में अमेरिकी वायुसेना का बेहद अहम ई-3 सेंट्री AWACS विमान क्षतिग्रस्त हो गया, साथ ही हवा में ईंधन भरने वाले कई टैंकर विमान भी इस हमले की चपेट में आए। ईरान के दावे के मुताबिक उसके इस हमले में 10 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर सामने आई तस्वीरों में ई-3 सेंट्री AWACS विमान को भारी नुकसान पहुंचा दिख रहा है। हालांकि, अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड ने इस घटना पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग ने भी अपने हैंडल से हमले में बर्बाद हुए इस विमान की तस्वीरें पोस्ट की हैं। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, हमले से पहले इस बेस पर करीब छह ई-3 सेंट्री विमान तैनात थे। यह एक सर्विलांस विमान होता है, जिसका इस्तेमाल आसमान से दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखने और संभावित खतरे का पता लगाने के लिए होता है। ईरानी हमले में इस महत्वपूर्ण विमान को हुए नुकसान से क्षेत्र में अमेरिका के एरियल ऑपरेशन की क्षमता को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं।

## डेडलाइन से 2 दिन पहले 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर



एजेंसी

**सुकमा :** सुकमा जिले के पोलमपल्ली थाना क्षेत्र के जंगलों में रविवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ में 5 लाख का इनामी नक्सली कमांडर मारा गया है। सुकमा के एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में जवानों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग हुई। मुठभेड़ के बाद इलाके की तलाशी लेने पर एक नक्सली का शव हथियार सहित बरामद किया गया। मृत नक्सली की पहचान 5 लाख रुपये के इनामी पीपीसीएम कैडर के प्लाटून नंबर 31 के सेक्शन कमांडर मूचाकी कैलाश के रूप में हुई है। वह पूलनपाड़ गांव, चिंतलनार थाना क्षेत्र का निवासी था।

पुलिस के अनुसार, मूचाकी कैलाश कई बड़ी नक्सली वारदातों में शामिल रहा था, जिनमें नागरिकों की हत्या, सुरक्षाबलों पर हमले और आईईडी विस्फोट की साजिशें शामिल हैं।

### जेन-जेड आंदोलन में शहीद 27 छात्रों के परिवारों को मिली नौकरी

**काठमांडू :** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेन शाह ने बड़ा फैसला लेते हुए जेन-जेड आंदोलन में मारे गए 27 छात्रों के परिवारों को सरकारी नौकरी देने का ऐलान लागू कर दिया है। 8 सितंबर को हुए इस आंदोलन के दौरान पुलिस फायरिंग में 19 छात्रों की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि 8 छात्रों ने बाद में अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश फैल गया था और सरकार पर लगातार दबाव बन रहा था। प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे को प्राथमिकता दी। बैठक में तय किया गया कि सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

### पश्चिम बंगाल चुनाव के मिए कांग्रेस ने जारी की 284 उम्मीदवारों की सूची

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी ने राज्य की कुल 294 सीटों में से 284 सीटों पर प्रत्याशियों का एलान किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी को बहरामपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, मौसम नूर को मालतीपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिया गया है। भवानीपुर सीट से कांग्रेस ने ममता बनर्जी के खिलाफ प्रदीप प्रसाद को मैदान में उतारा है। हेमताबाद से अनामिका राय को, जंगीपुर से मोहम्मद इमरान अली को, तूफानगंज से देबेंद्रनाथ को और दिनहाटा से हरिहर राय को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने दार्जिलिंग से माधव राय, सुजापुर से अब्दुल हन्नान, दम दम से सुष्मिता बिस्वास, डायमंड हार्बर से गौतम भट्टाचार्य को भी उम्मीदवार बनाया है।

### 60 फीसदी सीटों पर नहीं लगेगा अतिरिक्त शुल्क : डीजीसीए

**नयी दिल्ली :** डीजीसीए के अनुसार 20 अप्रैल से एयरलाइंस किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी। इसके साथ ही वे एक पारदर्शी सीट आवंटन नीति भी बनाएंगी। नागर विमानन मंत्रालय ने 18 मार्च को डीजीसीए को निर्देश जारी किए थे कि वह एयरलाइंस को किसी भी उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें यात्रियों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के आवंटित करने का निर्देश दे।

## मन की बात : ऊर्जा संकट पर पीएम की अफवाहों से बचने की अपील

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संघर्ष की वैश्विक स्थिति और ऊर्जा संकट पर चिंता जताते हुए रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम से एक बार फिर देशवासियों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष के कारण पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। ऐसे समय में अफवाहों से दूर रहना और आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करना जरूरी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वे एपिसोड में रविवार को यह बातें कहीं। उन्होंने खाड़ी देशों के संघर्ष के बीच वहां रह रहे भारतीयों की संभाल के लिए दिए सहयोग पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की ऊर्जा आवश्यकताएं इस क्षेत्र से जुड़ी हैं, जिससे मौजूदा संघर्ष का असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों का उपयोग कर स्थिति का सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस विषय पर राजनीति करने से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ लोगों से जुड़ा मुद्दा है और इसमें स्वार्थ की राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को देश के लिए हानिकारक बताया और नागरिकों से अपील की कि वे केवल सरकारी जानकारी पर भरोसा करें।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है, जिससे कई देशों में ईंधन संकट की स्थिति बनी है।

#### खेल उपलब्धियों और स्वस्थ जीवनशैली पर जोर

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देश में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह और उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में भारतीय पुरुष टीम की जीत और रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की ऐतिहासिक उपलब्धि की चर्चा की।



### केरल में प्रधानमंत्री का विपक्ष पर हमला, कहा- लोगों से किए खोखले दावे

## एलडीएफ-यूडीएफ ने वर्षों तक किया सत्ता का व्यापार : मोदी

एजेंसी

**पलक्कड़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केरल विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए पलक्कड़ पहुंचे। यहां उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस खास मौके पर प्रधानमंत्री पारंपरिक केरल मुंडू (धोती) पहने हुए नजर आए। जनसभा में पहुंचने पर प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला जब प्रधानमंत्री ने केरल के प्रसिद्ध वाद्य यंत्र 'चेंडा' पर अपना हाथ आजमाया। उन्होंने बड़े उत्साह के साथ चेंडा बजाया। जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार उन्हें केरल में एक अलग ही माहौल दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि केरल इस बार बदलाव का संदेश भेज रहा है।



#### पश्चिम एशिया पर कही ये बात

प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, इस समय पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध पर सबकी नजर है। इस युद्ध का प्रभाव भारत पर कम से कम पड़े इसके लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। युद्ध शुरू होने के बाद से ही मैं इन देशों के सभी राष्ट्राध्यक्षों से संपर्क में हूं। सारे देश युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षा को प्राथमिकता दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता और भाजपा पर लोगों का भरोसा अब साफ दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद भीड़ के उत्साह को देखकर कहा कि पलक्कड़ का यह मिजाज अब एक आंदोलन बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केरल के युवा, महिलाएं और किसान अब भाजपा और एनडीए पर पूरा भरोसा कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बदलाव का श्रेय केरल की जनता के आशीर्वाद और भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने उन कार्यकताओं को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने केरल में राजनीतिक हिंसा के कारण अपनी जान गंवाई है। प्रधानमंत्री ने केरल की सुंदरता की तारीफ करते हुए कहा कि इसे 'सुंदरतम' क्यों कहा जाता है, इसका एहसास पलक्कड़ आते ही हो जाता है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केरल दशकों से स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ को 'भ्रष्ट' और 'महाभ्रष्ट' बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दोनों गठबंधनों की नीतियां केवल वोटबैंक के लिए होती हैं और इन्हें विकास की कोई परवाह नहीं है।

### असम में खड़गे ने जारी की पांच चुनावी गारंटी, भाजपा पर तीखा हमला

एजेंसी

**लखीमपुर :** असम में चुनावी सरगर्मी के बीच कांग्रेस ने अपने अभियान को तेज करते हुए नाओबोइचा के खारकाटी में एक विशाल जनसभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधानसभा चुनाव के लिए पांच प्रमुख गारंटी की घोषणा की और भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला।



सभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कांग्रेस हर महिला को व्यवसाय के लिए बिना शर्त 50 हजार की आर्थिक सहायता देगी, प्रत्येक परिवार को 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा, 10 लाख स्वदेशी लोगों को भूमि पट्टा दिया जाएगा, गायक जुबीन गर्ग से जुड़े मामले में 100 दिनों के भीतर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा और वरिष्ठ नागरिकों को 1,250 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह घोषणा पत्र जनता से व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

एक नजर

## चलकुशा में भक्तिमय हुआ माहौल, शिव मंदिर निर्माण को लेकर की गई भूमि पूजन



**चलकुशा** : चलकुशा में शिवमन्दिर निर्माण को लेकर शनिवार को विधि विधान के साथ भूमि पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ पूजन होते ही क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया कार्यक्रम में क्षेत्र की समस्त भक्तजन और मातृशक्ति ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जय श्री राम के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मंदिर निर्माण की सफलता की कामना की पूजन के पश्चात समिति की ओर से महाप्रसाद का वितरण किया गया

कार्यक्रम को मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सूरज पाण्डेय ने विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया इस पुनीत अवसर पर चलकुशा मुखिया आलोक सिंह ,पिंकू सिंह,गोविंद पाण्डेय, विजय सिंह,मनोज सिंह, बसंत पाण्डेय ,मनोज मोदी, प्रशांत सिंह, सूर्यदेव सिंह, इठ सिंह, भरत ठाकुर, मनीष सिंह , मुकेश राणा, कुलदीप मोदी,मुरली ठाकुर, नीतीश सोनी और भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रामनवमी के तीन दिनों में 85 लोग घायल



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में रामनवमी त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। 27, 28 ,29 मार्च तीन दिन तक अलग-अलग गांव में जुलूस एवं झांकी निकाली गई। जिसमें कई जगह जुलूस के दौरान भाला तलवार, लाठी एवं अन्य शस्त्र से कलाबाजी को दिखलाने के क्रम में कई लोग घायल हुए, वही देखने वाले भी कई दर्शक घायल हुए हैं। जिनका इलाज स्वस्थ शिविर में कराया गया या, अस्पताल में जाकर कराया गया। सबसे अधिक गंभीर चोट तलवारबाजी के दौरान देखने को मिली । बरवाडीह के एक युवक को माथे मे लग गई थी, जिसके कारण भारी मात्रा में खून बहा। स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किए जाने पर प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि रामनवमी को लेकर स्वास्थ्य विभाग के द्वारा तीन दिन अलग-अलग गांव के अलग-अलग स्थान पर शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 85 लोगों को चोट आई है।

# राम भक्तों के सेवा के लिए सांसद सेवा केंद्र का उद्घाटन रामनवमी जुलूस के दौरान सक्रिय रहेगा सेवा केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग रामनवमी-2026 का उत्साह चरम सीमा पर है। तब राम भक्तों को किसी तरह के परेशानी ना हो इसे देखते हुए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने शनिवार को अपने सांसद सेवा कार्यालय में सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। जिसका उद्घाटन भी हिंदूवादी युवा भैरव सिंह के साथ मिलकर उन्होंने किया। मौके पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, मेयर अरविंद कुमार राणा, डिप्टी मेयर अविनाश कुमार यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, बड़ा अखाड़ा के महंत विजयानंद दास, हजारीबाग के हिंदूवादी युवा इंजिनियर अमन कुमार मौजूद रहें। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य राम भक्तों को हर संभव मदद पहुंचाना है। हजारीबाग के रामनवमी हर एक व्यक्ति की सहभागिता होती है। हर एक व्यक्ति जो सक्षम है वह कुछ ना कुछ कुछ ऐसा करना चाहता है ताकि वह भी इस पर्व में उसकी सहभागिता सुनिश्चित हो। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों की सुविधा के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद सेवा केंद्र का स्थापना किया है। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि जब तक जुलूस रहेगा तब तक यह केंद्र सक्रिय रहेगा। जिसमें राम भक्तों को पेयजल, चना समेत अन्य सुविधा दी जाएगी। वहीं ग्रामीण लोगों को विशेष सुविधा का इंतजाम किया जा रहा है। कोई व्यक्ति अगर बीमार होता है तो उसे भाजपा के कार्यकर्ता और हमारे सहयोगी अस्पताल ले जाएंगे। यहां से रामभक्तों पर पुष्प वर्षा भी खुद सांसद मनीष जायसवाल ने किया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग का रामनवमी बेहद खास है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम भक्तों की सेवा में यह कार्यालय सक्रिय है। सांसद मनीष जायसवाल ने राम भक्तों से अपील किया है कि अगर वह ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं और उनके साथ छोटे-छोटे बच्चे हैं तो उनके पॉकेट में अपना फोन नंबर और पता अवश्य लिख दें ताकि विकट परिस्थिति में मदद किया जा सके। उन्होंने राम भक्तों समेत पूरे हजारीबाग से अपील किया है उत्साह और उमंग के साथ रामनवमी पर्व मनाये। 36 घंटे तक पर्व का जुलूस सड़कों पर रहता है। राम भक्तों का जनसैलाब इस दौरान रहता है। इस कारण सावधानी भी बरतें साथ ही उत्साह पूर्वक मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव मनाएं ।

## ट्रांसपोर्टर मनोज कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत ग्रामीणों ने किया शोक व्यक्त



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागांव के पूर्व डीलर, साहिबगंज ट्रांसपोर्टर विधायक मोहल्ला निवासी 55 वर्षीय मनोज कुमार की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना साहिबगंज जिला अंतर्गत जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई है। घटना से बड़कागांव क्षेत्र के लोग स्तब्ध हो गए। लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है। मनोज बड़कागांव वासियों के लिए हमेशा सुख-दुख व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए तत्पर रहते थे। घटना को लेकर मृतक के पुत्र शुभम कुमार ने जिरवाबा ड़ी थाना में आवेदन देकर पिता की मौत ट्रेन के चपेट में आ जाने से बताई है। शुभम ने बताया कि पिता जी जे.एस.एस.एफ.सी.ट्रांसपोटर का कार्य करने हेतु मेरी माँ के साथ साहिबगंज के आजाद नगर में भाड़े के मकान में रहते थे । शनिवार संध्या 6 बजे अपने कार्य हेतु चार चक्का वाहन से निकले और महादेवगंज स्थित पेट्रोल पम्प के पास अपना वाहन खडा कर शॉर्टकट रास्ता से महादेवगंज पहाड़ पर स्थित एफ.सी.आई. गोदाम पैदल जाने लगे। इसी दरमियान रेलवे लाइन क्रॉसिंग के दौरान ट्रेन के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ विधायक लोकनाथ महतो, पप्पू कुमार, वीरेंद्र प्रसाद अशोक कुमार अरुण कुमार, दिनेश सिंहा, डीलर संघ अध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता , शशि मेहता उपेंद्र प्रसाद, सत्येंद्र कुमार ,अमित कुमार , शेखर कुमार ,नवनीत कुमार,आजाद कुमार एवं समस्त कुशवाहा परिवार।

## बड़कागांव में रामनवमी की जुलूस व झांकी संपन्न, भारी संख्या में लोग देखने पहुंचे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव मां बासंती दुर्गा पूजा समिति समेत 15 अखाड़े द्वारा एक से बढ़कर एक झांकी निकाली गई। जो सोमवार की सुबह तक चली। पुरस्कार जीतने के लिए सभी अखाड़े के कलाकार बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने का प्रयास किया। अखाड़े द्वारा अस्त्र शस्त्र, भाला ,तलवार आदि का परिचालन कर करतब दिखलाया गया। झांकी में अधिकतर जीवंत झांकी निकाली गई। जिसमें समाज को एक से बढ़कर एक संदेश देने का प्रयास किया गया। वहीं बड़कागांव दैनिक बाजार में रामनवमी महासमिति के तत्वाधान में पुरस्कार वितरण मंच बनाया गया जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया इस दौरान महासमिति के अध्यक्ष विवेक सोनी एवं अन्य पदाधिकारी ने विधायक को पगड़ी, अंग वस्त्र एवं तलवार देकर सम्मानित किया । मंच का संचालन पंसस रितेश ठाकुर ने किया। मौके पर विधायक ने कहा की हम सभी को भगवान रामचंद्र जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है, तभी हमारा मान सम्मान प्रतिष्ठा समाज में बनी रहेगी। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हमें एकजुट रहने की आवश्यकता है। मंच प्रांगण में सभी झांकी एक-एक कर आए और जुलूस में सभी स्पर्धा का प्रदर्शन किए। जिसका मूल्यांकन गठित टीम विनोद सिन्हा, सांवरमल अग्रवाल ,रितेश ठाकुर के द्वारा किया गया। इस दौरान लगभग 50 गांव से हजारों की संख्या में झांकी एवं जुलूस देखने आए थे। वहीं महासमिति की ओर से लगभग 15 हजार लोगों को भोजन कराई गई । पुरस्कार वितरण आज सोमवार देर शाम को होगा। मंच उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष विवेक कुमार सोनी, सचिव बैजनाथ महतो, कोषाध्यक्ष दिनेश सिन्हा, आजसू नेता संदीप कुशवाहा, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश ठाकुर, अरविंद वर्मा, सरोज सोनी, अन्य कई विशिष्ट ने उपस्थिति दर्ज कराई।

## जिला स्तरीय शिक्षक समागम में बरही प्रखंड का दबदबा, कई शिक्षक हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक समागम 2026 में बरही प्रखंड के शिक्षकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई। विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रखंड का नाम रोशन किया। समागम के तहत 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, निबंध, गायन एवं पेंटिंग सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ में महिला वर्ग से निर्मला पंडित तथा तुलसी कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में मनोज कुमार ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सुनीता कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विदित हो कि मनोज कुमार ने वर्ष 2016 में भी इसी प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इसके अलावा निबंध प्रतियोगिता में मध्य विद्यालय बरसोत की मुनमुन को भी सम्मानित किया गया। विजेता शिक्षकों को जिला शिक्षा अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के संयोजक सचिव भरत यादव, प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण प्रजापति, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल केसरी, अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित तथा प्रखंड अध्यक्ष मो. तैयब ने सभी विजेता शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षक न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनते हैं। समागम में बरही प्रखंड के शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी और उपलब्धियों ने पूरे जिले में अपनी विशेष पहचान स्थापित की।

## जनजातीय किसानों को मिला सहारा, चूजा वितरण से बढ़ेगी आय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर गौरिया करमा, झारखंड में जनजातीय उप-योजना परियोजना के तहत 23 अनुसूचित जनजाति के प्रशिक्षित मुर्गी पालक किसानों को चूजे वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के बीच मुर्गी पालन को बढ़ावा देकर उनकी आजीविका में सुधार करना है। इस अवसर पर आई.सी.ऐ.आर. के परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महंता, टीएसपी की नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पी केरकेट्टा, और सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वंदना कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक स्टाफ बादल कुमार और कैलाश वर्मा ने भी सहयोग किया। डॉ. एस.के. महंता ने किसानों को संबोधित करते हुए मुर्गी पालन के महत्व और इसकी आय बढ़ाने की क्षमता पर प्रकाश डाला। डॉ. शिल्पी केरकेट्टा ने टीएसपी परियोजना के तहत किसानों को मिल रहे सहयोग और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. वंदना कुमारी ने किसानों को मुर्गी पालन की उन्नत तकनीकों और बीमारियों से बचाव के तरीकों के बारे में बहुमूल्य सुझाव दिए। इस वितरण से किसानों को अपनी आय बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

संक्षिप्त खबरें

## रामनवमी जुलूस में सेवा का जज्बा, श्रद्धालुओं को शरबत-पानी से मिली राहत



**चौपारण** : रामनवमी के पावन अवसर पर प्रखंड के पाण्डेयबारा चौक में समाजसेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। नवमी एवं दशमी के दिन समाजसेवी जितेंद्र यादव के नेतृत्व में सड़क किनारे सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच ठंडा पेयजल और शरबत का वितरण किया गया। रामनवमी के भव्य जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह चरम पर रहा। ऐसे में यह सेवा शिविर लोगों के लिए राहत का केंद्र बन गया, जहां श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शीतल पेय ग्रहण कर गर्मी से राहत पाते नजर आए। इस सेवा कार्य में पूर्व मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी सहित 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुनीता देवी के नेतृत्व में पूरे अनुशासन और सुव्यवस्था के साथ श्रद्धालुओं के बीच शरबत वितरण किया गया। स्थानीय लोगों ने इस पुनीत पहल की जमकर सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। समाजसेवी जितेंद्र यादव ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ सेवा भावना के साथ श्रद्धालुओं की मदद करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जनसेवा कार्य जारी रहेंगे। वहीं, सुनीता देवी ने भी सभी स्वयंसेवकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से ही ऐसे कार्य सफल हो पाते हैं।

## रोहित ने चना, गुड़ और शीतल जल बांटकर दिया समरसता का संदेश



**बरही** : मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी के अवसर पर हजारीबाग 108 एंबुलेंस सेवा के ए.सी.ओ रोहित कुमार रजक उर्फ गोलू ने हजारीबाग में रामभक्तों के लिए पानी, चना और गुड़ का नि:शुल्क वितरण किया। इस सेवा कार्य का शुभारंभ सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया। स्टॉल लगाने के पीछे रोहित कुमार का मुख्य उद्देश्य शोभायात्रा में शामिल लोगों को डिहाइड्रेट रखना और गर्मी से राहत प्रदान करना था। बता दें कि रामनवमी पर चना, गुड़ का भोग लगाना बेहद शुभ और पारंपरिक माना जाता है। मौके पर दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## पंचग्राम श्री शक्ति समिति के भव्य मेले में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव; उमड़ा जनसैलाब



**बरही** : धुरगडगी पर रामनवमी के पावन अवसर पर क्षेत्र में भक्ति और एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। त्रिमुहानी मोड़ स्थित पंचग्राम श्री शक्ति समिति द्वारा आयोजित भव्य मेले एवं विशाल जुलूस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। इस गौरवशाली उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव जी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। इस भव्य आयोजन में पाँच प्रमुख गाँवों की भागीदारी रही, जो सामाजिक एकजुटता की मिसाल पेश करती है। सिंहपुर, बूढ़ीडीह, माधोपुर कारीमाटी, धुरगडगी का अखाड़ा एक साथ देखने को मिला।

## फुलवरिया में चंद्रवंशी समाज की अहम बैठक, पारदर्शिता और प्रगति पर चर्चा



**चौपारण** : प्रखंड के फुलवरिया गांव में चंद्रवंशी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक राजेंद्र चंद्रवंशी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में इगुनियां-बारहगांवा समिति के वार्षिक आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने गंभीरता से सुना और पारदर्शिता की सराहना की। बैठक के दौरान समाज की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भविष्य की दिशा को लेकर व्यापक चर्चा हुई। विशेष रूप से शिक्षा, रोजगार, व्यापार और राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन आशीष चंद्रवंशी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि चंद्रवंशी समाज ने लंबे समय तक गरीबी और पिछड़ेपन का सामना किया है, लेकिन अब जागरूकता बढ़ी है और लोग मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने पूर्वजों द्वारा स्थापित मजबूत सामाजिक आधार का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान संघर्ष भविष्य में खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगा। सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी ने राजनीतिक भागीदारी को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे समाज की पहचान मजबूत होगी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित होगी। वहीं उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी ने समाज में एकता बनाए रखने पर बल दिया और सभी से मिल-जुलकर कार्य करने की अपील की।

# हत्याकांड मामले में छह दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ, अन्नपूर्णा देवी समेत कई विधायकों ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय नाबालिग किशोरी की नृशंस और बर्बर हत्या के छह दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। इस हृदयविदारक घटना को लेकर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत में राज्य सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि हजारीबाग जिले में इतनी बड़ी घटना घटित हुई है और राज्य के मुख्यमंत्री गहरी नींद में सोए हुए हैं। पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशील नहीं है, जिसके कारण घटना के छह दिन बीत जाने के बावजूद अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य सरकार कुम्भकर्णी नींद में सोई हुई है। सरकार का कोई प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार का हालचाल लेने अब तक नहीं पहुंचा है। जिले के वरीय पदाधिकारी भी मामले में गंभीर नहीं दिख रहे हैं, इससे स्पष्ट होता है कि जिले में विधि-व्यवस्था की स्थिति दयनीय है। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन इतनी बड़ी घटना के बावजूद अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

## हत्याकांड पर भाजपा का आक्रोश, पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा की मांग



**चौपारण** : विष्णुगढ़ में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है। पार्टी नेताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं समाज के लिए बेहद चिंताजनक हैं और अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाना चाहिए। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि मामले में संलिप्त आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए तथा फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर दोषियों को कठोरतम सजा, यहां तक कि मृत्युदंड दिया जाए। साथ ही, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सुरक्षा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई। इस दौरान नेताओं ने सरकार पर कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में अपराध की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिस पर तत्काल नियंत्रण आवश्यक है। कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करने वालों में बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सह सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप पासवान, विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, चौपारण मध्य मंडल अध्यक्ष रेवाशंकर साव, सुनील शेखर, रामू तुरिया सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### जर्जर ढांचे को सुधार रही सरकार, भाजपा फैला रही भ्रम : कांग्रेस

**रांची** : प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू की ओर से राज्य सरकार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है। पार्टी के महासचिव आलोक दुबे ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा नेता जिस तथाकथित शीश महल की बात कर रहे हैं, वह पूरी तरह से गलत तथ्यों पर आधारित है। झारखंड राज्य के अधिकांश सरकारी भवन और कार्यालय एकीकृत बिहार के समय के बने हुए हैं, जिन्हें आज के समय के अनुरूप विकसित और उन्नत करना जरूरी है। दुबे ने कहा कि जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी, तब उन्होंने राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उस दौरान केवल भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और कानून व्यवस्था की अनदेखी देखने को मिली। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास, मंत्री आवास, विधायक आवास, झारखंड भवन का निर्माण किसी व्यक्तिगत उपयोग के लिए नहीं, बल्कि एक संस्थागत व्यवस्था के तहत किया जा रहा है। आने वाले समय में जो भी सरकार बनेगी, उसका मुख्यमंत्री और मंत्री इन आवासों का उपयोग करेंगे।

### पीसीसी रोड निर्माण का शिलान्यास क्षेत्रीय लोगों में खुशी



**रांची** : प्रदीप वर्मा जी के फंड से पीसीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी रिंकू सिंह, मंडल अध्यक्ष अशोक गोप एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन सोनी ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर प्रमोद प्रसाद, विकास कुमार, कृष्ण कुमार, पंकज कुमार, विजय मिश्रा, वैभव मुखर्जी, मनोज मुंडा, विनोद साहू, अनुज सिंह, कन्हैया सिंह, सत्यम सिंह, लाल प्रसाद सिंह, उमेश प्रसाद, दिलीप कुमार, के.के. वर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लोगों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

### विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया राम जन्मोत्सव



**सिल्ली** : रविवार के दिन बाउल डेरा राधा माधव आश्रम में विश्व हिन्दू परिषद सिल्ली प्रखंड प्रमुख कंचन सोनार की अध्यक्षता में राम जी के जन्म उत्सव पर संघ के द्वारा वार्षिक राम उत्सव 18 मार्च से 23अप्रैल तक पूरे भारत में मनाया जा रहा है उसी के निमित प्रान्त प्रमुख के दिशानुसार सिल्ली प्रखंड में राम उत्सव मनाया गया, साथ में पथ संचालक राधा माधव आश्रम से काली मंदिर से आश्रम तक किया गया ' साथ में भजन... और प्रान्त सत्संग प्रमुख श्री गणेश शंकर बिद्यार्थी द्वारा बौद्धिक किया गया ' हिन्दू संगठन को मजबूत बनाने, नये लोगों को हिन्दू रक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद में जोड़ने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने सिल्ली प्रखंड मंत्री शिवलाल महतो, उपाध्यक्ष ऋषिकेश सोनार, सुधीर साहू, पूर्णकलिक अरुणा पाण्डेय, मातृ शक्ति प्रमुख सविता पोद्दार, आचर्या कौशलिया देवी, रीना देवी, देविबाला देवी, संतोषी देवी, अनीता देवी, मीनाक्षी देवी, नैना देवी, पुनम देवी, अमित महतो, ललित प्रसाद, पवन कुमार गोस्वामी, महादेव बड़ाईक, आश्रम के पुजारी, अभय साहू आदि कार्यकर्ता ने भाग लिया।

### राज्यपाल ने निर्माणाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का किया निरीक्षण

# यह पुस्तकालय ज्ञान और आत्मविकास का प्रमुख केंद्र बनेगा : संतोष कुमार गंगवार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं और कर्मियों से निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने कहा कि यह परियोजना केवल एक भवन नहीं, बल्कि ज्ञान, अध्ययन और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत दिए गए योगदान की सराहना की। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि रांची को जल्द ही एक वर्ल्ड क्लास मॉडर्न लाइब्रेरी मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह छह मंजिला पुस्तकालय अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां एक साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययन कर सकेंगे। यह पुस्तकालय न केवल रांची बल्कि पूरे झारखंड के युवाओं के लिए ज्ञान और आत्मविकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि यह लाइब्रेरी प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक उत्कृष्ट वातावरण प्रदान करेगी और उनके सपनों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राज्यपाल ने यह भी बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान बरेली में भी इसी तरह की आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक मॉडल लाइब्रेरी स्थापित की गई थी। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह पहल खासकर ग्रामीण और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी, जिन्हें अक्सर संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के प्रथम तल पर देश के वीर सपूतों के चित्र और उनकी जीवनियां प्रदर्शित की जाएंगी, ताकि छात्र-छात्राएं उनसे प्रेरणा ले सकें। संजय सेठ ने कहा कि यह आधुनिक पुस्तकालय देश के चुनिंदा लाइब्रेरी में शामिल होगा और इसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी अलग से अध्ययन और बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

## रांची के लॉर्ड्स ऑफ ड्रिंक्स बार में पुलिस की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड की राजधानी रांची में शनिवार देर रात पुलिस ने लॉर्ड्स ऑफ ड्रिंक्स बार में छापेमारी की। हालांकि इस कार्रवाई के दौरान पुलिस को कोई आपत्तिजनक सामग्री या अवैध गतिविधि के सबूत नहीं मिले, लेकिन अचानक हुई इस रेड से बार में मौजूद लोगों और प्रबंधन के बीच हड़कंप मच गया। दरअसल, पुलिस को शिकायत मिली थी कि बार में देर रात तक तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है, साथ ही ग्राहकों को ड्रग्स उपलब्ध कराने और अन्य अवैध गतिविधियों में संलिप्तता की आशंका जताई गई थी। इन सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने बार के स्टॉक की जांच की और लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों का भी सत्यापन किया। इसके अलावा, वहां मौजूद लोगों से पूछताछ की गई और सुरक्षा के मद्देनजर सभी को घर जाने के निर्देश दिए गए। इस मामले पर कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि पुलिस को देर रात तक डीजे बजाने और अवैध गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर टीम मौके पर पहुंची और सभी पहलुओं की गहन जांच की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि छापेमारी के दौरान कोई भी संदिग्ध या अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई।

## रांची में लूटकांड का बड़ा खुलासा, 10 अपराधी गिरफ्तार, हथियार और लूटी गई संपत्ति बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची जिले में हाल के दिनों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई लूटपाट की घटनाओं का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में कुल 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से लूटे गए सभी सामान भी बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, डोरंडा जगरनाथपुर (पुंदाग ओपी), ओरमांझी, सदर (मेसरा ओपी) और टाटीसिलवे थाना क्षेत्रों में अलग-अलग तिथियों में लूट की कई घटनाएं दर्ज की गई थीं। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और नगर के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों में जहीर उर्फ खान, फरहान खान उर्फ बब्लू, शेख जीमल, अरसलान खान, मोहम्मद फैजान, सोएब अंसारी, सहबाज सलमान, कासिफ युसूफ, शेख मुज्जमिल उर्फ माखन और राजा खान उर्फ खानता शामिल हैं, जो सभी रांची जिले के निवासी हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने पुंदाग पेट्रोल पंप, बीआईटी ओपी क्षेत्र के दो पेट्रोल पंपों, टाटीसिलवे स्थित सीएनजी पंप, डोरण्डा क्षेत्र की एक दुकान तथा ओरमांझी के मेहता होटल के पास एक दुकान में लूटपाट और चाकूबाजी की घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी रिवाल्वर, छह चाकू, कई मोबाइल फोन, नकद राशि, वारदात में प्रयुक्त कार, मोटरसाइकिल और स्कूटी के साथ-साथ चार जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। इसके अलावा घटना के समय पहने गए कपड़े भी जब्त किए गए हैं, जो साक्ष्य के रूप में महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

## गरीबों को आवास नहीं, सरकार बनाएगी शीश महल : आदित्य साहू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने मुख्यमंत्री आवास निर्माण पर होने वाले खर्च को लेकर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत से बनने वाला मुख्यमंत्री आवास शीश महल की तरह है और यह जनता के पैसे की फिजूलखर्ची है। रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आदित्य साहू ने कहा कि खुद को गरीबों की सरकार बताने वाली सरकार इतनी बड़ी राशि अपने आवास पर खर्च कर रही है, जो झारखंड की आदिवासी और मूलवासी जनता की मेहनत की कमाई का दुरुपयोग है। उन्होंने बताया कि भवन विभाग द्वारा जारी टेंडर की प्रारंभिक लागत 67 करोड़ रुपये है, जिसमें इंटीरियर और फर्नीचर का खर्च शामिल नहीं है। उनके अनुसार, निर्माण पूरा होने तक इसकी लागत 100 करोड़ रुपये से भी अधिक हो सकती है। टेंडर प्रक्रिया के अनुसार 2 अप्रैल को इसे वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, 29 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे और 30 अप्रैल को टेंडर खोला जाएगा, जबकि 8 अप्रैल को प्री-बिड बैठक प्रस्तावित है। आदित्य साहू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री आवास में अत्यधिक विलासिता पर खर्च किया जा रहा है, जिसमें दो करोड़ रुपये का फव्वारा, ढाई करोड़ का गार्डन, विदेशी शीशों से सजा ड्राइंग रूम, इटली से मंगाए जाने वाले टाइल्स, जकूजी, सॉना बाथ और मसाज रूम जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के दिल्ली स्थित आवास की लागत शुरूआत में 8.30 करोड़ रुपये थी, जो बाद में बढ़कर 33.66 करोड़ रुपये हो गई। साहू के अनुसार, झारखंड का प्रस्तावित आवास इससे भी कई गुना महंगा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राज्य में गरीबों को आवास, वृद्धा पेंशन और किसानों को धान का भुगतान समय पर नहीं मिल रहा है, जबकि मुख्यमंत्री अपने लिए भव्य आवास बनवा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस परियोजना को नहीं रोका गया तो भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेगी और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। इस प्रेस वार्ता में पार्टी के प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, राफिया नाज भी उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत

**रांची** : रांची के अनगड़ा थाना क्षेत्र के चमघाटी के समीप रविवार को हुए एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक से अपने गांव की तरफ लौट रहे थे । इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार हादसे में अनगड़ा के नवाडीह के रहने वाले रिश्ते में चचेरे भाई प्रभात महतो और अनिल महतो की मौत हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ने बाइक से घर लौट रहे दोनों भाइयों को अपनी चपेट में लिया, टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। ब्रेक फेल हो जाने की वजह से ट्रक भी सड़क से नीचे जा गिरा। इस हादसे में ट्रक का पहिया निकल कर दूर जा गिरा। मौके पर पहुंचे अनगड़ा पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया गया है।

## जेटीईटी नियमावली से भोजपुरी व मगही हटाने पर अभाविप का विरोध, सरकार पर लगाया विश्वासघात का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के झारखंड प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटीईटी) की नई नियमावली से भोजपुरी और मगही भाषा को हटाने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए राज्य के साथ घोर विश्वासघात करार दिया। प्रकाश टूटी ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह निर्णय भाषाई विभाजन को बढ़ावा देने वाला खतरनाक कदम है, जो राज्य को आंतरिक कलह और सामाजिक फूट की ओर धकेल सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का यह फैसला क्षेत्रीय संतुलन और भाषाई विविधता के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल सहित उत्तरी झारखंड के लाखों लोग भोजपुरी और मगही को अपनी मातृभाषा मानते हैं। ये भाषाएं न केवल दैनिक जीवन, बल्कि संस्कृति और शिक्षा से भी गहराई से जुड़ी हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा इन्हें नजरअंदाज करना यह दशार्ता है कि इन क्षेत्रों के लोगों की उपेक्षा की जा रही है। टूटी ने इसे केवल भाषाई नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि भोजपुरी और मगही भाषी लाखों छात्र जेटीईटी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। इससे उनकी योग्यता और अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने झारखंड सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य गठन के समय भाषाई विविधता को बढ़ावा देने का वादा किया गया था, लेकिन अब सरकार एक भाषा थोपने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं-जैसे बेरोजगारी, शिक्षा संकट और विकास की कमी को छिपाने के लिए इस तरह के मुद्दों को हवा दे रही है। अभाविप नेता ने कहा कि भाषा के आधार पर युवाओं में विभाजन की साजिश निंदनीय है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभाविप सभी विद्यार्थियों को समान रूप से देखती है और क्षेत्र, भाषा, जाति या लिंग के आधार पर किसी भी भेदभाव का विरोध करती है। अंत में उन्होंने सरकार से मांग की कि जेटीईटी की नई नियमावली में भोजपुरी और मगही भाषा को तुरंत शामिल किया जाए तथा राज्य की भाषाई नीति में सभी स्थानीय भाषाओं को समान मान्यता दी जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### हटिया में हिन्दू संगम का आयोजन, एकता समरसता और संस्कारों का दिया संदेश



**रांची** : हटिया देवी मंडप के प्रांगण में रविवार को हिन्दू संगम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अद्वैत आश्रम के स्वामी अमृतानंद ने हिन्दू समाज में सद्भाव और एकता पर जोर देते हुए भेदभाव-रहित समाज निर्माण की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती आपसी प्रेम, सहयोग और समानता की भावना से ही संभव है। कार्यक्रम के संरक्षक पद्मश्री महाबीर नायक ने हिन्दू धर्म में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं और संस्कारों का निर्माण करते हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी श्रीमंत महाराज ने धर्म के माध्यम से समाज निर्माण पर बल देते हुए कहा कि नैतिकता और आध्यात्मिकता से ही एक सशक्त समाज का निर्माण संभव है। मुख्य वक्ता आशुतोष द्विवेदी ने पंच परिवर्तन के पांच प्रमुख आयाम सामाजिक समरसता, स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इन मूल्यों को अपनाकर ही राष्ट्र को सुदृढ़, समरस और विकसित बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में हटिया क्षेत्र की मातृशक्ति, बंधुओं एवं भगिनियों की बड़ी संख्या ने भाग लेकर सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों ने पौराणिक चरित्रों का रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। साथ ही स्तोत्र, श्लोक और मंत्रों के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर समाज के प्रत्येक घर से एकत्रित अनाज से ग्राम देवी माता एवं भारत माता को भोग अर्पित किया गया। इसके बाद दुर्गा माता एवं भारत माता की आरती और जयघोष के साथ लगभग 400 से अधिक लोगों के बीच प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश्वरनाथ मिश्र, डॉ. एन.डी. गोस्वामी, डॉ. उमाशंकर शर्मा, राजा राम सिंह, डॉ. प्रेम प्रकाश मिश्र, मिथिलेश्वर, नर्मदेश्वर मिश्र, राजन वर्मा सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग एवं मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने एडु लीडर्स कॉन्क्लेव 2026 का किया आयोजन

**रांची** : लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने रांची में एडु लीडर्स कॉन्क्लेव 2026 का सफल आयोजन किया। इस सम्मेलन में शैक्षणिक समुदाय के प्रमुख व्यक्तित्वों ने भाग लिया और शिक्षा एवं छात्र विकास के भविष्य पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में लगभग 65 स्कूल प्रिंसिपल, 6 डायरेक्टर और 20 वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया, जिससे क्षेत्रीय शिक्षकों की मजबूत भागीदारी देखने को मिली। सम्मेलन में शिक्षा के नए रुझानों, शिक्षण विधियों में नवाचार और शिक्षकों एवं रक्षा कर्मियों के योगदान को मान्यता देने पर विशेष ध्यान दिया गया। मुख्य अतिथि अनिल पाल्टा, डायरेक्टर जनरल (रेलवे), झारखंड थे, और कार्यक्रम की अध्यक्षता शेखर वर्मा, जोनल मैनेजर, एलपीयू ने की। इस अवसर पर दो प्रमुख छात्रवृत्ति योजनाओं एलपीयू शिक्षक सम्मान अनुदान शिक्षकों के बच्चों के लिए एवं एलपीयू रक्षक सम्मान अनुदान रक्षा एवं सीएपीएफ कर्मियों के बच्चों के लिए का शुभारंभ किया गया। एलपीयू की प्रमुख पहल एडु-रेवोलुशन को भी प्रदर्शित किया गया, जो अनुभवात्मक शिक्षा, उद्योग समेकन, लचीले पाठ्यक्रम और कौशल-आधारित शिक्षा पर केंद्रित है। विश्वविद्यालय ने विजन 2047 की रूपरेखा भी साझा की, जिसका उद्देश्य भारत के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के अनुरूप सक्षम और सामाजिक रूप से जिम्मेदार स्नातकों का निर्माण है। कार्यक्रम के दौरान अरुण मलिक ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और साइबर सुरक्षा जागरूकता के माध्यम से बच्चों की शिक्षा को सशक्त बनाना विषय पर एक सत्र आयोजित किया, जिसमें एआई -संचालित शिक्षा और डिजिटल सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन नितेश कुमार मिश्रा, रीजनल मैनेजर, एलपीयू के मार्गदर्शन और नितिन कुमार के नेतृत्व में किया गया। झारखंड टीम में अजीत कुमार, रोशन पांडेय, महेश केडिया और अभय दिवेदी ने कार्यक्रम के सफल समन्वय और क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाई।

### सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली** : मुरी 29 मार्च 2026 (रविवार) रेलवे आदिवासी परिवार, मुरी शाखा द पू रेलवे के तत्वावधान में सरहुल बागान (मुरी रेलवे हॉस्पिटल के सामने) में सरहुल मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन हर्षोल्लास एवं पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा, संस्कृति एवं प्रकृति-पूजा के प्रतीक सरहुल पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह आयोजन डॉ. झरिया कच्छप के मार्गदर्शन में कुसुम मुंडा, डी.के. बड़ाइक, विशुन हेमरोम, निरंजन बाघवार, एलिजाबेथ जोसेफ, अरुण कुमार भगत, रतन साउंड, बलबीर सिंह, शिबू पहान,अशिम तिर्की, एस.ए. एक्का, एम.पी. तिर्की, आनंद तिर्की, अशिम तिर्की, अमित कुजूर, एम एल मांझी, प्रकाश उरांव, सहित अन्य जुझारू कार्यकताओं के सामूहिक प्रयास से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हटिया, रांची से कार्यक्रम की सफलता में एस.सी./एस.टी. एसोसिएशन के मंडल सचिव विनोद उरांव एवं सदस्यों - हेमलाल लकड़ा, रवि तिर्की, छोटेलाल बेदिया आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें उर्सलाइन स्कूल की प्रिंसिपल सरिता सिस्टर्स बोदरा , सिस्टर्स एवं छात्र-छात्राओं का दल, हिंदी मीडियम स्कूल छात्रा, अंग्रेजी मीडियम छात्रा, केंद्रीय सरना समिति (सिल्ली) अध्यक्ष गंदुरा उरांव , मांगरा पहान, भवानी मुंडा, नलिन मुंडा, बिरसा उरांव, एतवा उरांव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं समाचार मीडिया प्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### नामकुम डिस्किली में अबुआ दिसुम अबुआ मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**रांची** : नामकुम डिस्किली में आयोजित होने वाली अबुआ दिसुम अबुआ मेला की प्रथम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में मेला के आयोजन, तैयारी और भावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। कमेटी के सदस्यों ने बताया की राजाउलातु के डिस्किली में 29 अप्रैल को भव्य अबुआ दिसुम अबुआ मेला का आयोजन होगा। इस बैठक में जिम्मेदारियों का बंटवारा के साथ स्पॉन्सरशिप, बजट और प्रचार-प्रसार की रणनीति तय की गई उपस्थित सदस्यों ने सुझाव दिए कि यह मेला न केवल आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देगा, बल्कि अबुआ दिसुम अबुआ राजह्व के सिद्धांत को भी मजबूती प्रदान करेगा। आयोजक समिति के संयोजक ने कहा, यह मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा। हम सभी की सक्रिय भागीदारी से इसे यादगार बनाएंगे।

## एक नजर

### लहरियाटांड मे नम आंखो से मां दुर्गा की दी गई विदाई

**मरकच्चो :** शनिवार की रात्रि 9 बजे मां दुर्गा और महाकाली के जयकारे के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता रानी व महाकाली को विदाई दी। विदाई के पूर्व मां के भक्तों ने अगले साल फिर आना मां कहकर जगत के कल्याण के लिए मां को अगले वर्ष आने का निमंत्रण भी दिया। इस दौरान रविवार को लहरियाटांड दुर्गा मंडप से माता रानी के प्रतिमाओं को सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में बच्चे, बूढ़े, युवक, युवतियां व महिलाएं शामिल हुई। शोभायात्रा में ढोल गाजे बाजे की धुन पर युवक थिरकते रहे। बच्चे जयकारे लगा रहे थे। महिलाएं पारंपरिक गीत गाते हुवे चल रही थी। शोभायात्रा दुर्गा मंडप से निकलकर विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए देर रात 11 बजे बुढ़वा आहार पहुंची जहां विधि विधान के साथ माता रानी और महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

### बीएफसीएल में 203 कर्मचारियों का एक साथ मनाया गया जन्मदिन

**रामगढ़ :** कार्यस्थल पर सकारात्मक माहौल और कर्मचारियों के प्रति सम्मान की भावना को नई ऊंचाई देते हुए बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड (बीएफसीएल), रामगढ़ में एक भव्य सामूहिक जन्मदिन समारोह का आयोजन किया गया। ह्यापीपुल फर्स्ट कल्चर और वन सेलिब्रेशन–मेनी स्माइल्स थीम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मार्च माह में जन्मदिन मनाने वाले 203 कर्मचारियों को एक साथ सम्मानित किया गया। 28 मार्च को आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जीएफए, एचएसपीए इकाइयों तथा रांची स्थित मुख्यालय के कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। विभिन्न विभागों के कर्मियों ने एकजुट होकर इस आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन एचएसपी कैंटीन, जीएफए कैंटीन और मुख्य कार्यालय परिसर में किया गया, जहां पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल बना रहा। समारोह में विभागाध्यक्षों और वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कर्मचारियों का मनोबल और बढ़ाया। अधिकारियों ने कर्मचारियों से संवाद करते हुए उनके योगदान की सराहना की और संगठन के प्रति उनके समर्पण को कंपनी की प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से केक काटा गया, जन्मदिन गीतों और शुभकामनाओं के साथ पूरे वातावरण में उत्साह और अपनापन झलकता रहा। सभी जन्मदिन मनाने वाले कर्मचारियों को बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

### वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे लोग : डॉ नीरा

**कोडरमा :** जिले में हाथियों के आतंक से लोग दहशत में हैं और वन विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जान देकर चुकाना पड़ रहा है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कोडरमा जिले में हाथियों द्वारा लगातार लोगों पर हमला करने, उनको मार देने की घटना के लिए पूरे तौर पर वन विभाग और इसके अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि रविवार को मरकच्चो के जामू स्थित हरलाडीह गांव में महुआ चुनने गई एक महिला सीता देवी को हाथी ने मार दिया। कोडरमा में बीते एक साल में एक दर्जन लोगों की जान हाथियों ने ली है। अभी कुछ दिन पहले ही हाथी ने कोडरमा के मरियमपुर और बोनाकाली में दो लोगों की जान ली थी, वहीं जिले के झरीटांड और ढेबुआडीह जैसे ग्रामीण इलाकों में हाथियों ने पिछले तीन-चार दिनों में कई मवेशियों को मार डाला और गौशालाओं को तहस-नहस कर दिया। इन घटनाओं के बाद अब ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर हैं।

# 7800 किमी मिशन पर निकली आयरन गर्ल रामगढ़ पहुंचीं, एसपी ने किया सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** हौसले, जुनून और देशभक्ति का अद्भुत संगम उस वक्त देखने को मिला, जब राष्ट्रीय साइक्लिस्ट आशा मालवीय अपनी ऐतिहासिक साइक्लिंग यात्रा के दौरान 5200 किलोमीटर का सफर तय कर रामगढ़ पहुंचीं। यहां पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने उनका स्वागत करते हुए सम्मानित किया और उनके साहस को नारी शक्ति की जीवंत मिसाल बताया। जिला समाहरणालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने आशा मालवीय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना असाधारण है। उन्होंने कहा कि आशा का यह अभियान न केवल बेटियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच भी विकसित करता है। मध्य प्रदेश के राजगढ़ की निवासी आशा मालवीय इन दिनों जयपुर से अरुणाचल प्रदेश के कीबिथू तक करीब 7800 किलोमीटर की साइक्लिंग यात्रा पर हैं। यह अभियान 11 जनवरी को भारतीय सेना के सम्मान में शुरू किया गया था। उनका उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास, धैर्य और राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। मजदूर माँ की बेटी आशा मालवीय ने कठिन परिस्थितियों को अपनी ताकत बनाया। 100 और 200 मीटर की राष्ट्रीय एथलीट रह चुकी आशा ने पर्वतारोहण में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और 20,000 फीट से अधिक ऊंचाइयों को फतह किया है। उनका नाम नेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है। अब तक 64,000 किलोमीटर से अधिक साइक्लिंग कर चुकी आशा 26,000 किलोमीटर की भारत यात्रा पूरी कर चुकी हैं। कन्याकुमारी से कारगिल, सियाचिन और उमलिंगला जैसे दुर्गम इलाकों को पार कर उन्होंने अपने साहस का लोहा मनवाया है। आज आशा मालवीय एक नाम नहीं, बल्कि एक प्रेरणा बन चुकी हैं। उनका यह अभियान बताता है कि अगर इरादे मजबूत हों तो कोई भी मंजिल दूर नहीं। रामगढ़ में मिला सम्मान इस बात का प्रतीक है कि देश आज ऐसी बेटियों पर गर्व करता है, जो अपने दम पर नई इबारत लिख रही हैं।





# जंगल में हाथी का तांडव, महुआ चुनने गई महिला की दर्दनाक मौत



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत जामु पंचायत स्थित ग्राम हरलाडीह के समीप जंगल में उस समय अफरा तफरी मच गई, जब महुआ चुनने गई एक अधेड़ महिला पर झुंड से भटका एक हाथी ने हमला कर दिया,जिससे घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान 55 वर्षीय सीता देवी पति स्वर्गीय रामचंद्र साव हरलाडीह निवासी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार महिला प्रतिदिन की भांति रविवार शुबह भी 5:00 बजे हरलाडीह से कुछ दूरी पर महोडरा जंगल महुआ चुनने गई थी। इसी दौरान झुंड से भटक एक हाथी अचानक वहां पहुंच गया और महिला पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर हाथी को भगाने की कोशिश की,हांथी जंगल की ओर निकल गया लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन बी डी ओ हुलास महतो, जे एम एम नेत्री शालिनी गुप्ता और वन विभाग के रेंजर रवींद्र कुमार, वनरक्षि अभिमन्यु कुमार वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। वन शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वन विभाग के रेंजर रवींद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को 25 हजार रुपये नकद दिया व कागजी कानूनी प्रक्रिया के बाद 3 लाख 75 हजार रुपए और देने का आश्वासन दी है।वहीं गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीण समेत मुखिया नीता कुमारी, जे एम एम नेत्री शालिनी गुप्ता, समाजसेवी रवीन्द्र कुमार गुप्ता ,चंद्रिका प्रसाद, कैलाश यादव, विनोद साव, नागेश्वर प्रसाद साव,अशोक यादव आदि ने वन विभाग से हाथियों के बढ़ते आतंक पर रोक लगाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुरनावृति ना हो।

# रामनवमी जुलूस में धनंजय कुमार पुटूस का शस्त्र प्रदर्शन बना आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामनवमी के पावन अवसर पर आयोजित भव्य जुलूस और धार्मिक कार्यक्रमों के बीच इस बार एक खास दृश्य ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। भाजपा नेता और सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस का पारंपरिक शस्त्र संचालन (लाठी/दंड) का प्रदर्शन न सिर्फ मौके पर मौजूद लोगों को रोमांचित कर गया, बल्कि उसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। रामनवमी जुलूस के दौरान धनंजय कुमार पुटूस पारंपरिक अंदाज में लाठी चलाते हुए नजर आए। उनके सधे हुए और आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मौजूद युवाओं और श्रद्धालुओं ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के बाद उनका यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फैल गया, जहां लोग उनके कौशल और ऊर्जा की जमकर सराहना कर रहे हैं। कई लोगों ने इसे भारतीय पारंपरिक शौर्य कला का जीवंत उदाहरण बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि धनंजय कुमार पुटूस न केवल जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं, बल्कि अपनी संस्कृति और परंपराओं से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। उनका यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि आधुनिक दौर में भी पारंपरिक कलाओं को जीवित रखा जा सकता है।



# भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह से सुना मन की बात, सकारात्मक सोच का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को रामगढ़ कैंट क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुनकर जनसंवाद और सकारात्मक विचारों का संदेश ग्रहण किया। बूथ संख्या 46 पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकताओं की भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रंजन फौजी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और उन्हें जनहित से जुड़ा प्रेरणादायक संदेश बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रंजन फौजी ने कहा कि मन की बात केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के नागरिकों को जोड़ने वाला एक सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आम लोगों की उपलब्धियों को सामने लाकर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और हर वर्ग को प्रेरित करता है। इस मौके पर कार्यकताओं के बीच केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और संगठन को और मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में शारदा देवी, जवाहर राय, मुन्ना मिश्रा, सूरज सिंह, विकास कुमार, अनीता सिंह, ज्योति सिंह और पम्मी कुमारी सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



# मनरेगा मजदूरों के हित में कांग्रेस ने लिया चैलेंज : प्रकाश रजक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** संगठन सृजन अभियान के तहत झारखंड और उड़ीसा राज्य के कांग्रेस जिला अध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चाईबासा के टी.आर.टी.सी. में जारी है। कार्यक्रम के आठवें दिन कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्ष सोनुवा प्रखंड के नीलाईगोट गांव पहुंचे, जहां मनरेगा बचाओ अभियान के तहत मजदूरों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने केवल भाषण ही नहीं दिया, बल्कि खुद मैदान में उतरकर मजदूरों के साथ मिट्टी काटी, नेताओं ने मनरेगा मजदूरों की समस्याओं को करीब से समझने की कोशिश की और उनके साथ संवाद स्थापित किया। जनसंवाद कार्यक्रम में मजदूरों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मनरेगा योजना को पहले की तरह बहाल नहीं किया गया, तो उन्हें मजबूरन पलायन करना पड़ेगा। मजदूरों ने रोजगार की कमी और योजना में कमी को लेकर चिंता जताई। मौके पर मौजूद झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस की देन है, जिसे गरीब मजदूरों के हित में लागू किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार इस योजना को कमजोर कर रही है, जो मजदूरों के साथ अन्याय है। वही कोडरमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों के हित में कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को चैलेंज के रूप में ले रही है और मजदूरों के हक के लिए लड़ाई जारी रहेगी। साथ ही मनरेगा को लेकर कांग्रेस का यह रुख साफ संकेत देता है कि आने वाले समय में यह मुद्दा राज्य और राष्ट्रीय राजनीति में बड़ा रूप ले सकता है।



# सवर्ण एकता मंच ने निकाय चुनाव में नव निर्वाचित सवर्ण जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिला सवर्ण एकता मंच ने झुमरी तिलैया स्थित होटल जायका में एक समारोह आयोजित कर हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव में जिले से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया। समारोह का संचालन रामचंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर उतरी छोटानागपुर क्षत्रिय महासंघ के अध्यक्ष राम लखन सिंह, ब्राह्मण समाज से दीनानाथ पांडेय, ब्रह्मर्षि समाज के प्रोफेसर कमलेश कुमार कमल, कायस्थ समाज से मनोज सहाय पिंकू , सहित अरविंद सिंह, राजेंद्र सिंह,विनय कुमार बेलू और भोला चौधरी ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके द्वारा लगातार किए जा रहे अच्छे कार्य के परिणामस्वरूप जनता ने आपको अपना प्रतिनिधि बनाया । हम सबको यह विश्वास है कि आप अपने कार्यकाल में सबों को मिलाकर अच्छा काम करेंगे ताकि आने वाला समय आपके लिए और सुलभ हो जाएगा । साथ ही अपने क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतकर प्रशासन के सहयोग से हमेशा विकास के राह पर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने निर्वाचित सवर्ण जनप्रतिनिधियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें जीत की बधाई दी। नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने भी समाज को यह भरोसा दिलाया कि हम लोगों पर जनता ने जो विश्वास जताया है यह भरोसा हम कभी टूटने नहीं देंगे और अपने कार्यों से समाज को गौरवान्वित करेंगे। समारोह में समाज के अग्रजों ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में झुमरी तिलैया नगर परिषद से निर्वाचित वार्ड पार्षद विशाल सिंह ( नीलू सिंह ),उदय सिंह, मनीष चौधरी,नीरज कर्ण , चंदा शर्मा, मधुलिका सिंह, ज्योति शुक्ला ,सरिता पांडेय और डोमचांच नगर पंचायत से निर्वाचित मंजू देवी तथा शिवनाथ सिंह शामिल हैं। समारोह में विजय सिंह, अशोक पांडेय ,भरत पांडेय ,अशोक सिंह, दामोदर सिंह, राजेंद्र सिंह, सिकंदर सिंह, शिबू सिन्हा, कैलाश सिंह, सत्यनारायण सिंह, बबलू पांडे, राकेश शर्मा, विजय शुक्ला, अनुराग सिंह, दिनेश सिंह, पंकज दुबे, कौशलेश पांडे, विवेक सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, रंजीत सिंह ,उपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह,राम कृपाल कंठ, सुशील सिन्हा सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



## संक्षिप्त खबरें

### भुईयां समाज सम्मेलन में शिक्षा और नशामुक्ति पर जोर, युवाओं से बदलाव की अपील



**चंदवारा :** चंदवारा प्रखंड के बेंदी पंचायत के सिंदरी गांव मे रविवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति सम्मेलन समारोह का एक दिवसीय जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दिलीप भुईयां, पूर्व मुखिया प्रभु भुईयां समेत कई लोग मौजुद थे। सभा की शुरूआत माता शबरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। मौके पर दिलीप भुईयां ने कहा कि शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा। उन्होंने शराब की सेवन बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शराब कई समस्याओं की जड है। अब वह समय आ गया है जब शराब को पूर्ण प्रतिबंधित किया जा सके। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। प्रभु भुईयां ने कहा कि युवाओं को समाज में व्याप्त कुप्रथा को समाप्त करने को लेकर अभियान चलाने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को जड से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभु भुईयां व संचालन शंकर भुईयां ने किए। मौके पर पंसस रेखा देवी, पूर्व जिप सदस्य वीरेंद्र भुईयां, कैलाश भुईयां, अशोक भुईयां, आजाद कुमार भुईयां, रामप्रसाद भुईयां, प्रभात कुमार, दशरथ भुईयां, जोगिंदर भुईयां, सुरेश भुईयां, शंकर भुईयां, बनवारी भुईयां, महावीर राम, कृष्णा कुमार सुमेत कई लोग मौजूद थे।

### आल्हो में रामनवमी सह बासंती दुर्गा पूजा पर भव्य चैता महा मुकाबला दुगोला कार्यक्रम संपन्न



**कोडरमा :** जिला अंतर्गत प्रखंड जयनगर के पंचायत बेको स्थित ग्राम आल्हो में रामनवमी सह बासंती दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर भव्य चैता महा मुकाबला दुगोला कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम ने पूरी रात क्षेत्र को भक्ति, संस्कृति और लोक संगीत के रंग में सराबोर कर दिया। दुगोला कार्यक्रम में प्रथम पक्ष के व्यास शिव शंकर यादव एवं द्वितीय पक्ष के व्यास शिवजानंद पांडे जी के बीच जबरदस्त सांगीतिक मुकाबला हुआ। दोनों पक्षों के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों को पूरी रात झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन झारखंड राज्य पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा और लोक कला को जीवित रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से कोडरमा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, बेको पंचायत मुखिया प्रतिनिधि बलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अजय यादव, उप मुखिया देवन सिंह, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव, नईटांड पंचायत मुखिया किशोर साव, रूपाईडी पंचायत मुखिया गणपत यादव, पिपचो पंचायत मुखिया रामेश्वर प्रसाद यादव, डंडाडीह पंचायत मुखिया अशोक यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य पवन सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, सहित कई गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य सम्मानित नागरिकों में रामदेव प्रसाद यादव, राम यादव, रविंद्र कुमार रवि, जागेश्वर यादव, सुरेश राणा, अर्जुन चंद्र यादव, वीरेंद्र शाह, मनोज यादव, सुभाष यादव, गंगाधर यादव, रवि पासवान, धनेश्वर यादव, राजू यादव, विक्रम यादव, रामोल यादव, रविंद्र यादव, सिकंदर लहरी सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय सेवा मंच ने 150 जरूरतमंदों को कराया भोजन




**भुरकुंडा :** मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है– इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय सेवा मंच, भुरकुंडा पिछले 10 वर्षों से लगातार जरूरतमंदों के बीच भोजन सेवा का कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में एक बार फिर संस्था द्वारा दूर-दराज से आए दातुन और पत्तल बेचने वाले गरीब महिला-पुरुषों एवं बच्चों के बीच दोपहर का भोजन वितरण किया गया, जिसमें लगभग 150 लोगों ने भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान उन लोगों को प्राथमिकता दी गई, जो रोजी-रोटी की तलाश में दूरस्थ इलाकों से आकर स्थानीय बाजारों में दातुन और पत्तल बेचते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर इन परिवारों के लिए यह भोजन सेवा किसी राहत से कम नहीं रही। भोजन वितरण के दौरान लोगों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ झलक रही थी। इस सेवा कार्य में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह के साथ उमाशंकर जायसवाल, प्रोफेसर रामानुज सिंह, लालू उरांव, रिंकू वर्णवाल, राजन करमाली, शिवकुमार यादव, गौरी शंकर महतो, लखन राम, कुल्लू मिश्रा और मोहम्मद शाहिद सहित कई समाजसेवी सक्रिय रूप से मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पूरे आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान पिछले एक दशक से लगातार चल रहा है और आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। उनका उद्देश्य केवल भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। राष्ट्रीय सेवा मंच का यह प्रयास क्षेत्र में मानवता और सामाजिक एकता की मिसाल बन चुका है। स्थानीय लोगों ने भी संस्था के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### ऐतिहासिक बना रामगढ़ का रामनवमी महापर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने जताया आभार



**रामगढ़ :** रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष रामगढ़ पूरी तरह भक्ति और उत्साह के रंग में रंगा नजर आया। भव्य झांकियों, आकर्षक अखाड़ों और विशाल शोभायात्राओं के साथ शहर का कोना-कोना राममय हो उठा। रामनवमी पूजा महासमिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर 2026 के इस आयोजन को ऐतिहासिक, अद्भुत और बेहद आकर्षक बताया। राजेश ठाकुर ने कहा कि रामगढ़ में आयोजित रामनवमी जुलूस, मंगला जुलूस और शोभायात्राओं में सभी अखाड़ों, अस्थायी झांकियों और हजारों रामभक्तों की सक्रिय भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने इस पर्व को यादगार बना दिया। उन्होंने इस भव्य आयोजन की सफलता के लिए रामगढ़ के सभी नागरिकों, श्रद्धालुओं और रामभक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक नजर

## खूंटी में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा : सचिव



**खूंटी** : खूंटी जिला क्रिकेट एसोसिएशन की बैठक रविवार को एसोसिएशन के खूंटी स्थित कार्यालय में कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा देने, मैचों के आयोजन, टर्फ विकेट निर्माण, खूंटी प्रीमियर लीग के आयोजन तथा अनुशासन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन में अनुशासन तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह खिलाड़ी हो या पदाधिकारी। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्रिकेट के बेहतर संचालन के लिए अनुशासन बनाए रखना जरूरी है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस सत्र के बचे हुए लीग मैचों की शुरूआत 31 मार्च से की जाएगी। पहला मुकाबला 31 मार्च को सुबह 8:30 बजे सीएफसी खूंटी और गुरुकुल के बीच खेला जाएगा। इसके अलावा तोरपा में महिला प्रदर्शनी मैच आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, ताकि जिले में महिला क्रिकेट को भी बढ़ावा मिल सके।
एसोसिएशन के सचिव अवधेश कश्यप ने कहा कि जिले में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। यहां क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। एसोसिएशन खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए उचित मंच प्रदान करने के लिए लगातार प्रयासरत है। बैठक में सह सचिव देवा हस्सा, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, अजीत जायसवाल, मनोज जैन, विकास मिश्रा, सुधांशु चौधरी, सोनू महतो, रोहित केरकेट्टा, अरुण मिश्रा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## करनडीह में हीरो सर्विस सेंटर में चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**पूर्वी सिंहभूम** : परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित करनडीह चौक के पास एक हीरो टू-व्हीलर सर्विस सेंटर में बीती रात चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात अपराधियों ने ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कैश काउंटर से करीब 50 से 55 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। सर्विस सेंटर में कार्यरत कर्मचारी तपन पाल के अनुसार, 28 तारीख की शाम करीब 07 बजे रोजाना की तरह काम खत्म कर सभी कर्मचारी प्रतिष्ठान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह जब वे वापस लौटे, तो मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा गया कि कैश काउंटर की खिड़की खुली हुई थी और गल्ले का लॉक भी तोड़ा गया था, जिसमें रखी पूरी नकदी गायब थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि इस चोरी की घटना में तीन लोग शामिल थे। सभी ने अपने चेहरे को मास्क से ढक रखा था। फुटेज में साफ दिख रहा है कि अपराधी पहले ताला तोड़ते हैं, फिर सीधे कैश काउंटर तक पहुंचकर नकदी निकालते हैं और मौके से फरार हो जाते हैं।
तपन पाल ने बताया कि यह सर्विस सेंटर पिछले छह वर्षों से अधिक समय से संचालित हो रहा है, लेकिन इस तरह की चोरी की घटना पहली बार हुई है। घटना के बाद तुरंत परसुडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। हालांकि, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस समय पर मौके पर नहीं पहुंची। फिलहाल पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपितों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# आनंदपुर बना बालश्रम मुक्त प्रखंड, ड्रॉप आउट रोकने के लिए स्कूलों में बनेंगे हॉस्टल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : जिले के आनंदपुर प्रखंड को बालश्रम मुक्त प्रखंड घोषित किया गया है। इस अवसर पर हाईस्कूल मैदान में बाल अधिकार सुरक्षा मंच की ओर से रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जगत माझी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रखंड के 1261 स्कूल से बाहर बच्चों में से 906 बच्चों को फिर से स्कूल से जोड़ा गया है, जबकि 355 बच्चे माइग्रेशन, मृत्यु या ओवरएज श्रेणी में पाए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक जगत माझी, जिला परिषद सदस्य विजय भेंगरा और प्रमुख दिलवर खाखा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जगत माझी ने कहा कि जागरूकता के कारण आनंदपुर बालश्रम मुक्त प्रखंड बन पाया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की 12वीं तक पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए सभी मध्य और उच्च विद्यालयों में हॉस्टल बनाए जाएंगे। जरूरत पड़ने पर डीएमएफटी फंड से शिक्षकों की नियुक्ति भी की जाएगी। कार्यक्रम में बाल सुरक्षा मंच के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। इसे शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। मौके पर प्रभुदयाल जोजो, सुशील डांग, सरविलन तोपनो, जयप्रकाश सिंह, संजीव गंताइत, सिलबिरयूस तिर्की, गोवर्धन सिंह, अब्राहम कंडुलना, सुनील सुरीन, सिलवंती सोय, फूलमनी खाखा, खुशबू कुमारी सहित एस्पायरकर्मी, ग्राम मुंडा, सेविका, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल** : सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड में 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ, जिसका समापन कल धुलोट के साथ होगा। कार्यक्रम में झारखंड एवं पश्चिम बंगाल से आए विभिन्न कीर्तन दलों ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। विशेषकर जागरण रात्रि में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां देर रात तक कीर्तन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। इस अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो एवं पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा माथा टेककर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती मिलती है। वहीं, हरेलाल महतो ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से धार्मिक एकता और आपसी भाईचारा सुदृढ़ होता है। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्थानीय ग्रामीणों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## गैस की किल्लत से परेशान सीएनजी ऑटो चालक ने गैस ऑफिस के सामने किया धरना प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के बरहेट प्रखंड क्षेत्र के अंजू इंदैन गैस ऑफिस के समीप मैदान में रविवार को सीएनजी ऑटो चालक एवं इंडियन क्लब के बैनर तले रविवार को धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व समाज सेवा संघ वी इंडियन क्लब ने किया। जिसका स्लोगन था: सेवा ही लक्ष्य है। धरना पर बैठे ऑटो चालक ने बताया कि ऑटो का मुख्य ईंधन सीएनजी है जो विगत एक माह से पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं होने के कारण पेट्रोल से चला रहे हैं और पेट्रोल की टंकी छोटी है जो सिर्फ आपातकालीन के लिए है। जिस कारण 20-30 किलोमीटर तक ही चल पाते हैं। गैस के किल्लत के कारण दैनिक मजदूरी भी नहीं उठा पाते हैं। उधर फाइनेंस कंपनी महीना पूरा होते ही किस्त के लिए कॉल करने लगता है। एक दिन देर होने पर 500 रुपया फाइन लगा देता है। जयराम साह नामक ऑटो चालक ने बताया कि ग्रुप लोन लेकर ऑटो किस्त में लिए हैं, अभी वर्तमान में ये हालत हो गई है कि महीना पूरा होते ही ग्रुप लोन वाला अलग परेशान कर रहा है और ऑटो का किस्त वाला अलग परेशान कर रहा है। इस समस्या के कारण दोनों किस्त भरने में असमर्थ हैं। ऑटो वाला धमकी देता है घर से ऑटो उठाकर ले जाएंगे तो इधर किस्त वाला घर पहुंच कर भला बुरा कहकर परेशान कर रहा है। जिस कारण सभी ऑटो वाले आर्थिक तंगी के साथ मानसिक प्रताड़ना भी झेल रहा है। अभी फिलहाल इस हड़ताल से ऑटो वाले का एक ही प्रमुख मांग है कि जब तक गैस की समस्या समाधान नहीं हो जाता है फाइनेंस कंपनी राहत दे। मौके पर दर्जनों की संख्या में ऑटो चालक मौजूद थे।

## विश्व कल्याण समिति के रक्तदान शिविर में 202 यूनिट रक्त संग्रहित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड के बांकादा मध्य विद्यालय में विश्व कल्याण समिति बांकादा-गागीबुरु, बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट, टैलेंट सर्च अकादमी झारोटेफ और प्रतीक फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 202 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर में पटमदा-बोड़ाम के युवाओं के साथ-साथ जमशेदपुर, घाटशिला और नीमडीह के युवाओं ने बड़ी उत्सुकता और ऊर्जा के साथ भाग लिया। शिविर में महिला रक्तदाता माधवी दास सहित 202 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर एक मिसाल कायम की। कार्यक्रम में युवाओं के बीच जागरूकता अभियान चलाने हेतु बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट और टैलेंट सर्च अकादमी ने संयुक्त रूप से सभी रक्तदाताओं के बीच हेलमेट उपहार स्वरूप भेंट की। रक्तदाता अपने रक्तदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवनदान करते है वहीं हेलमेट भी सड़क सुरक्षा का हेतु अत्यावश्यक है। हमेशा हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाए। विश्व कल्याण समिति के प्रबोध कुमार महतो , शिवचरण सिंह सरदार , बिरसा कृषि विकास ट्रस्ट के ललिता महतो, फुचुराम महतो, टैलेंट सर्च एकेडमी के हराधन महतो, झारोटेफ के जिलाध्यक्ष पंचानन महतो, सचिव उत्पल चक्रवती,कोषाध्यक्ष कार्तिक चंद्र गोप, प्रमुख प्रतिनिधि अंगद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि माणिक महतो, सनातन दास, मधुसूदन महतो, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, सदानंद महतो, धीरेन्द्रनाथ राय ,अश्विनी सिंह सरदार, दीनबंधु सिंह, पुरुषोत्तम विश्वनाथ, गणेश महतो, देवब्रत महतो, सुब्रत महतो, दयामय बाउरी, श्रावण सिंह ने कार्यक्रम को सफल करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## पुरुलिया-आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का नियमित संचालन तय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : उद्घाटन के बाद ठप पड़ी पुरुलिया-आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन को लेकर यात्रियों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। अब इस ट्रेन का नियमित संचालन तय कर दिया गया है और रेलवे ने इसकी समय सारणी भी जारी कर दी है। लंबे इंतजार के बाद क्षेत्रवासियों को दिल्ली, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी के लिए सीधी रेल सुविधा मिलने जा रही है। रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 14022/14021 पुरुलिया-आनंद विहार साप्ताहिक एक्सप्रेस का संचालन नियमित रूप से किया जाएगा। यह ट्रेन 2 अप्रैल से आनंद विहार टर्मिनल से प्रत्येक गुरुवार को चलेगी, जबकि पुरुलिया से 3 अप्रैल से प्रत्येक शुक्रवार को रवाना होगी। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि यह एक नियमित ट्रेन होगी, जिससे यात्रियों को स्थायी सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन आनंद विहार और पुरुलिया के बीच सासाराम, डेहरी ऑन सोन, गढ़वा रोड, डालटनगंज और रांची के रास्ते संचालित होगी। इस रूट पर चलने से पलामू सहित आसपास के जिलों के यात्रियों को राजधानी दिल्ली तक सीधी और सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। उल्लेखनीय है कि ट्रेन के उद्घाटन के बाद परिचालन रुक जाने से यात्रियों में निराशा थी और लोग लगातार रेलवे ऐप पर इसकी स्थिति देख रहे थे।

# मगही और भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटाने का विरोध, सहायक अध्यापकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : पलामू के मेदिनीनगर कचहरी परिसर में रविवार दोपहर को झारखंड राज्य सहयोगी संघर्ष मोर्चा पलामू जिला ईकाई की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव एवं संचालन अनुज कुमार दुबे ने किया। बैठक में झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के राज्य सदस्य विनोद तिवारी उपस्थित हुए। बिनोद तिवारी ने कहा कि मगही एवं भोजपुरी भाषा को टेट परीक्षा से हटा दिया गया है, इसे बचाने के लिए राजनीतिक पार्टी , समाजसेवी, छात्र संघ , शिक्षक संघ को एक मंच पर खड़ा होना होगा और सरकार को बताना होगा कि मगही भोजपुरी का आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेगा, जो सरकार के लिए महंगा पड़ेगा, सुनील पाठक ने कहा कि सरकार हमारी भाषा को मिटाकर हमारे मान सम्मान, प्रतिष्ठा, अस्मिता को मिटाना चाहती है जिसे पलामू के लोग सफल नहीं होने देंगे। जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पलामू प्रमंडल के सभी नौ विधायकों एवं सभी पूर्व विधायक को मांग पत्र दिया जाएगा और उन्हें इस आंदोलन में शामिल होने के लिए कहा जाएगा। अनुज दुबे ने कहा कि जो युवा डीएलएड, बीएड करके बैठे हुए हैं और टेट के इंतजार में हैं उनसे आग्रह है कि वे इस कार्यक्रम में भाग ले और आंदोलन को मजबूती दें। चैनपुर प्रखण्ड अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया ने कहा कि पलामू के प्रशिक्षण किए हुए युवा छात्रों के भविष्य के साथ सरकार खेलवाड़ कर रही है, इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कुड़ुख और नागपुरी भाषा लागू करने से पलामू प्रमंडल का अस्तित्व खतरे में है। मगही और भोजपुरी भाषा को लागू करवा के ही दम लेंगे। पिंटू सिंह ने कहा कि पलामू प्रमंडल के लोगों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है।

**सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी शुक्रवार को कचहरी परिसर में**

पलामू प्रमंडल के सभी विधायक, पूर्व विधायक, जिला परिषद सदस्य, शिक्षक संघ के प्रतिनिधि, मेयर, डिप्टी मेयर को बुलाकर इस आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए विचार विर्मश किया जायेगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव अनुज दुबे, प्रखंड अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया, पिंटू कुमार सिंह , सहित अन्य सहायक अध्यापक उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## बकायादारों का कटा विद्युत कनेक्शन



**साहिबगंज** : जिले के उधवा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में बिजली विभाग की टीम के द्वारा लगातार पांच हजार रुपए से अधिक बकाया वाले उपभोक्ताओं का अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काटा जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को विद्युत कनीय अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के उधवा, पियारपुर एवं मध्य पियारपुर में अभियान चलाया। इस दौरान बिजली विभाग की टीम ने बताया कि अभियान के दौरान पांच हजार से अधिक बकाया वाले 10 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया है। साथ ही उनलोगों को बकाया राशि जल्द-जल्द भुगतान करने के साथ-साथ विद्युत कार्यालय से आरसीडीसी रशीद लेकर ही बिजली उपयोग करने को कहा गया। मौके पर लाइनमैन रविन्द्र मंडल,अरूण मंडल,प्रकाश मंडल,पूरन साहा, इस्लाम शेख,शौकत शेख,दिपक मंडल सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा ने असम में किया चुनाव प्रचार



**खूंटी** : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने असम विधानसभा आम चुनाव 2026 को लेकर अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया और खूंटी के विधायक रामसूर्या मुंडा को असम के सारूपाथर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों विधायकों ने सोमवार को पार्टी प्रत्याशी साहिल मुंडा के साथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रैली और जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान की शुरूआत चोंगाजोन प्रखंड के पांजन मैदान से की गई। इस दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राजापुखुरी श्याम गांव, सिकंदरपुर, उरियामघाट, मोरान, गोहन गांव, तेंगाहोला गांव, गोंधोकोरी, कोइरी और जूनाकीपाथर समेत कई गांवों का दौरा कर लोगों से मुलाकात की तथा आगामी चुनाव में झामुमो को समर्थन देने की अपील की।
रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने ह्लएकता की शक्ति, संघर्ष का नामह्व के नारों के साथ पूरे क्षेत्र में प्रचार किया। सुदीप गुड़िया और राम सूर्या मुंडा ने कहा कि झारखंड से आए प्रतिनिधि असम के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और विकास व अधिकार की लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया गया है। प्रचार अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए, जिन्होंने गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों और प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने का काम किया।

## रामोत्सव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़




**खूंटी** : तोरपा प्रखंड के धोबी सोसो गांव रविवार को रामोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।हुए शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन लक्ष्मण सिंह ने किया। बौद्धिक सत्र के लिए गुमला से आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विकास कुमार निराला ने लगभग डेढ़ घंटे तक रामायण काल से लेकर महाभारत युग और वर्तमान समय की गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान चांपी गांव के लोगों ने वहां के धार्मिक स्थल को लेकर विहिप नेताओं से बातचीत की। सोटेया निवासी लक्ष्मण सिंह ने कहा कि वर्तमान समय को देखते हुए उपद्रवियों से किसी प्रकार की खरीद-बिक्री नहीं करने तथा उन्हें गांव में प्रवेश नहीं करने देने की आवश्यकता है।
कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के एमपी सिंह ने गांवों में एकता और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। वहीं संगठन मंत्री उमेश मांझी ने संगठन विस्तार की बात कहते हुए विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की पंचायत कमेटी के गठन का आह्वान किया। इस दौरान दिलीप सिंह को पंचायत अध्यक्ष और लक्ष्मण सिंह को कर्रा प्रखंड मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही सैकड़ों महिला-पुरुषों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक सिंह, राजेश सिंह सबल सिंह, विरेश्वर सिंह, अभिषेक सिंह, रामावतार सिंह, फागु साहू, शिवनारायण सिंह सहित अन्य ने योगदान दिया।
कार्यक्रम में चांपी, मिटकोरा इचा, गरगंजी, जरिया गढ़, जम्हार, गुमडु , सोटेया, तिरला आदि गांव के सनातनी शामिल हुए।

## नाबालिग युवती ने की आत्महत्या, फोन पर विवाद के बाद उठाया कदम



**पलामू** : पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंदरिया गांव में एक 17 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली है। युवती पड़वा थाना क्षेत्र के मानआहार गांव की रहने वाली बताई जा रही है। कुछ दिनों से वह अपनी फुआ के घर मुंदरिया गांव में रह रही थी। जानकारी के अनुसार शनिवार की शाम करीब चार बजे उसका किसी परिचित युवक से फोन पर विवाद हो गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से काफी परेशान हो गई और कथित तौर पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद परिजन बिना सूचना दिए शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव मानआहार ले जाने लगे। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी लेस्लीगंज थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय को दे दी। जिसके बाद उन्होंने पड़वा थाना प्रभारी अंचित कुमार को पूरे मामले की जानकारी दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पड़वा थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

एक नजर

## बोकारो में टू गांधीयन समूह की हुई बैठक



**बोकारो** : बोकारो के नगर उद्यान में टू गांधीयन समूह की बैठक हुई। बैठक में समूह द्वारा किये गये कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समूह के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो उर्फ तारा बाबू ने की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। समूह पिछले दो वर्षों से लगातार गांधी जी के विचार प्रसारित करने के साथ अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी सक्रिय रहा है। शैलेश कुमार दुबे ने रांची में गत दिनों हुए जलवायु परिवर्तन, निजीकरण और जन कल्याण पर हुए राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में प्रस्तुत प्रस्तावों की जानकारी दी। सचिव रीतेश चौबे ने समूह के पिछले दिनों किये कार्यक्रमों की जानकारी दी। अगला कार्यक्रम गांव की तरफ चलने और जनजागरण जैसे कार्यक्रम चलाने की आवश्यकता बतायी। साथ ही शीघ्र ही संस्था का निबंधन कराने का प्रस्ताव रखा जिसे उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया। अनुप चौबे ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल में झारखंड जनाधिकार महासभा द्वारा प्रस्तावित सम्मेलन में समूह के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसमें झारखंड के ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा होगी। बैठक में मौजूद आरपी वर्मा ने गांधी जी के विचार पर आधारित कविता का पाठ किया। बैठक में उपाध्यक्ष संध्या मिश्रा, विकास पांडेय, कुमार राकेश, अनिता सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर पंकज चौधरी, कंचन कुमारी, राम कुमार महतो, सुनील कुमार सिंह, कृष्णा कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 11 हजार वोल्ट का पोल क्षतिग्रस्त

**कोलेबिरा** : प्रखंड अंतर्गत अघरमा पंचायत क्षेत्र के पहाड़ टोली के समीप 11,000 वोल्ट का विद्युत पोल 26 मार्च को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने कोलेबिरा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी एवं युवा विधानसभा अध्यक्ष अमृत डुंगडुंग को दी। सूचना मिलते ही दोनों नेताओं ने तत्परता दिखाते हुए कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी को अवगत कराया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी ने तुरंत कोलेबिरा एसडीओ को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीओ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित किया, जिसके बाद क्षतिग्रस्त विद्युत पोल को शीघ्र दुरुस्त कर दिया गया। ग्रामीणों ने समय पर कार्रवाई के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खजूर रविवार त्याग सेवा और मानवता का संदेश देता है : अमृत चिराग तिर्की

**सिमडेगा** : ईसाई धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व पाम संडे के अवसर पर आज सिमडेगा जिले के विभिन्न चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने खजूर की डालियों के साथ प्रभु यीशु के यरूशलेम आगमन की स्मृति में शोभायात्रा निकाली और शांति, प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। सुबह से ही चर्च परिसरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रभु यीशु के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर भारत आदिवासी पार्टी के सिमडेगा जिला अध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने अपने संदेश में कहा कि खजूर रविवार हमें त्याग, सेवा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# उपायुक्त ने प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : पलामू जिले के रामगढ़ प्रखंड के बाजार परिसर में प्रधानमंत्री वन धन विकास केंद्र एवं चारा निर्माण इकाई का शुभारंभ किया गया। केंद्र का जिले के उपायुक्त समीरा एस, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, अनुमंडल पदाधिकारी श्रीमती सुलोचना मीणा, प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल, डीपीएम जेएसएलपीएस श्रीमती अनीता केरकेट्टा तथा रामगढ़ मुखिया उमा शंकर प्रसाद की ओर से संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वयं सहायता समूह की दीदियों की ओर से गुलदस्ता देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रामगढ़ जैसे आदिम जनजाति बहुल क्षेत्र में आज दो महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिससे यहां की दीदियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वन धन विकास केंद्र के माध्यम से दोना-पत्तल का निर्माण, प्रसंस्करण एवं विपणन किया जाएगा। वहीं प्रशिक्षु आईएएस हिमांशु लाल की विशेष पहल पर चारा निर्माण इकाई समूह से जुड़ी आदिम जनजाति महिलाओं के साथ संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से पशुपालकों को स्थानीय स्तर पर पशु चारा उपलब्ध होगा तथा महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उप विकास आयुक्त ने बताया कि इन इकाइयों के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूह की दीदियों को उद्यमी के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने दीदियों को प्रोत्साहित करते हुए उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग आय सृजन गतिविधियों में करने की बात कही। अनुमंडल पदाधिकारी ने दीदियों को इन दोनों योजनाओं के लिए बधाई दी और इसे आगे बढ़ाने पर बल दिया। प्रशिक्षु आईएएस ने कहा कि चारा निर्माण इकाई के संचालन एवं नियमित उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा उत्पादित चारा की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर भी कार्य किया जाएगा, ताकि उत्पाद को व्यापक बाजार मिल सके और महिलाओं की आय में वृद्धि हो। रामगढ़ मुखिया ने जेएसएलपीएस की योजनाओं की सराहना की और बताया कि इनके माध्यम से दीदियां सशक्त हो रही हैं। इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन एवं विभाग का आभार व्यक्त किया।

## सेल्फी के चक्कर में हादसाः हाई टेंशन तार की चपेट में आकर युवक की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो रेलवे गुड शेड के हम्प यार्ड में सेल्फी लेना सात युवकों के लिए भारी पड़ गया। इस दर्दनाक हादसे में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से झुलस गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सात युवक यार्ड में रिल बनाने और फोटो खींचने पहुंचे थे। इसी दौरान अभिमन्यु चटर्जी ट्रेन पर चढ़कर सेल्फी ले रहा था, तभी वह करीब 25 हजार वोल्ट के हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया। उसे बचाने के लिए आगे बढ़े कौशिक शर्मा भी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने कौशिक शर्मा को मृत घोषित कर दिया। अभिमन्यु चटर्जी का इलाज जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक कौशिक शर्मा बारी को-ऑपरेटिव का निवासी था, जबकि घायल अभिमन्यु चटर्जी सेक्टर-12 का रहने वाला है। आरपीएफ की एएसआई अरुणा उरांव ने बताया कि घटना के समय सभी सात युवक मौके पर मौजूद थे, जिनमें से दो इस हादसे का शिकार हुए। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि रेलवे क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही से बचें, क्योंकि यह जानलेवा साबित हो सकती है।

# कोडरमा में तीन सड़क हादसे में एक युवक की मौत, 18 घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : कोडरमा जिले में तीन अलग सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गयी। जबकि 18 लोग घायल हो गए। कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल के समीप शनिवार की देर रात सड़क हादसा में दो कार में सवार लगभग 12 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। कार चालक चंदन कुमार ने बताया कि वे अपने परिवार संग बिहार से रांची जा रहे थे। उनके ठीक पीछे एक अन्य कार में भी कुछ लोग सवार होकर बिहार से रामगढ़ स्थित रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान कोडरमा घाटी के नौवां माइल के समीप विपरीत दिशा से एक हाईवा आ रही थी, जो काफी तेज गति में थी। हाईवा जो अपने लेन में जा रही थी, अचानक से अनियंत्रित होकर अपने लेन से हटकर इनके लेन में आ घुसी और एक साथ मौजूद तीन कार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दो कार में सवार लगभग 10 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। स्थानीय लोगों तथा मौके पर मौजूद पीसीआर के पुलिस जवानों ने एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। घायलों में नालंदा (बिहार) निवासी श्वेता कुमारी (35), शिवन्ति देवी (40), अदिति राज (15), रामशंकर पासवान (40), प्रिंस कुमार (18), संजय पासवान (35), अभिराज कुमार (10), आराध्या कुमारी (8), जनक देवी (45) तथा चंदन कुमार (31) शामिल हैं। वहीं, दूसरी घटना कोडरमा थाना क्षेत्र के चिगलावर गांव की है। जहां जयनगर थाना क्षेत्र के पावरहाउस डंडाडीह के रहने वाले राजन कुमार अपने मित्र आकाश ठाकुर व एक अन्य मित्र के साथ जयनगर प्रखण्ड अन्तर्गक्त हीरोडीह मेला घूमने जा रहा था। इसी दौरान चिगलावर के समीप एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक सड़क के किनारे गिर गए और बुरी तरह से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों को सदर अस्पताल भेजा जहां इलाज के क्रम में राजन कुमार (17) की मौत हो गई। जबकि आकाश ठाकुर को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। रविवार की सुबह राजन के शव का पोस्टमार्टम करने के पश्चात उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं, तीसरी घटना तिलैया थाना क्षेत्र के महतोआरा के पास हुई। बेकोबार से रजरप्पा के छिन्नमस्तिका मंदिर जा रहे एक कार में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसमें सवार छह लोग घायल हो गए।

# अंजुमन इस्लामिया इस्लामपुर ने नप के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : अंजुमन इस्लामिया इस्लामपुर के द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। अंजुमन के सदर मो नौशाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्यों का स्वागत किया गया। अंजुमन के ओहदेदारों ने नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओलिवर लकड़ा, उपाध्यक्ष दीपक रिंकू और वार्ड सदस्य रोसा केरकेट्टा, आयशा खातून, ईस्मत जहां, और मो वसीम हीरू को पौधा देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर अंजुमन के सदर मो नौशाद और सेक्रेटरी मो इम्तियाज ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से शहर के सर्वांगीण विकास की बात कही। उन्होंने अंजुमन इस्लामिया इस्लामपुर के द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी जानकारी देते हुए भविष्य की योजना भी बताई। मौके पर नप अध्यक्ष ओलिवर लकड़ा ने अंजुमन के स्वागत के लिए आभार जताते हुए कहा कि एक अध्यक्ष के रूप में शहर के सभी लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के विकास में बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चला जाएगा। उपाध्यक्ष दीपक रिंकू ने भी सभी के सहयोग से शहर की दशा और दिशा को बदलने की बात कही। उन्होंने युवाओं से जागरूक होकर आगे आने की बात कही। उन्होंने युवाओं से कहा कि एक ऐसे सिमडेगा का निर्माण करना है जहां धर्म और जाति का कोई भेदभाव नहीं रहेगा। मौके पर अयूब अंसारी, जफर खान, वसीम अकरम, असद अंसारी, शमीउल्ला अंसारी, मो साकिर, मो मिन्हाज, शकील, मो नईम, आफताब आदि उपस्थित थे।

## झील से महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत डिमना झील से रविवार को 43 वर्षीय महिला का शव बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान सोनारी कुम्हार पाड़ा निवासी संजू साहू (पतिझदेवानंद साहू) के रूप में की गयी है। जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर कुछ स्थानीय लोगों ने झील में एक महिला का शव तैरता देखा। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना तुरंत बोड़ाम थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से शव को झील के गहरे पानी से बाहर निकाला। पुलिस जांच के दौरान शव के पास से एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें आधार कार्ड, तीन सिम कार्ड, नकदी सहित अन्य सामान मिले। इन दस्तावेजों के आधार पर महिला की पहचान संजू साहू के रूप में की गई। बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले झामुमो समर्थित उम्मीदवारों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) जिला समिति की ओर से चाईबासा और चक्रधरपुर नगर निकाय चुनाव में जीत हासिल करने वाले झामुमो समर्थित उम्मीदवारों के लिए रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान चाईबासा नगर परिषद अध्यक्ष नितिन प्रकाश और चक्रधरपुर नगर परिषद अध्यक्ष सन्नी उरांव को सम्मानित किया गया। सन्नी उरांव ने कहा कि पहले नगर निकाय चुनाव में झामुमो समर्थित उम्मीदवारों को कम वोट मिलते थे, लेकिन इस बार जनता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर विश्वास जताते हुए पार्टी को जीत दिलाई है। उन्होंने कहा कि आने वाले पंचायत चुनाव में भी झामुमो मजबूती से चुनाव लड़ेगी। नितिन प्रकाश ने कहा कि चाईबासा नगर के विकास में कोई बाधा नहीं आएगी। रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हुई बातचीत में शहर के विकास को लेकर स्पष्ट आश्वासन मिला है। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होगी। पश्चिमी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन ने कहा कि नितिन प्रकाश और सन्नी उरांव की जीत से दोनों नगरों का विकास तेज होगा। झामुमो जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम ने इस जीत के लिए विधायक सह मंत्री दीपक बिरुवा, सांसद जोबा माझी, निरल पूर्ति, सुखराम उरांव और जगत माझी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पार्टी शहरी मतदाताओं के बीच मजबूत हुई है। समारोह में राहुल आदित्य, बुधराम लागुरी, भुवनेश्वर महतो, मोनिका बोयपाई, दिनेश चंद्र महतो, मिथुन गागराई, दीपक प्रधान, अशोक दास, अकबर खान, प्रेम मुंडरी, मन्नाराम कुदादा, अभिषेक कुमार सिंकू, सनातन पिंगुवा, मंजीत हासदा, दुर्गा चरण देवगम, सतीश सुंडी, सोंगा बुढ़िउली, राहुल तिवारी, वासिम अकरम, मो. तैसिन सहित अन्य मौजूद थे। बैठक में हालिया नगर निकाय चुनाव और बीएल-2 से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। अंत में दिवंगत झामुमो कार्यकर्ताओं की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया।

संक्षिप्त खबरें

## फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए बीएसएल ने साइक्लोथॉन का किया आयोजन



**बोकारो** : देशव्यापी फिट इंडिया मूवमेंट के आलोक में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 29 मार्च को सेल- बोकारो साइक्लोथॉन 2026 का आयोजन किया गया। फिटनेस, एक्टिव मोबिलिटी और पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बोकारो सहित अन्य शहरों से आए 600 से अधिक साइकिलिस्ट ने भाग लिया। साइक्लोथॉन को फ्लैग-ऑफ बीएसएल निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन ने किया। इस मौके पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) चित्त रंजन मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बिभूति भूषण करुणामय तथा अधिशासी निदेशक (खान) विकास मनवटी सहित विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। 14 किलोमीटर की यह प्रतियोगिता प्रातः 6:30 बजे सेक्टर-4 स्थित आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के निकट से प्रारंभ हुई। प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग पर दो राउंड पूरे करने थे जिसमें पथरकट्टा चौक, राम मंदिरचौक, राजेंद्र चौक और गांधी चौक शामिल थे, और अंत में वे पुनः प्रारंभिक स्थल पर लौटे। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों की सुरक्षा, पेयजल और चिकित्सीय सुविधा के इंतेजाम किए गए थे। पुरुष और महिला प्रतिभागियों के लिए कुल श्रेणियों में आयोजित साइक्लोथॉन के समापन पर विजेताओं को मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी प्रिय रंजन तथा अन्य वरीय अधिकारियों ने पुरस्कृत किया। यह साइक्लोथॉन लोगों को साइकिलिंग को एक स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल परिवहन के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवनशैली की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगा।

## दुबई में गोमिया के प्रवासी श्रमिक की मौत, पार्थिव शरीर लाने के लिये सरकार से लगाई गुहार

**बोकारो** : कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने दुबई गए बोकारो जिला के गोमिया के प्रवासी श्रमिक मनोज कुमार महतो की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों को इसकी सूचना तब मिली जब पूरा परिवार रामनवमी की खुशियां मना रही थी। जिसके बाद खुशियों का माहौल मातम में तब्दील हो गया। इकलौते बेटे की असामयिक मौत से जहां माता-पिता हतप्रभ हैं, उन्हें विश्वास नहीं हो रहा कि बेटा दुनिया में नहीं रहा वहीं पत्नी पूरी तरह निःशब्द है। मृतक गोमिया के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के बड़की सीधाबारा पंचायत का रहने वाला था और दुबई कमाने के लिए बीते 8 मार्च को एजेंट के माध्यम से घर से निकला था। इसी दौरान स्थानीय मुखिया रीतलाल महतो के मोबाइल पर उसके मौत हो जाने की खबर आई। लेकिन आखिर उसकी मौत हुई कैसे हुई यह न एजेंट बता रहा न संबंधित कंपनी द्वारा बताया जा रहा। परिजन संबंधित कंपनी और स्थानीय एजेंटों से बार-बार संपर्क कर रही है,लेकिन मौत के अलग-अलग कारण बताया जा रहा है। वहीं घटना की सूचना के बाद से पूरे सीधाबारा गांव में पूरी तरह मातम पसरा हुआ है, वहीं इकलौता पुत्र के साथ-साथ इकलौता कमाऊ सदस्य की मौत ने बूढ़े माता-पिता, पत्नी को बेसहारा कर दिया है। परिवार सरकार से घटना की जांच कर पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द घर वापसी कराने की गुहार लगा रहें हैं।

## धूमधाम से मनाया गया खजूर पर्व, जलडेगा के विभिन्न आर.सी. चर्चों में विशेष मिस्सा पूजा आयोजित



**जलडेगा** : प्रखंड क्षेत्र के आर.सी. चर्च गांगुटोली में रविवार को खजूर पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पल्ली पुरोहित फादर फ्रांसिस जेवियर सोरेंग एवं फादर अजीत विनय सोरेंग द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही खजूर की डालियों पर पवित्र जल का छिड़काव कर श्रद्धापूर्वक आराधना की गई। इस दौरान फादर फ्रांसिस जेवियर सोरेंग ने खजूर पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आध्यात्मिक संदेश दिया। कार्यक्रम में मसीही समुदाय के काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वहीं आर.सी. चर्च कुटुंगिया में फादर अनुप टोप्पो द्वारा मिस्सा पूजा संपन्न कराई गई, जिसमें सहयोगी के रूप में नुवास बिलगुन एवं अनमोल खेस्स उपस्थित थे। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वहां भी खजूर पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। इसके अलावा प्रखंड के जलडेगा, भीतबुना सहित विभिन्न आर.सी. चर्चों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन कर श्रद्धा और भक्ति के साथ खजूर पर्व मनाया

## चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि हाटगम्हरिया गांव की रहने वाली शनिवारी सिंकु ने अपने घर से मोटरसाइकिल चोरी होने की शिकायत शनिवार को थाना में दर्ज कराई थी। इस शिकायत के आधार पर हाटगम्हरिया थाना में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली। आरोपित ने बताया कि उसने पहले दिन में घर की रेकी की थी और रात में चारदीवारी के भीतर घुसकर बिना लॉक लगी मोटरसाइकिल को धक्का देकर चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच09एफ6132) बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपित की पहचान वजरंग खण्डाईत (24) के रूप में हुई है। वह हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

## टाटानगर रेलखंड के कई मेमू ट्रेन रद्द

**पूर्वी सिंहभूम** : टाटानगर और आसपास के रेलखंड में परिचालन व्यवस्था के तहत कई कोचिंग ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इसके तहत कुछ मेमू ट्रेनें रद्द रहेंगी, कुछ ट्रेनों का आंशिक संचालन किया जाएगा, जबकि कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। साथ ही पहले रद्द की गई कुछ लंबी दूरी की ट्रेनों को पुनः बहाल करने का निर्णय लिया गया है। रविवार को रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार आद्रा-मिदनापुर-आद्रा मेमू ट्रेन संख्या 68090/68089 31 मार्च, तीनअप्रैल और पांच अप्रैल 2026 को रद्द रहेगी। वहीं बोकारो-चंद्रपुरा-बराकर (बीजेई-सीआरपी-बीजेई) मार्ग पर चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 68079/68080 31 मार्च, तीन, चार और पांच अप्रैल को नहीं चलेगी।

**एक नजर**

## अमड़ापाड़ा में सनातन एकता मंच की महत्वपूर्ण बैठक आज

**अमड़ापाड़ा** : जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत दुर्गा मंदिर के नीचे स्थित हॉल में सोमवार को संध्या 7 बजे सनातन एकता मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजकों की ओर से मंच के सभी सम्माननीय सदस्यों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने टोला एवं मोहल्ला के अधिक से अधिक सनातनी भाइयों को साथ लेकर बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में एकजुटता को बढ़ावा देना और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाना है। आयोजन समिति ने सभी लोगों से समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## पति को डीजे पर डांस करना पड़ा भारी, पत्नी ने कीटनाशक खाकर दी जान

**दुमका** : जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के शहरो गांव में शनिवार रात एक घरेलू विवाद घरेलू विवाद में मामला बढ़ गया। दरअसल घर में शादी का माहौल था और डीजे की धुन पर जश्न चल रहा था। इसी दौरान पति के डांस करने को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बताया जाता है कि विवाद धीरे-धीरे बढ़ता गया और आवेश में आकर पत्नी सूर्या देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उसे इलाज के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी हालत गंभीर बनी रही और उसकी मौत हो गई। इस घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और पूरे परिवार में शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा का रखें विशेष ध्यान : डीसी

**देवघर** : देवघर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा व व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए समाहरणालय सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ बैठक की। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विस्तार से चर्चा की गई। डीसी ने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखें। डीसी ने कहा कि मंदिर में सुगम जलार्पण व भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त रखने व सतत निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। बढ़ती गर्मी को देखते हुए परिसर में नियमित जल छिड़काव करने, पर्याप्त पेयजल व्यवस्था व स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने का निर्देश दिया। फुट ओवरब्रिज के मजबूतीकरण को लेकर अभियंताओं को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पुरुष व महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय, स्नानागार व जलापूर्ति की सुविधा सुनिश्चित करें. बैठक में डीडीसी पीयूष सिन्हा, एसडीओ रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व अभियंता मौजूद रहे।

# विसर्जन शोभा यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : नगर के सकरोगढ़ बड़ी चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला सार्वजनिक चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर और तुरी टोला दुर्गा मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया। दोपहर 3 बजे के बाद से पूजा समितियों द्वारा नगर भ्रमण करते हुए गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्तों की जयकारों के बीच विसर्जन यात्रा निकाली गयी। विसर्जन से पहले श्रद्धालु महिलाओं ने मां दुर्गा की खोईछा भराई और सिंदूर लगाने की परंपरागत रस्म पूरी की। इस दौरान महिलाओं ने सिंदूर की होली खेलकर माता को विदाई दी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु जय दुर्गे-जय दुर्गे, अगले बरस फिर आना मां, दुर्गा मइया की जय जैसे जयघोष लगाते चल रहे थे। विसर्जन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शाम में गंगा तट पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया।शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों के साथ लाठी-खेल का प्रदर्शन भी किया, जिससे वातावरण में उत्साह और भक्ति का संचार हुआ।

**कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ विसर्जन**

साहिबगंज डीसी हेमंत सती और एसपी अमित कुमार सिंह की संयुक्त निगरानी में विसर्जन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन ने सभी संवेदनशील और अति-संवेदनशील इलाकों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया था। चौक-चौराहों पर बांस की बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे, जनरेटर लाइट और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की गयी थी। पूजा समितियों ने समय से पहले ही प्रतिमाओं का विसर्जन कर दिया। इस दौरान एसडीओ अमर जॉन आईंद, एसडीपीओ किशोर तिर्की, बरहेट, बोरियो और मंडरो के सीओ व बीडीओ, नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, और जिला के सभी थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी लगातार गश्त कर रहे थे। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक गीत या धर्म से जुड़ी उत्तेजक सामग्री को बजाने से रोकने के लिए सख्ती बरती गयी।

**जगन्नाथपुरी की तर्ज पर भक्तों ने खींची रथ की रस्सी**

सकरोगढ़ बड़ी चैती दुर्गा मंदिर परिसर से निकली शोभायात्रा में भक्तजन जगन्नाथपुरी की तर्ज पर रथ की रस्सी खींचते नजर आए। दोपहर से ही रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में जुटने लगी थी। महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक रथ की रस्सी खींचते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से यात्रा करते हुए गंगा तट तक माता की प्रतिमा को पहुंचाया। इस दौरान जय मां दुर्गा, दुर्गा महारानी की जय जैसे जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए गर्मी से राहत देने हेतु शरबत और ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया।

**बिजली आपूर्ति रही बाधित**

विसर्जन कार्यक्रम के मद्देनजर रविवार दोपहर 1 बजे से शहर के 2 और 3 नंबर फीडरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। यह स्थिति रात तक बनी रही, जिससे कुछ क्षेत्रों में लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ा।

# एफसीआई गोदाम के संवेदक का शव रेलवे लाइन से बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : महादेवगंज स्थित पेट्रोल पंप डीजल भराने गए एफसीआई गोदाम के ठेकेदार का शव रविवार को महादेवगंज स्थित रेलवे पोल संख्या 235/3 के पास रेल पटरी किनारे से मिला है। अब यह हत्या है या सिर्फ एक हादसा यह जांच का विषय है। जानकारी के मुताबिक एफसीआई गोदाम के ठेकेदार सह मैनेजर हजारीबाग के मनोज कुमार (56) था। मृतक साहिबगंज के आजाद नगर में किराए के मकान में रहता था। ठेकेदार के साथ काम करने वाले सुरेश यादव ने बताया कि शनिवार की शाम करीब साढ़े छह बजे वे अपने बोलेरो कैम्पर गोल्ड लेकर डीजल भराने महादेवगंज गये थे। रात में वापस नहीं लौटा। हालांकि रविवार की सुबह घटना की जानकारी मिली है। वही मृतक का चार चक्का वाहन पेट्रोल पंप के पास ही खड़ा मिला है। अब सवाल उठता है कि ठेकेदार जब डीजल भराने के लिए पेट्रोल पंप गया तो फिर गाड़ी भी वही खड़ी थी। तो फिर ठेकेदार रेलवे लाइन पर कैसे पहुंचा कही किसी साजिश के तहत उसे वहां ले गया होगा या सिर्फ एक सामान्य हादसा है ऐसे कई सवाल उठ रहे हैं। मृतक के सर में गंभीर चोट लगी है व चेहरा में भी जख्म है। इधर पुलिस के अनुसार प्रथम द्दष्टया किसी ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जता रही है। हालांकि जांच के बाद ही हकीकत समाने आएगी। पुलिस गहराई से जांच में जुटी है।

# पाकुड़ के महेशपुर में चला बुलडोजर गोचर भूमि से 49 अवैध दुकानें हटाई गईं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/महेशपुरः** जिले के महेशपुर अंचल अंतर्गत हाथीमारा मौजा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गोचर (चरागाह) भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। अभियान के दौरान बुलडोजर चलाकर 49 अवैध दुकानों और अन्य निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया, जिससे वर्षों से कब्जाई गई सरकारी जमीन को खाली कराया जा सका। यह कार्रवाई एसडीपीओ विजय कुमार और अंचल अधिकारी संजय कुमार सिन्हा की मौजूदगी में की गई। उनके साथ दंडाधिकारी संजय मुर्मू, राजस्व कर्मियों की टीम तथा भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा, ताकि अभियान के दौरान किसी प्रकार की बाधा या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथीमारा मौजा स्थित गोचर भूमि पर लंबे समय से अवैध तरीके से दुकानें और अन्य संरचनाएं खड़ी कर ली गई थीं। इसको लेकर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगातार प्रशासन से शिकायत की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने भूमि की नापी कराई, जिसमें स्पष्ट रूप से सरकारी गोचर जमीन पर अतिक्रमण की पुष्टि हुई। बताया जाता है कि कार्रवाई से पूर्व अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस देकर जमीन खाली करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, निर्देशों का पालन नहीं होने पर प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों के अनुसार, गोचर भूमि पर कब्जा होने से पशुओं के चरने के लिए जगह नहीं बची थी, जिससे काफी परेशानी हो रही थी।

# बाइक की चपेट में आने से 4 वर्षीय बच्चे की मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : जिले के राजमहल में रविवार को हुए सड़क हादसे में एक चार साल के बच्चे की जान चली गई। राजमहल-साहिबगंज फोर लेन पर बुधवरिया गांव के पास बच्चा बाइक की चपेट में आ गया था। बाइक से इतनी जोरदार टक्कर लगी कि बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना रविवार सुबह करीब 11.30 बजे की है। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। बाइक सवार भी हुआ घायल

पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान बुधवरिया गांव निवासी झगड़ू मंडल के चार वर्षीय पुत्र राजकुमार मंडल के रूप में हुई है। वहीं, बाइक चला रहे शोभापुर गांव निवासी प्रह्लाद मंडल असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े और बेहोश हो गए। उन्हें भी गंभीर चोटें आई हैं।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार में मातम छा गया है। बच्चे की मां पुष्पा देवी बार-बार बेहोश हो जा रही थीं। गांव में भी सन्नाटा पसरा हुआ है और हर कोई इस हादसे से स्तब्ध है।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन और थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। जनप्रतिनिधि भी पहुंचे मौके पर

घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश मंडल और स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।

**सुरक्षा को लेकर उठे सवाल**

इस हादसे ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया चैती दुर्गा विसर्जन जुलूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज** : शहर के चैती दुर्गा पूजा का विसर्जन जुलूस रविवार दोपहर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ चैती दुर्गा, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा, और चौक बाजार चैती दुर्गा, से धूमधाम से निकाला गया। इस दौरान एसपी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापक और कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस विभाग द्वारा पहले से ही इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि सभी संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए थे। जुलूस के दौरान लगभग चार ड्रोन कैमरों की मदद से विभिन्न क्षेत्रों की निगरानी की जा रही थी। नगर क्षेत्र में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से हर गली-मोहल्ले की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। अति संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त ड्रोन कैमरों का भी प्रयोग किया गया। जुलूस के दौरान शहर के कुछ ऊंचे भवनों और प्रतिष्ठानों पर पहले से ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को रोका जा सके। संवेदनशील क्षेत्रों में बैरिकेडिंग, लाइटिंग और सीसीटीवी कैमरे की विशेष व्यवस्था की गई थी। विसर्जन के मद्देनजर जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस बल की व्यापक तैनाती की गई थी। इसमें एसडीपीओ किशोर तिर्की, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी, बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल, बोरियो प्रभाग के पुलिस निरीक्षक, सार्जेंट मेजर, नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अमित कुमार गुप्ता, मिर्जा चौकी एवं बोरियो थाना प्रभारी सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी शामिल रहे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आज पाकुड़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की वार्षिक आम बैठक की गई। इस अवसर पर एसोसिएशन द्वारा उपायुक्त सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर उपायुक्त ने एसोसिएशन को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि जिले के सभी केमिस्ट भाई-बहन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रखंडों में दवा दुकानों के माध्यम से बेहतर सेवा दी जा रही है, जो सराहनीय है। बैठक के दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आवश्यक दवा दुकानों की रात्रि सेवा सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक प्रखंड में शिफ्ट आधारित व्यवस्था लागू की जाए, ताकि आमजनों को आपातकालीन स्थिति में दवाइयां आसानी से उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था पाकुड़ प्रखंड में प्रारंभ की जा चुकी है तथा अन्य प्रखंडों में भी इसे लागू करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही बैठक में नकली दवाइयों की रोकथाम एवं ड्रग नियंत्रण से संबंधित विषयों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त ने सभी केमिस्टों को इस दिशा में सजग रहने एवं प्रशासन को सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन स्वास्थ्य व्यवस्था का एक अहम स्तंभ है और दवा दुकानदार आमजन के लिए फर्स्ट रिस्पॉन्डर के रूप में कार्य करते हैं। उन्होंने दवा दुकानों में इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम को और सुदृढ़ करने पर भी जोर दिया, ताकि आवश्यक दवाओं की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित की जा सके।

कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ केमिस्ट सदस्यों को सम्मानित भी किया गया, जो वर्षों से जिले में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।


**संक्षिप्त खबरें**

## जागरणह्न प्रशिक्षण : पाकुड़ जिला अध्यक्ष ने मजदूरों संग किया श्रमदान




**पाकुड़** : झारखण्ड के चाईबासा में आयोजित झारखण्ड एवं उड़ीसा के जिला अध्यक्षों का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम "जागरण" अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए आठवें दिन भी पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ जारी रहा। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर में पाकुड़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री कुमार सरकार ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए श्रमदान कर अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। प्रशिक्षण के आठवें दिन प्रतिभागियों को व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से चाईबासा से लगभग 50 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र में ले जाया गया, जहां उन्होंने मनरेगा मजदूरों के साथ मिलकर कार्य किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री कुमार ने स्वयं श्रमदान करते हुए मजदूरों के साथ काम किया और ग्रामीण जीवन की वास्तविक परिस्थितियों को करीब से समझा। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित न रखकर उन्हें जमीनी स्तर पर हो रहे विकास कार्यों, विशेषकर मनरेगा जैसी योजनाओं के क्रियान्वयन से सीधे जोड़ना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभागियों को यह समझने का अवसर मिल रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाएं किस प्रकार संचालित होती हैं और आम लोगों को इसका कितना लाभ मिल रहा है। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सभी जिला अध्यक्षों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया। प्रतिभागियों ने माना कि इस तरह के प्रशिक्षण से जनसेवा की दिशा में कार्य करने की नई प्रेरणा मिलती है और भविष्य में जनता की समस्याओं को अधिक संवेदनशीलता और प्रभावशीलता के साथ समाधान किया जा सकेगा। पाकुड़ जिला कांग्रेस के लिए यह गर्व की बात है कि उनके जिला अध्यक्ष इस तरह के महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में न केवल शामिल हो रहे हैं, बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संगठन को और मजबूत करने की दिशा में प्रयासरत हैं।

## पाकुड़ रेलवे स्टेशन महावीर मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव



**पाकुड़** : पाकुड़ रेलवे स्टेशन परिसर स्थित संकट मोचन महावीर मंदिर में आगामी 2 अप्रैल, गुरुवार के पावन अवसर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर परिसर में भव्य आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजकों के अनुसार, संध्या 6:00 बजे विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद मंदिर में आरती, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन का संचालन मोनी व्यास जी एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। सामाजिक कार्यकर्ता हिसाबी राय ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव का सनातन धर्म में विशेष महत्व है। भगवान हनुमान को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का परम भक्त माना जाता है और यह पर्व उनकी शक्ति, भक्ति तथा निस्वार्थ सेवा के गुणों का प्रतीक है। इस दिन श्रद्धालु पूरी आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर उनके आशीर्वाद की कामना करते हैं। वहीं पंडित भारतेन्दु त्रिवेदी ने बताया कि भगवान बजरंगबली को महादेव का 11वां अवतार भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी की पूजा और व्रत रखने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं, इसलिए उन्हें ह्यसंकट मोचनह्न कहा जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान हनुमान का अवतरण विश्व के कल्याण के लिए हुआ था। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना में भाग लें और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं और आयोजन को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिल रहा है।

## न सड़क.. न वाहन, साहिबगंज में खटिया पर सांस ले रही स्वास्थ्य व्यवस्था



**साहिबगंज** : साहिबगंज की स्वास्थ्य व्यवस्था एक बार फिर खटिया पर नजर आ गई। यह कोई पहला मामला नहीं जब दूर दराज पहाड़ी इलाकों से ग्रामीण अपने मरीज का इलाज कराने के लिए खटिया के सहारे सदर अस्पताल पहुंचे हों। हर घटना के बाद प्रशासन की बड़ी-बड़ी बातें सामने आती हैं। लेकिन सब ढाक के तीन पात नजर आते हैं। ऐसी घटनाएं हमेशा सामने आती रहती हैं। जहां ताजा मामला शनिवार की देर शाम का है, जब सुदूर पहाड़ी क्षेत्र बांसकोला पहाड़ से एक मरीज को खटिया पर लिटाकर परिजन और ग्रामीण कई किलोमीटर तक कंधे पर उठाकर साहिबगंज सदर अस्पताल पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार इलाके में सड़क और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी के कारण मरीज को वाहन उपलब्ध नहीं हो सका, जिसके चलते मजबूरी में इस तरह से अस्पताल लाना पड़ा। यह घटना एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की बदहाल स्थिति को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी मरीज को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## बरहरवा आरपीएफ ने की छापेमारी, ट्रेन से 115 बोतल अवैध शराब बरामद



**साहिबगंज** : बरहरवा रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने ट्रेन संख्या अप 63402 में छापामारी कर अवैध शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया। टीम ने ट्रेन के जनरल कोच में लावारिस अवस्था में रखे दो प्लास्टिक बैग से 115 बोतल "रॉयल झारखंड डीलक्स लीकर" बरामद की, जिसकी कीमत 7,475/- है। आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पासवान और ऑन ड्यूटी स्टाफ हेड कांस्टेबल पिनाकी सरकार तथा सीपीडीएस टीम मालदा के हेड कांस्टेबल जयप्रकाश राय, हेड कांस्टेबल अजीत कुमार और कांस्टेबल मनीष कुमार को साथ लेकर यह कार्रवाई की। शराब को जब्त कर प्लेटफार्म पर उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में भारतीय दंड संहिताओं के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत विधिवत जब्त किया गया। सभी विधिक औपचारिकताएँ पूर्ण करने के उपरांत जब्त सामग्री को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया गया और आगे की कार्रवाई हेतु उक्त जब्त शराब को उत्पाद विभाग, साहिबगंज को सुपुर्द कर दिया गया।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार के नहरों पर बिछेगा सोलर एनर्जी का जाल

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने पश्चिमी सोन नहर के तटबंध पर 10 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना को मंजूरी दे दी है. जल संसाधन विभाग से एनओसी मिलने के बाद अब जल्द ही इस परियोजना पर काम शुरू होने की उम्मीद है, बिहार सरकार अब सूबे की नदियों और नहरों के जरिए न केवल खेतों की प्यास बुझाएगी, बल्कि बिजली संकट को दूर करने के लिए सूरज की तपिश का भी इस्तेमाल करेगी. राज्य सरकार ने पश्चिमी सोन नहर के तटबंध पर 10 मेगावाट का विशाल सोलर पावर प्लांट लगाने की योजना को हरी झंडी दे दी है. जल संसाधन विभाग ने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए बिजली कंपनी को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है. यह कदम बिहार को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा. 80 हजार वर्ग फीट में चमकेगा सोलर पैनलों का साम्राज्य पश्चिमी सोन नहर के शुरूआती एक किलोमीटर के हिस्से को इस प्रोजेक्ट के लिए चिह्नित किया गया है. लगभग 80 हजार वर्ग फीट के इस भू-भाग पर आधुनिक सोलर पैनल लगाए जाएंगे. इस पावर प्लांट का निर्माण और संचालन सीधे बिजली कंपनी द्वारा किया जाएगा. इससे न केवल बड़े पैमाने पर हरित ऊर्जा पैदा होगी, बल्कि जमीन के अभाव में लटकी रहने वाली बिजली परियोजनाओं को भी एक नया रास्ता मिलेगा. तटबंधों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं जल संसाधन विभाग ने बिजली कंपनी को एनओसी देते समय सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि सौर ऊर्जा प्लांट की स्थापना इस तरह की जानी चाहिए जिससे नहर के तटबंधों की मजबूती पर कोई आंच न आए. पिछले कुछ समय से जल संसाधन विभाग और बिजली कंपनी के बीच तटबंधों के बेहतर इस्तेमाल को लेकर मंथन चल रहा था.

## गांधी घाट तक चलाने की तैयारी:क्रूज से गंगा में सैर करने का शुल्क घटा

**पटना (एजेंसी)**पटना में अब रो-पैक्स क्रूज से गंगा में सैर का शुल्क प्रति व्यक्ति 300 रुपए से घटाकर 250 रुपए कर दिया गया है। हालांकि सैर की अवधि 45 मिनट से घटाकर 40 मिनट कर दी गई है। मरम्मत को लेकर करीब तीन माह से क्रूज का परिचालन बंद था। अब रविवार से चलेगा। 300 पर्यटकों की क्षमता वाला यह क्रूज जल्द ही दीघा के जनार्दन घाट से गांधी घाट तक चलेगा। लोग गंगा में करीब 15 किमी की सैर कर सकेंगे। संचालक द्वारा रूट विस्तार के लिए अप्रैल में पर्यटन निगम, जिला प्रशासन और परिवहन विभाग को पत्र लिखा जाएगा। अभी यह दीघा के जनार्दन घाट के आसपास ही चलता था। पार्टी के लिए करा सकेंगे बुक : क्रूज में जन्मदिन, शादी की सालगिरह, एंगेजमेंट या अन्य निजी कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग की भी सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए 1 से 8 घंटे तक के अलग-अलग पैकेज हैं। इन पैकेजों का शुल्क 40 हजार से 2.20 लाख तक रखा गया है।

## किसानों को 3.80 लाख करोड़ लोन का लक्ष्य, पर आधा भी नहीं मिलता

**पटना (एजेंसी)** वर्ष 2026-27 में बिहार के किसानों को 3 लाख 80 हजार करोड़ लोन देने का लक्ष्य रखा गया है। नाबार्ड ने सालाना एग्रीकल्चर क्रेडिट प्लान के तहत इसकी रूपरेखा तैयार की है। परंतु, हकीकत यह है कि एग्रीकल्चर क्रेडिट प्लान के तहत तय लक्ष्य का आधा भी राज्य के किसानों को नहीं मिल पाता है। इस कारण बैंकों की जवाबदेही और उसके अनुसार कार्रवाई तय करने के लिए बिहार सरकार ने पिछले दिनों विकास आयुक्त की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। नाबार्ड के सालाना एग्रीकल्चर क्रेडिट प्लान के तहत साल 2026-27 में महिला किसानों को समृद्ध बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे संबंधित स्टेट फोकस पेपर 30 मार्च को जारी किया जाएगा। इस रोडमैप में बिहार को कृषि, पशुपालन, फिशरीज और पोल्ट्री सेक्टर में आगे बढ़ाने के लिए बैंकों की ओर से किए जाने वाले फाइनांस का रोडमैप रहेगा। बैंक इसी रोडमैप के तहत एग्रीकल्चर सेक्टर को लोन देने का टारगेट तय करेंगे। इसमें एग्रीकल्चर के अंदर के छोटे सेक्टर जैसे डेयरी, पोल्ट्री और फिशरीज के लिए योजनाओं और उनमें बैंकों की भूमिका का भी जिक्र होगा। 30 मार्च को होने वाले स्टेट क्रेडिट सेमिनार के तहत बिहार में एग्रीकल्चर की नई संभावनाओं के बारे में बैंक और दूसरे वित्तीय संस्थान चर्चा करेंगे। बिहार सरकार के लिए है काफी महत्व नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर या सालाना एग्रीकल्चर क्रेडिट प्लान का बिहार सरकार के लिए काफी महत्व है। क्योंकि, कृषि और उससे संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित योजनाओं या परियोजनाओं की सफलता इसी पर निर्भर करती है। नाबार्ड के स्टेट फोकस पेपर के आधार पर राज्य सरकार यह पहचान कर सकेगी कि कृषि से जुड़े किन संबद्ध क्षेत्रों के प्रति बैंकों की नजर में काफी संभावना है। उन सेक्टर में नई योजनाओं को लागू करने में बिहार सरकार के कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग नई परियोजनाओं की घोषणा कर किसानों की बेहतरी के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर सकेंगे। साथ ही सालाना एग्रीकल्चर क्रेडिट प्लान के आधार पर बैंकों पर भी इसके लिए दबाव बना सकते हैं।

## गैस भरने की दुकानें बंद, नया कनेक्शन मिल नहीं रहा

**पटना (एजेंसी)** रसोई गैस का संकट जारी है। बुकिंग कराने वाले 1.49 लाख लोगों को सिलेंडर नहीं मिला है। लोग एजेंसी के गोदाम पर सुबह 3 बजे से खाली सिलेंडर लेकर लाइन में खड़े हो जाते है। वहीं, जिन लोगों ने बाजार से पांच लीटर का छोटा सिलेंडर खरीदा था, उसे दुकान पर भरा लेते थे। इन अवैध दुकानों के बंद होने के बाद कनेक्शन लेने के लिए एजेंसियों का चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, नया कनेक्शन नहीं मिल रहा है। रोजाना एक एजेंसी के कार्यालय पर औसतन 10-12 लोग नया कनेक्शन लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। जिले में 136 एजेंसियां हैं। ऐसे में रोजाना नया कनेक्शन लेने के लिए पूछताछ करने वालों की संख्या 1000 से अधिक हो गई है। एजेंसी संचालकों से सीधी बात कनेक्शन ट्रांसफर वाले आवेदनों का निष्पादन हो रहा है? बिहार के बाहर से आने वाले कनेक्शनों के ट्रांसफर के आवेदन पेंडिंग हैं। कारण, इनका सिलेंडर और रेगुलेटर संबंधित राज्य की एजेंसियों के पास जमा है। यहां नया सिलेंडर और रेगुलेटर देना होगा। अभी स्टॉक में सिलेंडर और रेगुलेटर नहीं है।

नया कनेक्शन मिल रहा है? नया कनेक्शन पर रोक नहीं लगाई गई है, लेकिन सिलेंडर और रेगुलेटर उपलब्ध नहीं है। ऐसी स्थिति में कनेक्शन नहीं दिया जा सकता है। पुराने कनेक्शन वालों को ही आपूर्ति करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में नया कनेक्शन देकर नया बोझ लेना एजेंसी नहीं चाहती है। केवल कागज के ट्रांसफर के मामले का निष्पादन हो रहा है? जिनका सिलेंडर जमा नहीं लिया गया है, केवल कागज के ट्रांसफर का मामला है, ऐसे आवेदनों का निष्पादन हो रहा है। भीड़ के कारण रफ्तार धीमी है।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विकास परियोजनाओं का लिया जायजा

### बिहार गौरव पार्कऔर पटना हाट को जल्द पूरा करने का निर्देश

**पटना (एजेंसी)** पटना में चल रही बड़ी विकास परियोजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक्शन मोड में नजर आए. उन्होंने बिहार गौरव पार्क, बांसघाट शवदाह गृह, पटना हाट और सैरगाह प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण कर अधिकारियों को काम तेजी से और बेहतर क्वालिटी के साथ पूरा करने का निर्देश दिया. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को शहर की सूरत बदलने वाली कई महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स का औचक निरीक्षण किया. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बिहार गौरव पार्क, पटना हाट और गंगा किनारे बन रही सैरगाह का काम युद्ध स्तर पर पूरा करें. 10 एकड़ में फैला बिहार गौरव पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को सूबे के गौरवशाली अतीत से भी रूबरू कराएगा. बिहार गौरव पार्क मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांसघाट



के पास बन रहे बिहार गौरव पार्क का जायजा लिया. बांसघाट के पास डॉ. राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल और जेपी गंगा पथ के बीच बन रहा बिहार गौरव पार्क पटना का नया लैंडमार्क बनने जा रहा है. इस थीम पार्क में महान खगोलशास्त्री आर्यभट्ट, कूटनीति के ज्ञाता चाणक्य, सम्राट अशोक और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसी विभूतियों की प्रेरणादायक कहानियां उकेरी जाएंगी.माउंटेन मैन दशरथ मांझी के संघर्ष को भी यहां विशेष स्थान मिलेगा. मुख्यमंत्री ने साफ किया कि यह पार्क केवल घूमने की जगह नहीं, बल्कि बिहार की स्थापत्य कला जैसे नालंदा और विक्रमशिला के वैभव को पुनर्जीवित करने का एक माध्यम होगा. अंतिम विदाई का सम्मान मुख्यमंत्री ने केवल पर्यटन ही नहीं, बल्कि जनसुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया है. साढ़े चार एकड़ में फैले बांसघाट शवदाह गृह का नवीनीकरण कार्य अंतिम चरण में है. नीतीश कुमार ने निर्देश दिया कि नए मुक्तिधाम के साथ-साथ पुराने परिसर में भी सभी नागरिक और धार्मिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. यहां दाह संस्कार के साथ-साथ परिजनों के बैठने और अन्य सांस्कृतिक क्रियाकलापों के लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं. पटना हाट और सैरगाह मुख्यमंत्री ने सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रेट घाट तक बन रहे सैरगाह का जायजा लिया. इस पूरे रास्ते को पैदल चलने वालों के लिए बेहद खूबसूरत बनाया जा रहा है, जहां आधुनिक स्ट्रीट लाइट, बैठने के लिए सिटिंग एरिया और छतरीनुमा स्तंभ लगाए जाएंगे. इसके साथ ही पटना हाट का निर्माण भी तेजी से चल रहा है, जहां लोग खरीदारी के साथ-साथ बिहार के व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे. सभ्यता द्वार से सैरगाह के जुड़ जाने के बाद पटना वासियों को मरीन ड्राइव जैसा एक विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा. सरकार का फोकस सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि शहर की पहचान और विरासत को भी मजबूत करना है.

## पटना में जिंदा मछली की होगी होम डिलीवरी, अप्रैल से खुलेंगे 10 हाई-टेक फिश आउटलेट

**पटना (एजेंसी)** पटना में डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग की पहल पर अप्रैल से शहर में 10 जगहों पर आधुनिक फिश आउटलेट खुलने जा रहे हैं. यहां जिंदा और फ्रोजन मछलियां उपलब्ध होंगी, साथ ही मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के जरिए होम डिलीवरी की सुविधा भी मिलेगी. डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग अप्रैल महीने से पटना के 10 प्रमुख इलाकों में आधुनिक फिश आउटलेट खोलने जा रहा है. इन आउटलेट्स की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि यहां न केवल आपको स्थानीय जिंदा मछलियां मिलेंगी, बल्कि मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप के जरिए आप घर बैठे लाइव फिश ऑर्डर भी कर सकेंगे. विभाग ने इसके लिए आवेदन मांगे हैं, जिस पर सरकार की ओर से भारी-भरकम सब्सिडी भी दी जा रही है। घर पहुंचेगी आपकी पसंदीदा मछली बिहार सरकार इस योजना को पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट बनाने जा रही है. इसके लिए एक खास मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसमें गूगल मैपिंग की सुविधा होगी. ग्राहक अपने नजदीकी आउटलेट को मैप पर देख सकेंगे और सीधा ऑर्डर प्लेस कर पाएंगे. विभाग का मुख्य उद्देश्य मछुआरों और महिला स्वयं सहायता समूहों को सीधे बाजार से जोड़ना है, ताकि उन्हें उनके उत्पाद का सही दाम मिल सके और ग्राहकों को मिलावट मुक्त ताजी मछली मिले. 80 प्रतिशत अनुदान अगर आप खुद का बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका है. इन फिश आउटलेट्स को खोलने के लिए विभाग 80 प्रतिशत तक का अनुदान दे रहा है. नगर निगम क्षेत्र में आउटलेट स्थापित करने पर लगभग 15 हजार और नगर परिषद क्षेत्रों उनमें पाटलिपुत्र गोलंबर, गर्दनीबाग, चितकोहरा, कंकड़बाग टेंपो स्टैंड, मीठापुर मत्स्य भवन, मुसल्लहपुर और मछुआ टोली जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं. इन केंद्रों पर न केवल जिंदा मछलियां, बल्कि फ्रोजन फिश की भी व्यवस्था होगी. सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी के अनुसार, बिहार मछली उत्पादन में देश के चौथे पायदान पर पहुंच चुका है और अब फोकस इसकी बेहतर मार्केटिंग और होम डिलीवरी नेटवर्क पर है. रिकॉर्ड तोड़ उत्पादन पिछले एक दशक में बिहार ने मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में 100 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है. साल 2013-14 में जहां बिहार मछली उत्पादन में नौवें स्थान पर था

## बिहार 12 जिलों में तूफानी बारिश, 31 मार्च को और खतरनाक होगा मौसम

**पटना (एजेंसी)** बिहार में रामनवमी के बाद मौसम ने ऐसा रुख बदला है कि अब हालात गंभीर होते जा रहे हैं. ने आज 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट और 31 मार्च के लिए पूरे प्रदेश में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. तेज आंधी, भारी बारिश और बिजली गिरने को लेकर लोगों को खास सतर्क रहने की सलाह दी गई है. बिहार में मौसम ने ऐसी करवट ली है कि चैत्र के महीने में सावन जैसा नजारा दिख रहा है. ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 31 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम अपना सबसे विकराल रूप दिखा सकता है. आज पूर्णिया और जमुई समेत 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, वहीं महीने के आखिरी दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट ने लोगों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. पूर्वी बिहार में आज खतरे की घंटी आज पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, सुपौल, भागलपुर और जमुई समेत पूर्वी बिहार के करीब 12 जिलों में तेज आंधी और बारिश का असर दिखेगा. क्टऊ के अनुसार इन इलाकों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है, साथ ही बिजली गिरने का भी खतरा है.किशनगंज, सुपौल, भागलपुर, जमुई सहित पूर्वी बिहार के सभी 12 जिलों में तेज आंधी, बारिश और जोरदार गरज चमक की संभावना है. यइसके बावजूद भी दिन का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री रोहतास जिले के बिक्रमगंज में दर्ज हुआ. सबसे अधिक गिरावट शेखपुरा में 7.5 डिग्री , मधुबनी में 7.3 डिग्री, बांका में 7.2 डिग्री, भागलपुर में 6.6 डिग्री, पटना में 6.1 डिग्री की गिरावट देखी गई.

## बिहार के बाहर रहने वाले बिहारियों को नहीं होगी परेशानी, सरकार बनाएगी माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार ने प्रवासी श्रमिकों के लिए एक बड़ा कदम उठाया है. अब दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात जैसे राज्यों में रह रहे बिहारियों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से दिलाने के लिए माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर खोले जाएंगे. यह पहल श्रम संसाधन विभाग की ओर से की जा रही है, जिसका मकसद प्रवासी मजदूरों की समस्याओं को जमीनी स्तर पर हल करना है. बिहार सरकार अब अपने उन लाखों परदेसी मजदूरों को उनके हाल पर नहीं छोड़ेगी, जो रोजगार के लिए दिल्ली, महाराष्ट्र या गुजरात जैसे राज्यों में रहते हैं. श्रम संसाधन विभाग ने इन राज्यों में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर स्थापित करने का फैसला किया है. यह सेंटर उन मजदूरों के लिए एक मजबूत ढाल का काम करेंगे, जिन्हें अक्सर अनजान शहरों में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने



या पहचान साबित करने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ती हैं. तो उन्हें राशन कार्ड, गैस कनेक्शन या आधार कार्ड जैसे जरूरी कागजात बनवाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. नए माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर इन सभी समस्याओं का वन-स्टॉप सॉल्यूशन होंगे. विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन केंद्रों पर श्रमिकों को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, बल्कि घर लेने, गैस कनेक्शन दिलाने और सरकारी पेपर बनवाने में मुफ्त सहायता भी प्रदान की जाएगी. सरकार का लक्ष्य दिसंबर 2026 तक उन सभी प्रमुख राज्यों में ये सेंटर खोल देने का है, जहां बिहारियों की तादाद सबसे ज्यादा है. आपदा में बनेगा सहारा इन सपोर्ट सेंटर्स के माध्यम से सरकार अब हर एक श्रमिक का पूरा ब्योरा (डेटाबेस) तैयार करेगी. इससे भविष्य में किसी भी आपदा के वक्त राहत सामग्री पहुंचाना या फंसे हुए लोगों को रेस्क्यू करना बेहद आसान हो जाएगा. इन केंद्रों पर ऐसी व्यवस्था भी होगी जिससे श्रमिक जरूरत पड़ने पर अपने परिजनों से सीधा संपर्क कर सकेंगे. श्रम विभाग इसके लिए पीपीपी (PPP) मोड पर काम कर रहा है और कई राज्यों के श्रम अधिकारियों से पत्राचार भी शुरू हो चुका है. हरियाणा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में रहने वाले लाखों बिहारियों को एक नई पहचान और सुरक्षा का अहसास मिलेगा. कब तक बनेंगे माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर? श्रम संसाधन विभाग ने दिसंबर 2026 तक उन सभी प्रमुख राज्यों में माइग्रेशन सपोर्ट सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जहां बिहारी प्रवासियों की संख्या अधिक है. संबंधित राज्यों के श्रम विभागों से समन्वय भी किया जा रहा है. इस पहल से लाखों बिहारी श्रमिकों को सीधा फायदा मिलेगा.

## खाद की कमी सिर्फ अफवाह, मंत्री राम कृपाल यादव बोले-डिमांड से ज्यादा स्टॉक

**पटना (एजेंसी)** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा है कि राज्य में खाद की उपलब्धता मांग से अधिक है और कालाबाजारी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर भरोसा न करें.: कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने शनिवार को एक विशेष प्रेस-वार्ता के दौरान किसानों को आश्वस्त किया कि प्रदेश में यूरिया और डीएपी (ऊअढ) समेत किसी भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है. मंत्री ने साफ किया कि राज्य के पास वर्तमान मांग से कहीं अधिक खाद का स्टॉक मौजूद है.उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई दुकानदार या बिचौलिया खाद की कालाबाजारी या निर्धारित दर से अधिक वसूली करता पाया गया, तो उस पर सीधे एफआईआर (त्रक्षफ) दर्ज होगी. नेपाल बॉर्डर पर पैनी नजर कृषि मंत्री ने खुलासा किया कि नेपाल से सटे सीमावर्ती जिलों में खाद की



तस्करी की आशंका को देखते हुए विभागीय अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है. सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि खाद की एक बोरी भी अवैध तरीके से सीमा पार नहीं जानी चाहिए. जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है मुकदमा कालाबाजारी के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर आंकड़ों में भी दिख रहा है. मंत्री ने बताया कि अब तक अनियमितता बरतने वाले 116 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है, जबकि 454 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं. कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल और निदेशक सुमन सौरभ ने भी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि रिटेलर और स्टॉकिस्ट के साथ-साथ अगर किसी सरकारी अधिकारी की मिलीभगत पाई गई, तो उन पर भी गाज गिरेगी. ह्यधरती बचाओ कमेटी करेगी जैविक खेती की रक्षा रासायनिक खाद पर निर्भरता कम करने के लिए बिहार सरकार अब धरती बचाओ कमेटी का गठन करने जा रही है. के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाने के लिए लाइसेंस देने के काम में तेजी लाई जाएगी. मिलेगा उचित मुआवजा उन्होंने ने यह भी जानकारी दी कि हाल के दिनों में आपदा और बेमौसम बारिश से प्रभावित हुए किसानों को लगभग 200 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया जा चुका है. तेज आंधी और बारिश से फसलों को हुए नुकसान पर कृषि मंत्री ने कहा कि विभाग पूरी तरह सक्रिय है.

## बिहार में जमीन खरीदना होगा अब महंगा, अप्रैल से बढ़ सकते हैं सर्किल रेट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री अब पहले से कहीं ज्यादा महंगी होने जा रही है. राज्य सरकार जल्द ही सर्किल रेट में बड़ा बदलाव लागू करने की तैयारी में है, जिससे कई इलाकों में दरें तीन से चार गुना तक बढ़ सकती हैं. बिहार सरकार ने नए वित्तीय वर्ष (2026-27) यानी अप्रैल से जमीन और फ्लैट के सर्किल रेट (टश्फ) में भारी बढ़ोतरी करने की तैयारी में है. जिला मूल्यांकन



समितियों की सिफारिशों के आधार पर यह वृद्धि 3 से 4 गुना तक हो सकती है, जिसका सीधा असर आपकी रजिस्ट्री की लागत पर पड़ेगा. सर्किल रेट? मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग ने जिला मूल्यांकन समितियों की सिफारिशों के आधार पर मिनिमम वैल्यू रजिस्टर (टश्फ) में संशोधन का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेज दिया है. यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि पिछले एक दशक में जमीन की बाजार कीमतें तेजी से बढ़ी हैं, लेकिन सरकारी सर्किल रेट में उतना बदलाव नहीं हुआ. ग्रामीण इलाकों में आखिरी बार 2013 और शहरी क्षेत्रों में 2016 में दरें तय हुई थीं. अब बाजार और सरकारी दरों के बीच बड़ा अंतर पैदा हो चुका है, जिसे खत्म करने के लिए यह संशोधन जरूरी माना जा रहा है. आपकी जेब पर क्या पड़ेगा असर? सर्किल रेट बढ़ने का सीधा मतलब है कि जमीन या फ्लैट खरीदते समय आपको ज्यादा स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क देना होगा. क्योंकि ये शुल्क सर्किल रेट के आधार पर ही तय होते हैं. खासकर शहरी इलाकों में इसका असर ज्यादा दिखेगा, जहां पहले से ही दरें ऊंची हैं. हालांकि सरकार के लिए यह कदम राजस्व बढ़ाने का बड़ा जरिया बनेगा, लेकिन आम खरीदार के लिए यह खर्च बढ़ाने वाला साबित होगा. अभी क्या करें खरीदार? बढ़े हुए दामों से बचने के लिए लोगों में होड़ मची है. इसी भीड़ को देखते हुए सरकार ने 29 मार्च (रविवार) और 31 मार्च (महावीर जयंती) जैसी छुट्टियों के बावजूद सभी निबंधन कार्यालयों को खुला रखने का फैसला किया है. अगर आप पुराने रेट पर रजिस्ट्री कराना चाहते हैं, तो अगले तीन दिन आपके पास आखिरी मौका है.

## पटना में फिर चलेगा बुलडोजर, DM ने जारी किया एक्शन प्लान, 30 अप्रैल तक चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**पटना (एजेंसी)** पटना में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है. 1 से 30 अप्रैल तक चलने वाले विशेष अभियान में राजधानी के प्रमुख इलाकों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए 9 टीमें कार्रवाई करेंगी. पटना में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन एक बार फिर सख्त रुख अपनाने जा रहा है. डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश पर बुधवार से विशेष अभियान को तेज किया जाएगा. इसके लिए 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक का विस्तृत कैलेंडर जारी किया गया है, जिसके तहत पूरे महीने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई होगी. 6 अंचल और 3 नगर परिषदों में चलेगा अभियान यह अभियान नगर निगम के छह अंचलों- नूतन राजधानी, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग, बांकीपुर, अजीमाबाद और पटनासिटी के साथ-साथ नगर परिषद खगौल, फुलवारीशरीफ और दानापुर में चलाया जाएगा. अभियान को प्रभावी बनाने के लिए डीएम और एसएसपी ने कुल 9 विशेष टीमों का गठन किया है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में कार्रवाई करेंगी. मल्टी-एजेंसी ऑपरेशन, कई विभाग होंगे शामिल इस विशेष अभियान को मल्टी-एजेंसी ऑपरेशन के रूप में चलाया जाएगा. इसमें प्रशासन, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, नगर निगम, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, अग्निशमन, बिजली, दूरसंचार और वन विभाग समेत कई विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर काम करेंगे. इन प्रमुख सड़कों को रखा जाएगा अतिक्रमण मुक्त अभियान के दौरान राजधानी की प्रमुख सड़कों और इलाकों पर विशेष फोकस रहेगा. इनमें नेहरू पथ, सगुना मोड़ से दानापुर रेलवे स्टेशन, बोरिंग रोड, अटल पथ, पटना स्टेशन रोड, कंकड़बाग मेन रोड, गांधी मैदान क्षेत्र, अशोक राजपथ और जेपी गंगा पथ शामिल हैं. टी-प्वाइंट और चौक-चौराहों पर जीरो टॉलरेंस नीति प्रशासन ने टी-प्वाइंट, गोलंबर और सभी प्रमुख चौक-चौराहों के 20 मीटर के दायरे को जीरो टॉलरेंस जोन घोषित किया है. यहां किसी भी तरह का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नियमित निगरानी के साथ रिपोर्टिंग भी होगी. अस्पतालों के आसपास अतिक्रमण पर पूरी तरह रोक आईजीआईएमएस, पीएमसीएच, एनएमसीएच और एम्स पटना जैसे बड़े अस्पतालों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाएगी. मरीजों , उनके खिलाफ अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. आदतन अतिक्रमणकारियों की पहचान कर उन पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी. ट्रैफिक पुलिस भी चलाएगी विशेष अभियान अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस भी वाहन चेकिंग अभियान चलाएगी. भीड़ या जाम की स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट के आधार पर



नोटिस जारी कर कार्रवाई की जाएगी. पूरे अभियान की मॉनिटरिंग के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है. इसमें ट्रैफिक एसपी, एडीएम नगर-व्यवस्था, एसपी सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था, अपर नगर आयुक्त और सिटी मजिस्ट्रेट शामिल हैं.जाम और दुर्घटनाएं कम करने पर फोकस प्रशासन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सड़क, फुटपाथ और सर्विस लेन को प्राथमिकता के आधार पर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए. शून्य सहिष्णुता नीति अपनाते हुए यह अभियान चलाया जाएगा



# वास्तु दोष दूर करता है मोरपंख

**मोर बेहद खूबसूरत पंछी है। ज्योतिष, वास्तु, धर्म, पुराण और संस्कृति में मोर का अत्यधिक महत्व माना गया है। मोर पंख घर में रखने से अमंगल टल जाता है। आइए जानें 25 अनूठी बातें मोर पंख के बारे में.**

- मोर, मयूर, पिकॉक कितने खूबसूरत नाम है इस सुंदर से पक्षी के। जितना खूबसूरत यह दिखता है उतने ही खूबसूरत फायदे इसके पंखों के भी हैं। हमारे देवी -दवताओं को भी यह अत्यंत प्रिय हैं। मां सरस्वती, श्रीकृष्ण, मां लक्ष्मी, इन्द्र देव, कार्तिकेय, श्री गणेश सभी को मोर पंख किसी न किसी रूप में प्रिय हैं। पौराणिक काल में महर्षियों द्वारा इसी मोरपंख की कलम बनाकर बड़े-बड़े ग्रंथ लिखे गए हैं।
- मोर के विषय में माना जाता है कि यह पक्षी किसी भी स्थान को बुरी शक्तियों और प्रतिकूल चीजों के प्रभाव से बचाकर रखता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपने घरों में मोर के खूबसूरत पंखों को लगाते हैं।
- मोर पंख की जितनी महत्ता भारत के लोगों के लिए है शायद ही किसी अन्य देश के लोगों के लिए हो। हमारे यहां माना जाता है कि मोर नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने में सबसे प्रभावशाली है।
- हालांकि 20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में पश्चिमी देशों के लोग मोरपंख को दुर्भाग्य का सूचक मानते थे। लेकिन मोर पंख की शुभता का अनुभव होने के बाद उसे शुभ चिन्ह के रूप में स्वीकार कर लिया गया।
- ग्रीक पौराणिक कथाओं के अनुसार मोर को 'हेरा' के साथ संबंधित किया जाता है। मान्यता के अनुसार आर्गस, जिसकी सौ आंखें थीं, उसके द्वारा हेरा ने मोर की रचना की।
- यही वजह है कि ग्रीक लोग मोर के पंखों को स्वर्ग और सितारों की निगाहों के साथ जोड़ते हैं।
- हिंदू धर्म में मोर को धन की देवी लक्ष्मी और विद्या की देवी सरस्वती के साथ जोड़कर देखा जाता है।
- लक्ष्मी सौभाग्य, खुशहाली और धन धान्य व संपन्नता के लिए पूजी जाती हैं। मोर के पंखों का प्रयोग लक्ष्मी की इन्हीं विशेषताओं को हासिल करने के लिए किया जाता है। मोर पंख को बांसुरी के साथ घर में रखने से रिश्तों में प्रेम रस घुल जाता है।
- एशिया के बहुत से देशों में मोर के पंखों को अध्यात्म के साथ संबंधित किया जाता है। क्वान-यिन जो कि अध्यात्म का प्रतीक है का मोर से खास रिश्ता माना गया है। क्वान यिन : क्वान-यिन प्रेम, प्रतिष्ठा, धीरज और स्नेह का सूचक है। इसलिए संबंधित देशों के लोगों के अनुसार मोर पंख से नजदीकी अर्थात क्वान-यिन से समीपता मानी गई है।
- अगर आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो अपने शयनकक्ष में मोरपंख रखें, इससे पति पत्नी के बीच प्यार बढ़ता है।
- यदि शत्रुता समाप्त करनी हो या कि शत्रु तंग कर रहे हो, तो मोरपंख पर हनुमान जी के मस्तक के सिंदूर से उस शत्रु का नाम मंगलवार या शनिवार रात्रि में लिखकर उसे घर के पूजा स्थल में रखें व सुबह उठकर उसे चलते पानी मे प्रवाहित कर आएं।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर की दक्षिण दिशा में स्थित तिजोरी में खड़ा करके रखने से कभी भी धन की कमी नहीं होती है।
- राहु का दोष होने पर मोरपंख घर की पूर्वी और उत्तर पश्चिम की दीवार पर लगाएं।
- अगर आपके घर में मोरपंख है तो आपके घर में कोई भी बुरी शक्ति प्रवेश नहीं कर पाती है। यह घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करके सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है।
- वास्तुशास्त्र के अनुसार मोरपंख को घर में रखने से आपके घर के सारे दोष दूर हो जाते है।
- यदि मोर का पंख घर के पूर्वी और उत्तर-पश्चिम दीवार मे या अपनी जेब व डायरी मे रखा हो तो राहू कभी भी परेशान नहीं करता है। मोरपंख की पूजा करे या हो सके तो उसे हमेशा अपने पास रखे। मोरपंख को घर में रखने से परिवार के सदस्यों की सेहत भी अच्छी रहती है।
- ग्रहों के अशुभ प्रभाव होने पर मोरपंख पर 21 बार ग्रह का मंत्र बोलकर पानी का छींटें दें, और इसे श्रेष्ठ स्थान पर स्थापित करें जहां से यह दिखाई दे।
- आर्थिक लाभ के लिए किसी मंदिर में जाकर मोरपंख को राधा कृष्ण के मुकुट में लगाएं और 40 दिन बाद इसे लॉकर या तिजोरी में रख दें।
- बुरी नजर से बच्चों को बचाने के लिए नवजात बालक को मोरपंख चांदी के ताबीज में पहनाएं।
- घर के मुख्य द्वार पर 3 मोरपंख लगाकर ऊँ द्वारपालाय नमः जाग्रय स्थापयै स्वाहा मंत्र लिखें और नीचे गणेश जी की मूर्ति लगाएं।
- आग्नेय कोण में मोरपंख लगाने से घर के वास्तु दोष को ठीक किया जा सकता है। इसके अलावा ईशान कोण में कृष्ण भगवान की फोटो के साथ मोरपंख लगाएं।
- बौद्ध धर्म के अनुसार मोर अपनी अपने सारे पंखों को खोल देता है, इसलिए उसके पंख विचारों और मान्यताओं में खुलेपन का ही प्रतीक माने जाते हैं।
- ईसाई धर्म में मोर के पंख, अमरता, पुनर्जीवन और अध्यात्मिक शिक्षा से संबंध रखते हैं।
- इस्लाम धर्म में मोर के खूबसूरत पंख जन्नत के दरवाजे के बाहर अद्भुत शाही बगीचे का प्रतीक माने जाते हैं।
- यह भी विशेष गौर करने लायक तथ्य है कि घरों में मोरपंख रखने से कीड़े-मकोड़े घर में दाखिल नहीं होते।




# सुंदर कांड देता है मन को शांति, बढ़ाता है शुभ ऊर्जा


**महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण पर आधारित महाकाव्य श्रीरामचरितमानस का पंचम सोपान है सुंदर कांड। इसमें रामदूत, पवनपुत्र हनुमान का यशोगान किया गया है, इसलिए सुंदर कांड के नायक श्री हनुमान को माना जाता हैं।**

सुंदर कांड का पाठ मन को शांति देने तथा शुभ ऊर्जा बढ़ाने का काम करता है। सुंदर कांड का नाम सुंदर कांड क्यों रखा गया...

दरअसल, जब हनुमान जी, सीता जी की खोज में लंका गए थे और लंका त्रिकुटांचल पर्वत पर बसी हुई थी। त्रिकुटांचल पर्वत यानी यहां 3 पर्वत थे। पहला सुबैल पर्वत, जहां के मैदान में युद्ध हुआ था। दूसरा नील पर्वत, जहां राक्षसों के महल बसे हुए थे। तीसरे पर्वत का नाम है सुंदर पर्वत, जहां अशोक वाटिका निर्मित थी। इसी वाटिका में हनुमान जी और सीता जी की भेंट हुई थी। सुंदर पर्वत पर ही सबसे प्रमुख घटना घटित होने के कारण इसका नाम सुंदर कांड रखा गया। सुंदर पर्वत पर ही अशोक वाटिका थी और इसी अशोक वाटिका में ही हनुमान और सीता जी का मिलन हुआ था इसीलिए इस कांड का नाम सुंदर कांड रखा गया। कहा जाता हैं कि यहां की घटनाओं में हनुमान जी ने एक विशेष शैली अपनाई थी।

वास्तव में श्रीरामचरितमानस के सुंदर कांड की कथा सबसे अलग है। संपूर्ण श्रीरामचरितमानस भगवान श्रीराम के गुणों और उनके पुरुषार्थ को दर्शाती है। सुंदर कांड एकमात्र ऐसा अध्याय है, जो श्रीराम के भक्त हनुमान की विजय का कांड है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार सुंदर कांड का पाठ हम सभी को सुनना और पढ़ना चाहिए क्योंकि यह पाठ सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला तथा किसी भी प्रकार की परेशानी या संकट से आप घिरे हुए हो तो सुंदर कांड पाठ पढ़ने या सुनने से यह संकट तुरंत दूर हो जाता है। इतना ही नहीं यह प्रभु श्रीराम के परमभक्त श्री बजरंग बली की विजय का कांड होने से हम पर प्रभु श्रीराम, माता सीता तथा हनुमान जी की अनन्य कृपा प्राप्त होती है तथा हमारे मन को शांति मिलती है।

हनुमान जी जल्द ही प्रसन्न होने वाले देवता माने जाते हैं, अतः प्रतिदिन सुंदर कांड का पाठ करने वाले मनुष्य के जीवन से नकारात्मक शक्तियां भाग जाती है तथा यह पाठ बल, बुद्धि, एकाग्रता, आत्मविश्वास बढ़ता है तथा जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलते हैं और हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है इसके अलावा भी सुंदर कांड पाठ पढ़ने के बहुत सारे लाभ हैं। विद्यार्थियों को यह पाठ अवश्य करना चाहिए, क्योंकि इसका विशेष लाभ मिलता है। यह आत्मविश्वास बढ़ाकर एक्जाम में अच्छे अंक दिलाने में मददगार है। यह मानसिक परेशानियां, व्याधियां, गृह क्लेश, ऋण/ कर्ज मुक्ति आदि कई समस्या में भी लाभदायी है।



# श्री कोत्तानकुलांगरा देवी मंदिर जहां पुरुषों को करना पड़ता है महिलाओं की तरह सोलह श्रृंगार

धर्म को लेकर हमारे देश में जहां तरह-तरह के प्रतबिंध लगाए गए हैं। देश में बहुत से मंदिर ऐसे हैं जिनमें महिलाओं का प्रवेश करने पर रोक होती है। ये मंदिर देश भर में इस तरह के लिए जाना जाता है कि यहां प्रवेश करने और पूजा करने के इच्छुक पुरुषों को बकायदा महिलाओं की ड्रेस में आना पड़ता है। इस मंदिर में उन्हें पूजा करने के लिए महिलाओं, किन्नरों पर कोई रोक नहीं है, लेकिन पुरुष अगर इस मंदिर में पूजा अर्चना करना चाहता है तो उसे महिलाओं की तरह पूरा सोलह श्रृंगार करना पड़ता है। यह खास मंदिर केरल के कोल्लम जिले में हैं जहां पर श्री कोत्तानकुलांगरा देवी मंदिर में हर साल चाम्याविलक्कू त्यौहार मनाया जाता है। इस त्योहार में हर साल हजारों की संख्या में पुरुष श्रद्धालु आते हैं। उनके तैयार होने के लिए मंदिर में अलग से मेकअप रूम बनाया जाता है। पुरुष महिलाओं की तरह न केवल साड़ी पहनते है, बल्कि जूलरी, मेकअप और बालों में गजरा भी लगाते है। इस उत्सव में शामिल होने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। यही नहीं ट्रांसजेंडर भी इस मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में देवी की मूर्ति स्वयं प्रकट हुई थी। अपनी खास परंपरा के लिए दुनियाभर में मशहूर इस मंदिर के ऊपर कोई छत नहीं हैं। इस राज्य का यह ऐसा एकमात्र मंदिर है जिसके गर्भगृह के ऊपर छत या कलश नहीं हैं। ऐसी मान्यता है कि कुछ चरवाहों ने महिलाओं के कपड़े पहनकर पत्थर पर फूल चढ़ाए थे, जिसके बाद उस पत्थर से दिव्य शक्ति निकलने लगी। इसके बाद इसे मंदिर का रूप दिया गया। एक मान्यता यह भी है कि कुछ लोग पत्थर पर नारियल फोड़ रहे थे और इसी दौरान पत्थर से खून निकलने लग गया जिसके बाद से यहां देवी की पूजा होने लगी।



# इन 6 जगहों पर भूलकर भी न पहनकर जाएं रुद्राक्ष

**रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है।**

रुद्राक्ष का अर्थ है रुद्र का अक्ष। यानी भगवान रुद्र की आंखें। माना जाता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। उन्होंने कठोर तप के बाद जब आंखें खोली तो उनके आंखों से जो आंसू भूमि पर गिरे उसे से रुद्राक्ष की उत्पत्ति हुई। रुद्राक्ष को पहने के नियम भी है। कहते हैं कि 6 जगहों पर रुद्राक्ष पहकर गए तो शिवजी नाराज हो जाएंगे।

- **श्मशान** - रुद्राक्ष की माला या रुद्राक्ष को किसी भी रूप में धारण करके शमशान नहीं जाना चाहिए। जो शमशान के संत होते हैं वे रुद्राक्ष के नियमों का पालन करते हैं।
- **मृत्यु वाले घर** - जहां पर किसी की मृत्यु हो गई हो वहां पर भी रुद्राक्ष पननकर न जाएं। यदि आपके घर में किसी परिजन की मृत्यु हो गई है तो रुद्राक्ष को उतारकर किसी उचित स्थान पर रख दें।
- **शौचालय या स्नानघर** - टॉयलेट या बाथरूम में रुद्राक्ष पहनकर नहीं जाते हैं। ऐसा करने से घोर पाप लगता है। यह शिवजी का अपमान माना जाएगा।
- **मांस मदिरा सेवन के समय** - रुद्राक्ष पहकर कर मांस भक्षण करना या शराब पीना वर्जित है। इसी के साथ ही बूचड़खाने में जाना या किसी शराब की दुकान पर जाना भी वर्जित है। जहां पर मुर्गा, बकरा आदि कटना या बनता है उस स्थान से भी दूर रहें।
- **बालक के जन्म पर** - जहां पर किसी बच्चे का जन्म हुआ हो और प्रसूता रहती हो वहां पर रुद्राक्ष पहनकर जाना वर्जित है। एक माह तक नियम का पानल करना चाहिए। ऐसी जगह पहनकर जाने से रुद्राक्ष निस्तेज हो जाता है।
- **शयन कक्ष** - सोने से पहले रुद्राक्ष को उतारकर उचित स्थान पर रख देना चाहिए। सोने के दौरान जहां रुद्राक्ष के टूटने का अंदेशा रहता है वहीं इससे रुद्राक्ष अशुद्ध और निस्तेज हो जाता है।




# चन्द्र घात के समय नहीं करना चाहिए कोई महत्वपूर्ण कार्य

**चंद्र घात विचार वैसे तो बहुत विस्तृत विषय है परंतु यहां पर आप संक्षिप्त में जान लें। पहले के समय में जन्म पत्रिका या कुंडली बनाते समय में घात चक्र का विवरण या सारणी भी दी जाती थी, परंतु आजकल नहीं दी जाती है। हालांकि इसको अब कोई महत्व भी नहीं देता है।**

- किस राशि के लिए कौन नक्षत्र, मास, तिथि, वार, प्रहर चन्द्र आपके लिए शुभ है या अशुभ है यह जानना ही चंद्र घात के अंतर्गत आता है।
- किसी राशि विशेष के लिए एक ही दिन तीन से ज्यादा घात मिले तो उस दिन सावधानी बरतनी चाहिए।
- इन सब प्राचीन घात सूत्रों को ध्यान में रखने से घटना को कुछ हद तक टाला जा सकता है या उस घटना की भयावता को कम किया जा सकता है।
- सिंह राशि के लिए तृतीया तिथि एवं उस दिन शनिवार विशेष घातक माना गया है।
- जीवन में जन्म से तृतीय, पंचम, सप्तम दशाएं कष्टकारक होती है। उसे ध्यान में रखकर ही कोई कार्य करें।
- मेष की पहली, वृष की पांचवीं, मिथुन की नौवीं, कर्क की दूसरी, सिंह की छठी, कन्या की दसवीं, तुला की तीसरी, वृश्चिक की सातवीं, धनु की चौथी, मकर की आठवीं, कुम्भ की ग्यारहवीं, मीन की बारहवीं घड़ी घात चन्द्र मानी जाती है।
- कहते हैं कि चंद्र घात में यात्रा करने पर, युद्ध में जाने पर, कोर्ट कचहरी में जाने पर, खेती कार्य आरंभ करने पर, व्यापार शुरू करने पर, घर की नींव लगाने पर घात चन्द्र वर्जित मानी गई है।
- घात चन्द्र में रोग होने पर मौत, कोर्ट में केस दायर करने पर हार और यात्रा करने पर सजा या झूठा आरोप और विवाह करने पर वैधव्य होने की शंका व्यक्त की जाती है।
- मेषादि द्वादश राशियों के लिए क्रमशः 1, 5, 9, 2, 6, 10, 3, 7, 4, 8, 11, 12 घात चन्द्र दोष होता है। जैसे मेष राशि वालों के लिए मेष का, वृषभ राशि वालों के लिए वृषभ से पंचम कन्या का शेष इसी प्रकार घात चन्द्रमा होता है।
- मेषादि राशियों के लिए क्रमशः कृत्तिका, चित्रा, शतभीषा, मघा, धनिष्ठा, आर्दा, मूल, रोहिणी, पूर्वाभाद्रपदा, मघा, मूल और पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्रों के क्रमशः 1-2-3-3-1-3-2-4-3-4-4 और 4 चरण नक्षत्र घात चरण होते हैं। राज सेवा, युद्ध और विवाद में घात चन्द्रमा वर्जित है।



# हरसिंगार का घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है

हरसिंगार के फूल बहुत ही सुंदर और सुगंधित होते हैं। यह घर आंगन की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसका घर के आसपास होने बहुत ही शुभ माना गया है। बहुत ही आसानी से आप इसे किसी भी नर्सरी से खरीदकर अपने घर आंगन में लगाएं और जीवन में सुख, शांति और समृद्धि को निमंत्रण दें। आओ जानते हैं कि इसे घर आंगन में लगाने से क्या होगा।

- हरसिंगार का वृक्ष जिसके भी घर के आसपास होता है उसके घर के सभी तरह के वास्तुदोष दूर हो जाते हैं।
- हरसिंगार के फूलों को खासतौर पर लक्ष्मी पूजन के लिए इस्तेमाल किया जाता है लेकिन केवल उन्हीं फूलों को इस्तेमाल किया जाता है, जो अपने आप पेड़ से टूटकर नीचे गिर जाते हैं। जहां यह वृक्ष होता है वहां पर साक्षात लक्ष्मी का वास होता है।
- हरसिंगार के फूलों की सुगंध आपके जीवन से तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भर सकने की ताकत रखते हैं। इसकी सुगंध आपके मस्तिष्क को शांत कर देती है। घर परिवार में खुशी का माहौल बना रहता है और व्यक्ति लंबी आयु प्राप्त करता है।
- हरसिंगार के ये अद्भुत फूल सिर्फ रात में ही खिलते हैं और सुबह होते-होते वे सब मुरझा जाते हैं। यह फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते हैं, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है।
- हृदय रोगों के लिए हरसिंगार का प्रयोग बेहद लाभकारी है। इस के 15 से 20 फूलों या इसके रस का सेवन करना हृदय रोग से बचाने का असरकारक उपाय है, लेकिन यह उपाय किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर की सलाह पर ही किया जा सकता है। इसके फूल, पत्ते और छाल का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है।
- हरसिंगार के फूल जिसके भी घर-आंगन में खिलते हैं, वहां हमेशा शांति और समृद्धि का निवास होता है। इसके फूल तनाव हटाकर खुशियां ही खुशियां भरने की क्षमता रखते हैं।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सोमवार को पांच बार की विजेता रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। रॉयल्स की कप्तानी युवा रियान पराग करेंगे। वहीं सीएसके की कप्तानी रूतुराज गायकवाड़ के पास है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के सीएसके जाने के बाद पराग को कप्तानी दी गयी है। वहीं सीएसके नये नेतृत्व के तहत ही रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में उतरेंगी।

इस मैच में दोनो ही टीमों में शामिल कुछ स्टार खिलाड़ी अपनी ही पुरानी टीमों से टकराते दिखें। लंबे समय तक रॉयल्स में रहे विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन इस बार सीएसके की ओर से खेलेंगे जबकि सीएसके के रविन्द्र जडेजा रॉयल्स की ओर से उतरेंगे। ऐसे में दोनों ही टीमों का रोमांचक मुकाबला होगा। सीएसके को सैमसन के आने से एक अच्छा बल्लेबाज और विकेट कीपर मिलेगा। वहीं जडेजा के आने से रॉयल्स की गेंदबाजी और बल्लेबाजी बेहतर होगी। सामने अपनी पुरानी टीमों को चुनौती देने की बारी होगी।

सैमसन ने हाल में टी20 विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में उनके फार्म में होने का लाभ सीएसके को मिलेगा। वह सीएसके टीम के कप्तान रूतुराज गायकवाड़ के साथ पारी शुरु करेंगे। सैमसन के पास लंबी पारी खेलने का अनुभव है जिसका लाभ सीएसके को मिलेगा। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। ऐसे में सैमसन को उनकी कमी पूरी करनी होगी। धोनी के बार होने से बायें हाथ के युवा स्पिन ऑलराउंडर प्रशांत वीर को टीम में अवसर मिल सकता है। इसके अलावा युवा कार्तिक शर्मा पर भी सबकी नजरें रहेंगी। कार्तिक तेजी से खेलने के लिए जोन जाते हैं।

सीएसके के पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम है। युव बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस अब पहले से बेहतर हो चले हैं। वहीं शिवम दुबे मध्यक्रम के भरोसेमंद बल्लेबाज बन गए हैं। युवा आयुष म्हात्रे भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं। वहीं सीएसएस की गेंदबाजी कुछ कमजोर नजर आती है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी नूर अहमद, अकील हुसैन, मैट हेनरी और खलील अहमद के पास रहेगी।




वहीं रॉयल्स की बात करें तो जडेजा के आने से टीम का अनुभव और संतुलन बढ़ा है। टीम की बल्लेबाजी की कमान यशस्वी जायसवाल के पास रहेगी। टीम में युवा वैभव सूर्यवंशी भी नये रिकार्ड बनाना चाहेंगे। वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर के होने से भी टीम को लाभ मिलेगा। रॉयल्स की गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर के अलावा कोई भी ऐसा गेंदबाज नहीं है जो विशेष हो। पिछले सत्र के बाद टीम में कई बदलाव हुए हैं पर वह बेहतर गेंदबाज शामिल नहीं कर पायी है। स्पिन गेंदबाजी की कमान जडेजा और रवि बिश्नोई के पास रहेगी।

### टीम इस प्रकार है

**राजस्थान रॉयल्स:** रियान पराग (कप्तान ), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायेर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा, सैम कुरेन, एडम मिल्ने, बृजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे , आयुष म्हात्रे, मैट हेनरी, अकील हुसैन, नूर अहमद, जैमी ओवर्टन, मैथ्यू शॉर्ट, खलील अहमद, जाक फोकेस, अंशुल कम्बोज, नाथन एलिस, सरफराज खान, राहुल चाहर, कार्तिक शर्मा, उर्विल पटेल, अमन खान, रामाकृष्णा घोष, प्रशांत वीर, श्रेयस गोपाल, गुरजपनीत सिंह और मुकेश चौधरी।


# सबालेंका ने मियामी ओपन खिताब जीता, सनशाइन डबल भी हासिल किया



**मियामी (एजेंसी)।** बेलारुस की स्टार खिलाड़ी आर्यंका सबालेंका ने मियामी ओपन टेनिस खिताब जीत लिया है। सबालेंका ने महिला एकल मुकाबले के फाइनल में अमेरिका की कोको गाफ को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा और इस जीत के साथ ही सबालेंका ने लगातार दूसरी बार मियामी खिबाब जीतने के साथ ही सनशाइन डबल की उपलब्धि भी हासिल कर ली। सनशाइन डबल तब होता है जब कोई खिलाड़ी एक ही सत्र में इंडियन वेल्स और मियामी में जीत हासिल करता है। सबालेंका ने इससे पहले इंडियन वेल्स में भी खिताब जीता था। सबालेंका अब साल 2022 में पोलैंड की इगा स्वीटेक के बाद सनशाइन डबल पूरा करने वाली पहली खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले स्टेफी ग्राफ , किम क्लीजिस्टस और विक्टोरिया अजारेंका ने ही ये खिताब जीता है। इस प्रकार सबालेंका सनशाइन डबल जीतने वाली पांचवीं महिला खिलाड़ी बन गई हैं।सबालेंका ने खिताब मुकाबले का पहला सेट 6-2 से जीत लिया पर दूसरे सेट में गॉफ़ ने 6-4 से सेट जीतकर अच्छी वापसी की पर तीसरे सेट में सबालेंका ने एक बार फिर बाजी मार ली और शानदार सर्विस और विनर्स की सहायता से मैच जीत लिया। यह सबालेंका के करियर का 24वां डब्ल्यूटीए एकल खिताब है। वहीं कुल मिलाकर उनका 30वां खिताब है। इसमें चार ग्रैंड स्लैम एकल, दो ग्रैंड स्लैम डबल्स और कई डब्लयूटीए 1000 टाइटल शामिल हैं।

# ओलंपिक पदक जीतना हर खिलाड़ी का होता है सपना : अनाहत

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत की शीर्ष महिला स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह का कहना है कि उनकी लक्ष्य 2028 लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में पदक जीतना है। अनाहत ने कहा कि ओलंपिक में पदक जीतने की चाहत हर खिलाड़ी में होती है। अनाहत ने कहा, यह पहली बार है जब इस खेल कोओलंपिक में जगह मिली है सभी खिलाड़ी इस अवसर का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा, इससे पहले कोई भी स्क्वाश खिलाड़ी अधिक से अधिक राष्ट्रमंडल खेलों में खेल सकता था पर अब ओलंपिक में भी वह अपनी प्रतिभा दिखा सकता है। अनाहत ने कहा, अगले कुछ साल में मेरा लक्ष्य देश के लिए पदक जीतना रहेगा। अभी वह जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन में खेलेंगी। इससे खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक हासिल करने का भी अवसर मिलेगा। इससे इस साल के अंत में होने वाले एशियाई खेलों के लिए लय बनाने में सहायता मिलेगी। अनाहत ने कहा कि वह एक समय में एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। वहीं पुरुष वर्ग में स्टार खिलाड़ी रमित टंडन ने कहा कि इस खेल को ओलंपिक में शामिल किए जाने से अब कारपोरेट जगत का ध्यान भी



इसकी ओर गया है। रमित ने कहा, ओलंपिक विश्व खेल जगत का सबसे बड़ा आयोजन है और उसमें खेलना सभी का सपना होता है। साथ ही कहा कि हमारे खेल को जेएसडब्ल्यू और अन्य कारपोरेट घरानों के जुड़ने से भी लाभ हुआ है। ये ओलंपिक में शामिल होने से ही संभव हो पाया है। रमित ने कहा कि इसके ठीक बाद मैं लंदन में अगला टूर्नामिंट खेलने जा रहा हूं। रमित ने कहा, तैयारी के लिहाज से विश्व चैंपियनशिप काहिरा में है जो एक प्रभावित इलाका है। हमें पीएसए से संदेश मिल रहे हैं जिनमें कहा गया है कि वे स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। वे तारीखों में थोड़ा-बहुत फेरबदल करने पर भी विचार कर रहे हैं।

# आईपीएल के शुरुआती मैच में ही बने कई रिकार्ड

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल के पहले ही मैच में एक साथ कई रिकार्ड बने हैं। इस मैच में आरसीबी ने 15.4 ओवर में ही 202 रन बनाकर आईपीएल में सबसे तेजी से 200 रन बनाने का लक्ष्य अपने नाम किया। इससे पहले सबसे तेज 200 रनों का रिकार्ड राजस्थान रॉयल्स के नाम था जो उसने पिछले सत्र में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 15.5 ओवर में 212 रन बनाये थे। वहीं इस मैच में विराट कोहली ने नाबाद 69 रन बनाये। स प्रकार वह एक स्थल पर सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान ने



80 रनों की पारी के साथ ही अपने 3000 आईपीएल रन पूरे किये।

विराट ने बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में 28 बार पचास रन बनाए हैं। वहीं एक ही मैदान पर सबसे ज्यादा अर्धशतक के मामले में इंग्लैंड के जेम्स विंस दूसरे नंबर पर हैं। विंस के नाम द रोज बाउल, साउथैम्प्टन में 27 अर्धशतक का रिकार्ड है। कोहली ने आईपीएल में लक्ष्य का पीछा करते हुए 4000 रन बनाने का रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इसके अलावा वह टी-20 क्रिकेट में 13,572 रन के साथ पाकिस्तान के शोएब मालिक को पीछे छोड़ते हुए छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।वहीं सनराइजर्स ने इस मैच में 201 रन बनाने के साथ ही आरसीबी के खिलाफ खिलाफ सातवीं बार 200 से अधिक रन बनये हैं। वहीं सनराइजर्स के ईशान किशन ने कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में 80 रन बनाए। इस पारी के साथ वह आईपीएल में कप्तान के तौर पर अपने पहले ही मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये हैं।

# धोनी के बाहर होने से मिल सकता है युवा कार्तिक को अवसर

गुवाहाटी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी के शुरुआती मैचों से बाहर होने के कारण सोमवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने पहले मुकाबले में युवा बल्लेबाज कार्तिक शर्मा को अवसर दे सकती है। धोनी फिलहाल पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऐसे में वह शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे। कार्तिक को सीएसके ने नीलामी में 14.2 करोड़ रुपये में खरीदा है। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड खिलाड़ियों में से एक बन गये हैं। सीएसके पिछले सत्र से ही इस खिलाड़ी को खरीदना चाहती थी। इसी कारण उसे हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अभ्यास के लिए भेजा गया। कार्तिक मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ विकेटकीपिंग भी करते हैं। ऐमें में टीम उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना चाहेगी। कार्तिक ने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रणजी ट्रॉफी के पहले ही मैच में शतक लगाया था और इसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहे। विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में उन्होंने 445 रन बनाए और टीम की ओर से सबसे अधिक रन बनाये। वहीं सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उन्होंने 11 पारियों में 334 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 162.92 रहा। कार्तिक भी धोनी की तरत मैच फिनिशर बनना चाहते हैं।



# कप्तान स्टोक्स चोटिल कोने के कारण अगले दो माह तक खेल से बाहर हुए , गाल की हड्डी टूटी

लंदन । इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल होने के कारण अगले दो महीने के लिए खेल से बाहर हो गये हैं। स्टोक्स के गाल की हड्डी एक थ्रो लगने से टूट गयी है। ऐसे में अब वह दो माह बाद ही खेल के मैदान में वापसी कर सकेंगे। स्टोक्स की फरवरी में ही सर्जरी भी हुई थी। इसी कारण वह डरहम के लिए काउंटी सीजन के पहले महीने में उपलब्ध नहीं थे। डरहम अकादमी में स्टोक्स जब सर्जरी से उबरकर अभ्यास कर रहे थे तभी नेट्स में गेंद उनके चेहरे पर लग गयी। स्टोक्स इंग्लैंड लायंस की कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पाकिस्तान शाहीन्स के खिलाफ यूएई में व्हाइट-बॉल सीरीज में भी वह फिटनेस टेस्ट में असफल रहे थे। स्टोक्स डरहम की ओ से अगले सप्ताह केंट के खिलाफ सीजन ओपनर में खेलने वाले थे पर अब उनके सपनों पर पारी फिर गय है। टीम के मुख्य कोच ने कहा कि स्टोक्स शायद 8 मई से वॉर्सेस्टरशायर के खिलाफ पांचवें मैच से पहले नहीं खेल पाएंगे। वहीं डरहम के मुख्य कोच रयान कैंपबेल ने कहा कि इस प्रकार लगातार चोटिल होने से इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कैंपबेल ने कहा, 'यह घटना और भी खतरनाक हो सकती थी। अगर गेंद कुछ सेंटीमीटर अलग दिशा में लगती और उनकी आंख पर लग जाती, तो परिणाम क्या होता। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। राहत की बात ये रही कि वह बच गये हैं।'



# आईपीएल से हटने वालों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरुरत : गावस्कर



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है आईपीएल से हटने वाले खिलाड़ियों के खिलाफ केवल दो साल का प्रतिबंध ही काफी नहीं है। हससे भी अधिक सख्त कदम उठाने चाहिये जिससे कि कोई भी भविष्य में इस प्रकार से धोखा न करे। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार से कई खिलाड़ी बहानेबाजी करते हैं उसे रोकने के लिए आईपीएल आयोजकों का कठोर नियम बनाने चाहिये। आईपीएल शुरु होने के ठीक पहले कुछ विदेशी खिलाड़ियों के अचानक वापस नाम लेने से टीमों की रणनीति बिखर गयी है। नाम वापस लेने वालों में इंग्लैंड के बेन डकेट और हैरी ब्रूक भी शामिल है। बीसीसीआई के नियमों के अनुसार अगर कोई खिलाड़ी नीलामी में बिकने के बाद टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उस पर 2 साल का प्रतिबंध लगता है पर गावस्कर का मानना है कि इससे अधिक अधिक कठोर कदमों की जरुरत है। गावस्कर ने कहा, 卐यह एक कठिन मामला है। डकेट की एशेज सीरीज बहुत अच्छी रही थी, और अगर उन्हें 'द हंड्रेड' की नीलामी में उतनी बड़ी रकम में नहीं खरीदा गया होता, तो वह आईपीएल खेल रहे होते। 'द हंड्रेड' में अच्छी कीमत पर खरीदे जाने के बाद, वह आईपीएल को छोड़ने और यह कहने में काफी खुश थे कि वह अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देना चाहते हैं।' उन्होंने साथ ही कहा, 'लेकिन हां, इस बारे में बीसीसी को भी सोचना चाहिए कि क्या किया जाना चाहिए, क्योंकि दो साल का प्रतिबंध साफ तौर पर काम नहीं कर रहा है। आपको कुछ ऐसा करना होगा जिसका असर हो। जब तक इसका खिलाड़ी पर और उसके आईपीएल में वापसी के अवसरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, तब तक यह नियम काम नहीं करेगा।卐 डकेट के लीग से हटने के फैसले ने खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता और लीग के नियमों पर सवाल उठने लगे हैं।

# सैफ चैंपियनशिप 2026: बांग्लादेश से 1-1 से ड्रॉ खेलने के बावजूद ग्रुप में टॉप पर रहा भारत

**माले (मालदीव) (एजेंसी)।** भारतीय अंडर-20 पुरुष फुटबॉल टीम ने सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप 2026 में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। टीम ने बांग्लादेश के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेला और ग्रुप बी में टॉप पर जगह बनाई।

मैच की शुरुआत दोनों टीमों ने संभलकर की। बांग्लादेश ने मैदान की चौड़ाई का इस्तेमाल कर भारतीय डिफेंस को तोड़ने की कोशिश की, लेकिन भारत का डिफेंस काफी मजबूत नजर आया। धीरे-धीरे भारत ने खेल पर पकड़ बना ली और सेट-पीस (कॉर्नर, फ्री-किक) से मौके बनाने शुरू किए।

भारत के लिए मैच में पहला गोल विष्णु यादव ने 17वें मिनट में किया। उन्होंने कॉर्नर किक पर शानदार हेडर लगाकर टीम को बढ़त दिलाई। यह इस टूर्नामेंट में उनका दूसरा गोल था, हालांकि बांग्लादेश ने हार नहीं मानी और पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में ही वापसी कर ली। बांग्लादेश के लिए मोहम्मद अब्दुल रियाद फहीम ने शानदार गोल करते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत और बांग्लादेश के फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने कई प्रयास किए, लेकिन दोनों टीमों का डिफेंस काफी मजबूत नजर आया।



पहले हाफ के अंत में एक फाउल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ के बीच जमकर बहस देखने को मिली। इस दौरान बांग्लादेश के कोच और भारत के गोलकीपिंग कोच को रेड कार्ड दिखाया गया।

दूसरे हाफ में भारत ने ज्यादा आक्रामक खेल दिखाया और कई मौके बनाए, लेकिन गोल नहीं कर सका। टीम ने जीत के लिए आखिर तक कोशिश की, लेकिन बांग्लादेश के डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन किया। इस ड्रॉ के बावजूद भारत को कोई नुकसान नहीं हुआ, क्योंकि टीम पहले ही पाकिस्तान को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना चुकी थी। बेहतर प्रदर्शन के चलते भारत ग्रुप में पहले, जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर रहा।

भारतीय टीम की अब सेमीफाइनल में भिड़ंत भूटान से होगी। वहीं, टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बांग्लादेश का सामना नेपाल से होगा।

# जापान ग्रांप्री : मर्सिडीज के 19 वर्षीय एंटोनेली ने लगातार दूसरी F1 रेस जीती



सुजुका । मर्सिडीज के 19 वर्षीय ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को जापानी ग्रांप्री में मैकलारेन के ऑस्कर पियास्त्री को पछाड़ते हुए लगातार दूसरी फॉर्मूला वन (स्न1) रेस जीत ली। इटली के एंटोनेली ने ऑस्ट्रेलिया के ड्राइवर को 13.7 सेकंड के अच्छे अंतर से पछाड़ा। फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर्क तीसरे और मर्सिडीज के जॉर्ज रसेल चौथे स्थान पर रहे। मैकलारेन के लैंडो नॉरिस पांचवें और फेरारी के लुईस हैमिल्टन छठे स्थान पर रहे। एंटोनेली ने अपने करियर की पहली एफवन रेस दो सप्ताह पहले चीन में जीती थी और वह इतिहास के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता हैं। सबसे कम उम्र के विजेता का रिकॉर्ड मैक्स वेरस्टैपेन के नाम है। उन्होंने 2016 में 18 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। एंटोनेली ने चीन में भी पोल पोजीशन (शीर्ष स्थान से रेस शुरू करने का अधिकार) से जीत दर्ज की थी। तीन रेस में एंटोनेली के 72 अंक हैं। वह अब सत्र की ड्राइवर की तालिका में शीर्ष पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। एंटोनेली ने कहा, 'चैंपियनशिप के बारे में सोचना अभी जल्दबाजी होगी, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।' उन्होंने कहा कि इस जीत के बावजूद उन्हें अपनी शुरुआत को बेहतर करने पर ध्यान देना होगा। इस युवा ड्राइवर ने कहा, 'मेरी शुरुआत खराब रही, मुझे बस यह देखना होगा कि क्या गलत हुआ। मुझे इसमें सुधार करना होगा क्योंकि इससे रेस में जीत या हार का बहुत बड़ा फर्क पड़ता है।'

# विराट में अब भी किसी युवा बल्लेबाज जैसी रनों की भूख देखकर होती है हैरानी: अश्विन



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दिग्गज स्पिनर आर अश्विन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2026 के पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेली पारी की जमकर प्रशंसा की है। विराट इस मैच में पारी की शुरुआत से लेकर जीत का टिके रहे। इसी को लेकर अश्विन ने कहा है कि उनके अंदर आज भी रनों की पहले जैसी ही भूख है जो मुख्य रुप से युवा बल्लेबाजों में होती है।

अश्विन ने कहा, मुझे इस उम्र में वह काफी अजीब लगता है। मैं कभी-कभी हमारी बातचीत के दौरान उसे यह बताता हूं। वह 40 के आस-पास बल्लेबाज कर रहा था, एक साझेदारी चल रही थी और आरसीबी आराम से आगे बढ़ रही थी। वह पहला एक रन लेने के लिए दौड़ा, वहीं रुक गया जबकि दूसरा बल्लेबा अभी आधा भी नहीं पहुंचा था पर विराट पहले से ही दूसरा एक रन लेने का प्रयास कर रहा था। वह लेग साइड पर 57 मीटर की बाउंड्री थी और यह दिखाता है कि वह अभी भी गेम में कितना उत्साह लाता है।

अश्विन ने साथ ही कहा, वह जो कहता है, वही करता है। ऐसा लगता है जैसे वह लोगों को यह बताने के लिए एक शो कर रहा हो कि गेम कैसे खेलना चाहिए, इसे मेहनत से खेलना चाहिए और इसे वैसे ही खेलना चाहिए जैसा इसे खेला जाना चाहिए। विराट ने जो किया, उसके बारे में यह बात मेरे लिए सबसे अलग थी और अगर आससीबी इसी तरह बल्लेबाी करने वाली है, तो विराट को बस पूरे 20 ओवर खेलने की जरूरत है। विराट मैदाने पर टिके रहें तो रन आते रहंगे।

# अब लीवरपूल को छोड़ रहे सालाह

लंदन । स्टार फुटबॉलर मोहम्मद सालाह लंबे समय के साथ के बाद अब इंग्लैड के लीवरपूल क्लब को छोड़ रहे हैं। सालाह ने कहा कि ये उनका लिवरपूल एफसी के साथ अंतिम सत्र है। वह अगले सत्र में अब किसी नई टीम से खेलेंगे। सालाह ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में कहा है कि लीवरपूल के साथ उनका समय पूरा हो गया है। इस खिलाड़ी ने कहा कि अब मेरी विदायी का समय है। मैं क्लब में बिताये समय को हमेशा याद रखूंगा। सालाह का अप्रैल 2025 में क्लब के साथ दो साल का अनुबंध हुआ था, वहीं क्लब की ओर कहा गया है कि उन दोनो के बीच सब कुछ तय हो गया है। इससे अब वह फ्री ट्रांसफर पर जा सकते हैं। सालाह ने क्लब की ओर से 34 मैचों में 10 गोल किए हैं। ये साल 2017 में क्लब में आने के बाद से उनके सत्र के सबसे कम गोल हैं। पिछले कुछ समय में मैदान के बाहर की परेशानियों से वह जूझते रहे हैं। दिसंबर में लीड्स के साथ 3-3 के ड्रॉ के बाद सालाह ने कहा कि क्लब ने उन्हें बाहर करने का प्रयास किया था। साथ ही कहा था कि मुख्य कोच आर्नेट स्लॉट के साथ भी उनके संबंध खराब हो गये थे। था। उनके इसी साल जनवरी में क्लब से बाहर होने की संभावनाएं थीं पर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस में शामिल होने के बाद उनको टीम में जगह मिल गयी। अब देखना होगा कि वह अगला सत्र किस टीम से खेलते हैं।



# हमारा लक्ष्य खिताब फिर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर खिताब जीतना है : पाटीदार

**-विराट अपने खेल के शिखर पर**

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने सत्र के पहले ही मैच में जीत पर खुशी जताते हुए कहा है कि हम खिताब बचाने की मानसिकता के साथ नहीं उतरे हैं। पाटीदार के अनुसार आरसीबी लगातार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर फिर से खिताब जीतना चाहती है। आरसीबी ने अपने पहले ही मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएत) को छह विकेट से हराय है जिससे उसके हौंसले बलंद हैं। पाटीदार ने कहा कि वह टीम के अभियान को खिताब की जगह खिताब हासिल करने वाला मानते हैं।

उन्होंने कहा, हम इस मानसिकता के साथ नहीं खेल रहे हैं कि कुछ बचाना है। हमने 2025 में जो किया, वह बीती बात थी। अब हम इस बार फिर खिताब जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। आरसीबी की जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के अलावा देवदत्त पडिक्कल और जैकब डफी के अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है। इसी को लेकर पाटीदार ने कहा, लक्ष्य का पीछा करने में कोहली शीर्ष पर हैं। मुझे हमेशा से ही उनकी बल्लेबाजी पसंद रही है और डगआउट से उन्हें खेलते देखना बहुत शानदार रहता है।

उन्होंने कहा, कोच एंडी फ्लावर और मुझे भी लगता है कि वह अपने खेल के सबसे उच्च स्तर पर हैं। उनकी पारी की प्रशंसा के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। वह मेरे आदर्श हैं और मैंने उन्हें नेट्स पर उसी ऊर्जा और तत्परता के साथ खेलते देखा है। मैं उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करते देखकर बहुत कुछ सीख रहा हूं। वहीं मैच में तीन विकेट लेकर सनराइजर्स पर अंकुश लगाने वाले डफी को लेकर उन्होंने कहा, वह टी20 का विशेषज्ञ गेंदबाज है और हमें उस पर काफी भरोसा है। जिस तरह से वह खेल रहा है, जबर्दस्त है।



## तमिलनाडु के प्रसिद्ध मंदिर की छत गिरी, महिला श्रद्धालु की मौत, दो घायल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के त्रिची में प्रसिद्ध सामयापुरम मरियम्मन मंदिर के मंडपम में सो रही एक महिला श्रद्धालु की छत का हिस्सा गिरने से मौत हो गई। सामयापुरम मरियम्मन मंदिर तमिलनाडु के सबसे बड़े शक्ति मंदिरों में से एक है। दूर-दूर से श्रद्धालु पैदल चलकर यहां आते हैं, रात को मंडपम में रुकते हैं और सुबह माता मरियम्मन के दर्शन करते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक थंजावुर जिले से अपने परिजनों के साथ आई नथिया (32) अन्य श्रद्धालुओं के साथ मंडपम में सो रही थी। रात को अचानक छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर तीन महिलाओं पर आ गिर गया। नथिया को भी इस हादसे में गंभीर चोटें आईं उसकी मौके पर ही उनकी मौत हो गई। दो अन्य महिलाओं को वहां मौजूद दूसरे श्रद्धालुओं ने बचाया और अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। यह सवाल उठ रहे हैं कि इतने बड़े और प्रसिद्ध मंदिर में इमारत की नियमित जांच क्यों नहीं होती और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा कौन लेगा। यह हादसा उस वक्त हुआ जब मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। एक तरफ जहां लोग आस्था लेकर आते हैं वहीं इस तरह की घटनाएं मंदिर प्रशासन की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

## पटना के दलदली रोड में भीषण अग्निकांड, मकान में फंसे 4 लोग, फायरकर्मियों ने किया रेस्क्यू

पटना (एजेंसी)। राजधानी के गांधी मैदान थाना क्षेत्र अंतर्गत दलदली रोड में शनिवार देर रात एक आवासीय मकान में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना रात करीब 2:30 बजे की है, जब प्रेम कुमार नामक व्यक्ति के मकान में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि महज पांच मिनट के भीतर पूरी बिल्डिंग धू-धू कर जलने लगी। आग की तेज लपटों और धुएं के गुबार को देखकर आसपास के घरों के लोग और दुकानदार जान बचाकर बाहर की ओर भागे। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि संकरी गलियां और पतले रास्ते होने के कारण दमकल वाहनों को घटनास्थल तक पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दमकल कर्मियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया हालांकि, जब तक आग बुझाई जा सकी, तब तक मकान के भीतर रखा सारा कीमती सामान जलकर राख हो चुका था। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन संपत्ति का भारी नुकसान हुआ है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, प्रशासन मामले की जांच कर रहा है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और ब्लैकमेलिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

नूंह (एजेंसी)। हरियाणा के फिरोजपुर झिरका क्षेत्र में शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 28 मार्च को सिटी थाना फिरोजपुर झिरका में मामला दर्ज किया गया। यह केस हरियाणा धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2022 और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। इस संबंध में शिकायतकर्ता महिला, जो पंजाबी समुदाय से बताई जा रही है, ने आरोप लगाया है, कि आरोपी जाहिर पुत्र यूनुस ने पहले उससे ऑनलाइन दोस्ती की। बाद में शादी का झांसा देकर उसे मेवात क्षेत्र में बुलाया, जहां एक होटल में उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने घटना के दौरान अश्लील वीडियो बना लिया और बाद में उसी के जरिए उसे ब्लैकमेल करने लगा। आरोप है कि आरोपी लगातार धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डालता रहा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने महिला को धमकाकर वहां से भगा दिया। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से संपर्क कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और न्याय की मांग की। पुलिस ने आरोपी की पहचान जाहिर पुत्र यूनुस, निवासी फिरोजपुर झिरका के रूप में की है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी अजायब सिंह ने बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। उन्होंने कहा कि आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा, ताकि मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा सके। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## बीजेपी सांसद और विधायक ने किया कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

### -पालम की बदलेगी तस्वीर, भविष्य की योजनाओं पर होगा तेजी से काम

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण दिल्ली से बीजेपी सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी और विधायक कुलदीप सोलंकी ने शनिवार को 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का औपचारिक शुभारंभ किया। इन योजनाओं के तहत क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं, जैसे सड़कों, गलियों, नालियों और पार्कों को आधुनिक और बेहतर बनाया जाएगा। एक शिलान्यास समारोह के दौरान बिधूड़ी और सोलंकी ने विकास कार्यों की नींव रखी। इस बजट से पालम गांव में होगी सड़क और ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, क्षेत्र के पार्कों में दो नए जिम और बच्चों के लिए लगाए जाएंगे झूले, राजनगर की गलियों का पुनर्निर्माण, गोकल गार्डन की सड़क, शिक्षा भारती से रामफल चौक तक की सड़क, सेक्टर-7 की मुख्य रोड और वर्धमान माल से दादा देव श्मशान घाट तक की सड़क का निर्माण कार्य शामिल है। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने पूरे पालम विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए कुल 187 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने पिछले एक साल की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि दिल्ली में आरोग्य मंदिर, इलेक्ट्रिक बसें, अटल कैंटीन और स्कूलों में कंप्यूटर जैसी सुविधाओं पर तेजी से काम हुआ है। उन्होंने भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यमुना की सफाई, सीवर मास्टर प्लान और पानी की पुरानी पाइपलाइनों को बदलने जैसी बड़ी परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। इन कार्यों के पूरा होने से दिल्ली तेजी से विकास के पथ पर दौड़ती नजर आएगी।

# पुरुलिया रैली को संबोधित करते हुए ममता ने कहा...

## बंगाल में अगर बीजेपी आई तो लोग मछली, मांस और अंडे नहीं खा पाएंगे

**कोलकाता (एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, कि यदि बीजेपी राज्य में सत्ता में आती है, तो वह बंगाल की पारंपरिक खान-पान संस्कृति पर रोक लगा सकती है। बीजेपी के आने पर लोग मछली, मांस और अंडे नहीं खा पाएंगे।

रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ऐसे विचारों को बढ़ावा देती है, जिनमें मछली, मांस और अंडे जैसे खाद्य पदार्थों के सेवन पर प्रतिबंध की बात कही जाती है। उन्होंने दावा किया कि यह बंगाल की सांस्कृतिक पहचान पर सीधा हमला होगा। उन्होंने भाजपा पर धार्मिक और जातीय विभाजन करने के साथ ही दंगे भड़काने के आरोप भी लगाए।



टीएमसी सुप्रीमो ममता ने बीजेपी शासित राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां आदिवासियों का शोषण होता है और महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। अपने भाषण में ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर भी सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी नेताओं द्वारा टीएमसी के खिलाफ जारी की गई 'चार्जशीट' निराधार है और असल में भाजपा को अपने पिछले रिकॉर्ड का जवाब देना चाहिए। उन्होंने गुजरात के दंगों का जिक्र करते हुए बीजेपी की आलोचना की।

इसके साथ ही ममता बनर्जी ने राज्य सरकार की 'लक्ष्मी भंडार' योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी चुनाव से पहले लाभ देने का वादा करती है, लेकिन बाद में योजनाओं को बंद कर देती है।

चुनाव आयोग की प्रक्रिया 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने दावा किया कि करीब 1.2 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं, जिनमें उनके समर्थक शामिल हैं। साथ ही, उन्होंने आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के तबादलों को लेकर भी असंतोष जताया। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की 294 सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होंगे, जबकि मतगणना 4 मई को की जाएगी।

## भारत की पाकिस्तान-बांग्लादेश बॉर्डर पर एंटी ड्रोन-सेंसर से निगरानी : चीन सीमा पर पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर और गलवान झड़प के बाद सीमाओं पर निगरानी बढ़ा दी है। पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर एंटी-ड्रोन, सेंसर और लेजर की मदद से निगरानी की जा रही है। वहीं, लद्दाख में चीन सीमा पर 29 नए आउटपोस्ट तैयार किए गए हैं। साथ ही भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की पेट्रोलिंग 3 गुना बढ़ा दी गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सालना रिपोर्ट 2024-25 के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान सीमा पर जम्मू क्षेत्र और भारत-बांग्लादेश सीमा पर धुबरी में 5-5 किमी इलाके में 'कंप्रीहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम' (सीआईबीएमएस) के दो पायलट प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं। सीआईबीएमएस कई तकनीकों और संसाधनों का एक नेटवर्क है। वहीं, म्यांमार सीमा पर अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में 'हाइब्रिड सर्विलांस सिस्टम' पर काम जारी है। सीमाओं पर ड्रोन के बढ़ते खतरे को देखकर सुरक्षा बलों को स्पेशल ट्रैनिंग और मॉडर्न उपकरणों से लैस किया जा रहा है। यह सिस्टम अवैध हवाई घुसपैठ का पता लगाने और खत्म करने में प्रभावी है। जीआईएस लेयर और पीएम गति शक्ति पोर्टल का इस्तेमाल सीमावर्ती बुनियादी ढांचे की सटीक मैपिंग और रणनीतिक योजना बनाने के लिए हो रहा है। यह संवेदनशील इलाकों की निगरानी सुनिश्चित करता है। आईटीबीपी ने 2022 से 2024 के बीच 29 नए बॉर्डर आउटपोस्ट बनाए हैं। इससे कुल संख्या 209 हो गई है। यह बढ़ोतरी जून 2020 में पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद की गई है। तब आईटीबीपी के 180 आउटपोस्ट थे। नए आउटपोस्ट बनने से दूर-दराज के हाई-एल्टीट्यूड इलाकों में आईटीबीपी की सालभर मौजूदगी बनी रहेगी। साथ ही फॉरवर्ड पोस्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, 2017-18 में आईटीबीपी औसतन 173 पेट्रोलिंग प्रति माह करता था। यह संख्या 2023-24 में बढ़कर करीब 500 प्रति माह हो गई, यानी करीब 3 गुना बढ़ोतरी हुई है।



## अमेठी में पुलिस ने सपा कार्यकर्ता के घर से 1400 लीटर पेट्रोल-डीजल किया जब्त

अमेठी। यूपी के अमेठी में डीजल-पेट्रोल की कमी की अफवाहों और पेट्रोल पंप पर लग रही भीड़ को लेकर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में सपा कार्यकर्ता के घर से भारी मात्रा में तेल बरामद किया गया है, जिसके बाद प्रशासन ने बरामद तेल को जब्त करते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पूरा मामला जनपद अमेठी कोतवाली क्षेत्र के भरेथा निधि के पुरवा गांव का है। जहां शनिवार को प्रशासन को सूचना मिली थी की कि किसी घर में बड़ी मात्रा में डीजल और पेट्रोल रखा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने करीब 1400 लीटर डीजल-पेट्रोल बरामद किया है। तेल को चार नीले ड्रम, एक पानी की टंकी और चार छोटे डिब्बों में भरकर अवैध रूप से डंप किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर तेल जमा करने वाले दयाराम यादव के खिलाफ विधिक कार्यवाही शुरू कर तेल जब्त कर लिया है। वहीं दयाराम यादव समाजवादी पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता और पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति का करीबी बताया जा रहा है। जिलाधिकारी की अनुमति के बाद सप्लाई विभाग के अधिकारी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले को लेकर सप्लाई इंस्पेक्टर शुभम चौधरी ने बताया की सूचना पर पहुंचकर छापा मारा गया।

## बिना पट्टे के कुत्ते को घुमाया, सड़कों पर गायों या भैंसों को बांधा तो लगेगा जुर्माना

### -दिल्ली नगर निगम के बदलेंगे नियम, लोकसभा में जन विश्वास विधेयक हुआ पेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम ने पुराने नियमों में बड़े बदलाव की तैयारी कर ली गई है। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में जन विश्वास विधेयक, 2026 पेश किया है। इस विधेयक का मुख्य उद्देश्य छोटे अपराधों के लिए जुर्माने की राशि को बढ़ाना और पुराने कानूनों को आज के समय के मुताबिक प्रासंगिक बनाना है। नए विधेयक में यदि कोई मालिक अपने पालतू कुत्ते को बिना पट्टे के सड़क पर घुमाता है, तो उसे अब 50 रुपए के बजाय 1,000 रुपए जुर्माना देना होगा। इसी तरह सड़कों पर गायों या भैंसों को बांधने पर भी जुर्माने की राशि 100 से बढ़ाकर 1,000 रुपए करने का प्रस्ताव है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने और पेशाब करने वालों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। पहले इसके लिए 50 रुपये का जुर्माना लगता था, जिसे अब बढ़ाकर 500 रुपए किया जा रहा है। गंदगी न हटाने पर पहली बार पकड़े जाने पर चेतावनी दी जाएगी, लेकिन दूसरी बार उल्लंघन करने पर सीधे 500 रुपए का जुर्माना लगेगा। कूड़ा फेंकने या सड़क पर गंदगी बहाने पर भी अब 50 के बजाय 200 रुपए देने होंगे।

विधेयक में कई अन्य नागरिक नियमों के उल्लंघन पर भी दंड बढ़ाया गया है। मकान नंबर मिटाने पर जुर्माना 50 से बढ़ाकर 1,000 रुपए करने का प्रस्ताव है। खतरनाक आतिशबाजी पर 50 की जगह पर अब 500 रुपए देने होंगे। निगम अधिकारी को परिसर में आने से रोकने पर जुर्माना 50 से बढ़कर 500 रुपए किया जा रहा है। आदेश के बाद भी असुरक्षित इमारत में रहने पर जुर्माना 200 से बढ़ाकर 1,000 रुपए किया गया है। विधेयक में एक मानवीय बदलाव भी किया गया है। पुराने नियम के तहत, यदि कोई सफाईकर्मी बिना सूचना दिए काम से गायब रहता था, तो उसे एक महीने की जेल हो सकती थी। नए प्रस्ताव में इस अपराध की श्रेणी को खत्म कर दिया गया है और जेल की जगह केवल 500 रुपए का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

# शादी के समय लड़कों के डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच को अनिवार्य करने बने कानून

### -आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्र सरकार से किया आग्रह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने केंद्र सरकार से आग्रह किया था कि शादी के समय लड़कों के डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच को अनिवार्य बनाने के लिए कानून बनाया जाए। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह मांग उठाई थी। कंग ने कहा था कि आज हमारे समाज में तलाक और घरेलू हिंसा के मामले बढ़ रहे हैं। जब नया रिश्ता जुड़ता है तो लड़की के बारे में बहुत जांच-पड़ताल की जाती है, लेकिन लड़कों को लेकर उतनी जांच-पड़ताल नहीं होती। उनका कहना था कि शादी के समय लोग इस तरह की चीजें छिपा लेते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि सरकार से मांग है कि एक कानून बनाया जाए कि शादी के समय डोप टेस्ट और चिकित्सा जांच अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि शादी के बाद कई बार सामने आता है कि लड़का गंभीर रूप से बीमार है या फिर वह आपराधिक प्रवृत्ति का है। इससे महिलाओं के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। कंग ने कहा कि दूल्हे के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए कि वह मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट और डोप टेस्ट का सर्टिफिकेट लड़की वालों के सामने पेश करे और तभी शादी हो।



कांग्रेस के उज्जवल रमण सिंह ने सरकार से ऑनलाइन कारोबार पर अंकुश लगाने और छोटे एवं मझौले व्यापारियों के हितों के संरक्षण की मांग की है। उन्होंने शुक्रवार को शून्य काल में इस बारे में नियम बनाने और छोटे दुकानदारों और मझौले व्यापारियों का व्यवसाय को बचाने के उपाय करने की सरकार से मांग की। वहीं सपा के वीरेन्द्र सिंह ने किसानों के घरों में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने पर बिल बढ़कर आने तथा प्रीपेड मीटर लगाने से उन्हें हो रही कठिनाइयों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उनकी समस्यायें दूर करने की मांग की।

बीजेपी के निशिकांत दुबे ने मुस्लिमों और ईसाइयों से विवाह करने वाली आदिवासी युवतियों का अनुसूचित जनजाति का दर्जा समाप्त करने की मांग की। बीजेपी के ही चन्दूभाई छगनभाई शिहोरा ने गुजरात के सुरेन्द्र नगर इलाके के नमक किसानों को बारिश से हुए नुकसान की भरपाई करने और उन्हें भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। सपा के आनंद भदौरिया ने यूपी में शहीदों और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त किये जाने का मुद्दा उठाया और इसके दोषियों को सजा देने की मांग की। कांग्रेस के डॉ. प्रशांत यादव राव पडोले ने 2027 की जनगणना के लिए तय प्रारूप के कॉलम में अन्य पिछड़ा वर्ग को भी जोड़ने की मांग की।

## 25 साल पुराना सपना सच, भारत के सबसे बड़े एयरपोर्ट से अगले 60 दिनों में शुरू होंगी उड़ानें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन के साथ ही भारत के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक नया अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को किए गए इस उद्घाटन के बाद अब सभी की निगाहें कमर्शियल ऑपरेशंस शुरू होने पर टिकी हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने स्पष्ट किया है कि नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो से हवाई अड्डा सुरक्षा कार्यक्रम की अंतिम मंजूरी मिलते ही यहाँ से व्यावसायिक उड़ानें पूरी तरह शुरू हो जाएंगी। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले 45 से 60 दिनों के भीतर सभी सुरक्षा मानक पूरे कर लिए जाएंगे और एयरपोर्ट एंट्री पास जारी होने के बाद स्टेकहोल्डर्स अपना काम शुरू कर सकेंगे।



लगभग 6,200 हेक्टेयर भूमि पर पांच चरणों में विकसित किए जा रहे इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का पहला चरण 11,200 करोड़ रुपये की लागत से सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर तैयार हुआ है। शुरुआत में यहाँ से घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा, जिसमें दिल्ली और मुंबई जैसे मेट्रो शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए सेवाएं विस्तार लेंगी। जहाँ तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का सवाल है, इसमें थोड़ा अधिक समय लग सकता है क्योंकि इसके लिए आव्रजन और सीमा शुल्क विभाग की गहन समीक्षा और मंजूरी अनिवार्य है। हालांकि, इंडिगो जैसी प्रमुख एयरलाइन कंपनियां अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

कनेक्टिविटी के मामले में यह एयरपोर्ट देश के सबसे सुगम हवाई अड्डों में से एक होगा। इसे यमुना एक्सप्रेसवे, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, ईस्टर्न पेरिफेरल और गंगा एक्सप्रेसवे जैसे बड़े सड़क मार्गों से जोड़ा गया है। साथ ही रेल और मेट्रो कनेक्टिविटी पर भी तेजी से काम चल रहा है। एयरपोर्ट के आसपास फिल्म सिटी, टॉय पार्क, अपैरल पार्क और सेमीकंडक्टर पार्क जैसी औद्योगिक इकाइयां विकसित की जा रही हैं। इस परियोजना से सीधे तौर पर 50,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जबकि लाखों अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। तकनीकी रूप से यह एयरपोर्ट वैश्विक स्तर का है। पहले चरण में 3,900 मीटर लंबा रनवे तैयार किया गया है, जो आधुनिक नेविगेशन सिस्टम और हर मौसम में उड़ान भरने की सुविधा से लैस है। यहाँ 40 एकड़ में विमानों की मरम्मत के लिए विशेष केंद्र बनाया गया है। भविष्य में यहाँ कुल 8 रनवे बनाने की योजना है। एयरपोर्ट का डिजाइन बनारस के घाटों और भारतीय हवेलियों की वास्तुकला से प्रेरित है, जो इसे सांस्कृतिक पहचान भी देता है। फार्म टू ग्लोबल मार्केट मॉडल के तहत यहाँ से पश्चिमी यूपी के किसानों के उत्पाद और राज्य के करीब 1 करोड़ एमएसएमई उद्योगों का सामान सीधे वैश्विक बाजारों तक पहुँच सकेगा।

## बाबा खरात ने पति को किया बाहर, महिला को नशीला पदार्थ पिलाकर किया रेप

### -ज्योतिषी खरात के खिलाफ रेप का आठवां मामला दर्ज, व्यापारी से ठगे लाखों

**मुंबई, (एजेंसी)।** नासिक के स्वयंभू बाबा और ज्योतिषी अशोक खरात के खिलाफ रेप का आठवां मामला दर्ज हुआ है। सरकारवाड़ा पुलिस थाने में दो नए केस दर्ज किए गए हैं। एक शिकायत में कहा गया है कि खरात ने नेवासा फाटा अहिल्यानगर के एक व्यापारी से 2.6 लाख रुपए ठगने का आरोप है। वहीं दूसरा मामला महिला के यौन शोषण का है। आरोप है कि अगस्त 2024 से दिसंबर 2024 के बीच अशोक खरात ने महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया था।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महिला का आरोप है कि चार महीने के अंदर अशोक खरात ने चार बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया है कि पीड़िता की शादी 2013 में हुई थी। एक बेटी का जन्म हुआ और फिर पति से अनबन हो गई। 2022 में एक रिश्तेदार ने दंपती को अशोक खरात से मिलवाया। उनकी सलाह के बाद पति-पत्नी साथ रहने लगे। अगस्त में दंपती खरात से मिलने गया था। खरात ने पति से बाहर इंतजार करने को कहा और इसके बाद महिला को अंदर ले गया। तांबे के बर्तन में कोई नशीला पदार्थ दिया।

पुलिस ने बताया कि खरात ने महिला के साथ दुष्कर्म किया और धमकी भी दी कि अगर यह बात किसी से बताई तो दैवीय शक्तियां जीवन तबाह कर देंगी। इसके बाद खरात ने कई बार उसे बुलाकर रेप किया और जीवन खराब होने के डर से महिला चुप रही। रेप मामले में खरात की गिरफ्तारी के बाद पीड़िता सब कुछ बताने की हिम्मत जुटा पाई। महाराष्ट्र में नासिक के स्वयंभू बाबा अशोक खरात के खिलाफ पुलिस हेल्पलाइन के जरिए 100 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई हैं जिनमें लगभग 70 फीसदी शिकायतकर्ता महिलाएं हैं।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को कहा कि कई पीड़ित, विशेष रूप से महिलाएं, बदनामी के डर, सामाजिक कलंक और आरोपी के राजनीतिक संबंधों के कारण शिकायत देने में संकोच कर रहे थे। इसे हल करने के लिए अधिकारियों ने पीड़ितों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक गोपनीय हेल्पलाइन शुरू की, जिसे काफी प्रतिक्रिया मिली है। खरात के खिलाफ आरोपों में धोखाधड़ी और यौन शोषण दोनों शामिल हैं। पुलिस जांच कर रही है और अधिकारियों ने सभी पीड़ितों से बिना किसी डर के आगे आने का आग्रह किया है। इसके साथ ही खरात के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## चुनावों में जमकर बंट रहीं मुफ्त की रेबड़ियां, महिलाओं के खाते में सीधे 24,500 करोड़ रुपये होंगे जमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेताओं ने वोट खरीदने का एक आसान और सरल रास्ता अपना लिया है। ये बात कोई और नहीं बल्कि आम आदमी कहता सुना जा रहा है। इस बार के चुनावों में राज्यों में होड़ लगी हुई है मुफ्त में रेबड़ियां बांटने की। नतीजा आम आदमी की जेब से निकलकर सीधे साढ़े 24 सौ करोड़ रुपए महिलाओं को बांट दिए जाएंगे। ताकि उन्हे वोट मिले और सत्ता पर काबिज हो जाएं।

5 राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की आहट के साथ ही राजनीतिक दलों ने सत्ता की चाबी हासिल करने के लिए कैश ट्रांसफर यानी सीधे नकद सहायता को अपना सबसे बड़ा हथियार बना लिया है। एक विश्लेषण के अनुसार, चुनावी राज्यों में चार प्रमुख सरकारें महिलाओं के बैंक खातों में सीधे 24,500 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर रही हैं।

इन दलों का चुनावी वादा भी यही है कि यदि वे दोबारा सत्ता में आते हैं, तो अगले पांच वर्षों तक यह वित्तीय सहायता निर्बाध रूप से जारी रहेगी। आंकड़ों के लिहाज से देखें तो इन चार राज्यों में कुल 17.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से 4.1 करोड़ महिलाएं इन नकद योजनाओं की सीधी लाभार्थी हैं। यानी कुल वोटरों का लगभग 23 प्रतिशत हिस्सा सीधे तौर पर इन योजनाओं से जुड़ा है। विभिन्न राज्यों में इस नकद राजनीति के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। तमिलनाडु की सत्तारूढ़ सरकार ने स्पेशल समर पैकेज के नाम पर महिलाओं के खातों में 2-2 हजार रुपये डाल दिए हैं। वहीं, असम में बिहू उत्सव के उपलक्ष्य में महिलाओं को 4-4 हजार रुपये की सहायता दी गई है। केरल की वामपंथी सरकार स्त्री सुखम नकद योजना के जरिए करीब 10 लाख महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये दे रही है। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार ने अपनी प्रसिद्ध लक्ष्मी भंडार योजना की राशि में 500 रुपये की बढ़ोतरी की है। दिलचस्प बात यह है कि खस्ताहाल अर्थव्यवस्था के बावजूद बंगाल सरकार को इस योजना के लिए अगले साल 5,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा।

पिछले पांच वर्षों के चुनावी रुझान बताते हैं कि महिलाओं को नकद सहायता देने वाले राज्यों की संख्या 1 से बढ़कर अब 15 हो गई है। ये राज्य सालाना लगभग 2.46 लाख करोड़ रुपये 13 करोड़ से अधिक महिलाओं के खातों में भेज रहे हैं। हालांकि, विशेषज्ञों ने इस रेवड़ी संस्कृति के दुष्प्रभावों पर भी चिंता जताई है। आंकड़ों के अनुसार, झारखंड जैसा राज्य अपने ग्रामीण विकास बजट का 81 प्रतिशत हिस्सा नकद ट्रांसफर में खर्च कर रहा है। इसके चलते महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों को बुनियादी विकास कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण खर्चों में कटौती करनी पड़ रही है। कई विकास परियोजनाएं धन के अभाव में अधूरी पड़ी हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि केवल नकद योजनाओं के दम पर चुनाव जीतना हमेशा संभव नहीं होता। सीएसडीएस के निदेशक प्रो. संजय कुमार के अनुसार, अलग-अलग विचारधारा वाली पार्टियां एक ही फॉर्मूले पर चल रही हैं, लेकिन यह हमेशा सफल नहीं होता।



उदाहरण के तौर पर, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें भारी-भरकम नकद योजनाओं के बावजूद सत्ता बचाने में विफल रहीं। इसके उलट, मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना और कर्नाटक में गृह लक्ष्मी जैसी योजनाओं को गेमचेंजर माना गया। वर्तमान में चुनावी राज्यों में मुफ्त राशन, मुफ्त गैस सिलेंडर और बेरोजगारी भत्ते जैसे वादों की झड़ी लगी हुई है, जिसने मतदाताओं को लुभाने की जंग को और तेज कर दिया है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातु, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नन्द कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902